e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 91

# प्रभात मंत्र

बुधवार
03.04.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 I मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
समस्याओं से दूर ने भागें, समस्याओं का समाधान करना सीखें।




## क्विक न्यूज

### ट्राई ने राष्ट्रीय प्रसारण नीति तैयार करने के लिए हितधारकों की राय मांगी

**नई दिल्ली :** भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने मंगलवार को राष्ट्रीय प्रसारण नीति को तैयार करने के लिए उद्योग के विचार मांगे हैं और एक परामर्श पत्र जारी किया है। परामर्श पत्र में उठाए गए मुद्दों पर हितधारकों से 30 अप्रैल तक लिखित टिप्पणियां आमंत्रित की हैं। संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अनुसार हितधारकों से टिप्पणियां प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय प्रसारण नीति-2024 के गठन के लिए इनपुट पर यह परामर्श पत्र तैयार किया गया है और यह ट्राई की वेबसाइट पर रखा गया है। नीति तैयार करने के लिए इनपुट्स का उद्देश्य नई और उभरती प्रौद्योगिकियों के युग में देश में प्रसारण क्षेत्र के नियोजित विकास और वृद्धि के लिए विजन, मिशन, उद्देश्यों और रणनीतियों को निर्धारित करना है।इस परामर्श पत्र में भारत को एक 'वैश्विक कंटेंट हब' बनाने के उद्देश्य से प्रसारण क्षेत्र में प्रचलित संगत मुद्दों पर प्रकाश डाला गया है।

### कांग्रेस ने 17 उम्मीदवारों का किया एलान

**नई दिल्ली :** कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की एक और सूची जारी की है। इसके मुताबिक, वाईएस शर्मिला रेड्डी आंध्र प्रदेश के कडप्पा से, एमएम पल्लम राजू काकीनाडा से चुनाव लड़ेंगे। सूची में मोहम्मद जावेद को किशनगंज और तारिक अनवर को कटिहार से चुनावी मैदान में उतारा गया है। इससे पहले पार्टी ने बीते दिन महाराष्ट्र की अकोला और तेलंगाना की वारंगल लोकसभा सीट पर प्रत्याशियों का एलान किया था।इससे पहले सोमवार यानी 1 अप्रैल को कांग्रेस ने उम्मीदवारों की एक और सूची जारी की थी। सूची के मुताबिक, अभय काशीनाथ पाटिल महाराष्ट्र के अकोला से और कादियाम काव्या वारंगल, तेलंगाना से चुनाव लड़ेंगे। 26 मार्च को कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की सातवीं सूची जारी की थी। इसमें छत्तीसगढ़ की चार और तमिलनाडु की एक लोकसभा सीट के लिए उम्मीदवारों का एलान कर दिया गया था।

### शाहनवाज हुसैन ने मुसलमानों से पीएम मोदी पर भरोसा रखने की अपील की

**पटना :** बीजेपी के वरिष्ठ नेता सैयद शाहनवाज हुसैन ने मंगलवार को लोकसभा चुनाव के लिए उनकी पार्टी द्वारा वितरित किये गए टिकटों में मुसलमानों को पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं मिलने के सवाल को टालते हुए अल्पसंख्यक समुदाय से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के %सबका साथ, सबका विकास के आदर्श वाक्य पर विश्वास करने का आग्रह किया. पटना में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, संसद में अधिक मुसलमानों का होना उनके कल्याण की कोई गारंटी नहीं है. जब पी वी नरसिम्हा राव प्रधानमंत्री थे तो शायद लोकसभा और केंद्रीय मंत्रिमंडल में मुसलमानों का प्रतिनिधित्व सबसे ज्यादा था और उसी समय बाबरी मस्जिद ढहा दी गई थी.

### घर में लगी आग, दो बहनों की हुई मौत

**नई दिल्ली:** उत्तरी दिल्ली के व्यस्त सदर बाजार इलाके में एक आवासीय इमारत में आग लग जाने पर 14 और 12 वर्ष की आयु वाली दो बहनों की दम घुटने से मौत हो गयी. पुलिस ने यह जानकारी दी. अग्निशमन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, '' हमारे पास रात दो बजकर सात मिनट पर आग लग जाने के बारे में फोन आया . पांच दमकल गाड़ियां भेजी गयीं. आग एक घर में लगी थी. वहां दमकलकर्मियों ने कुछ लोगों को बचाया. हमने पुलिस को भी सूचना दी.पुलिस उपायुक्त (उत्तरी) मनोज कुमार मीणा ने बताया कि सदर बाजार थाने के अधिकारियों के पास आग लग जाने के बारे में फोन आया और वे जल्द ही मौके पर पहुंच गये. उन्होंने बताया कि सदर बाजार के चमेलियान रोड पर एक मकान आग की लपटों में घिरा था तथा चार दमकल गाड़ियों ने आग को काबू में लाया.

**रांची का तापमान**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 35° |
| न्युनतम | 20° |

**लोकसभा चुनाव 2024 : एक्शन मोड में भारत निर्वाचन आयोग**

# हटाए गए 8 डीएम व 12 एसपी



**ये तबादले बिहार, झारखंड, ओडिशा, असम और आंध्र प्रदेश में किए गए हैं। पहले खबर आई थी कि आयोग ने आंध्र प्रदेश में 3 कलेक्टर और 6 आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया है।**

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर चुनाव आयोग एक्शन मोड में आ चुका है। आयोग ने मंगलवार को बड़ा आदेश जारी करते हुए 5 राज्यों में 8 जिलाधिकारियों और 12 पुलिस अधिक्षकों का तबादला कर दिया है। ये तबादले बिहार, झारखंड, ओडिशा, असम और आंध्र प्रदेश में किए गए हैं। पहले खबर आई थी कि आयोग ने आंध्र प्रदेश में 3 कलेक्टर और 6 आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया है। हालांकि, शाम होते-होते ये आंकड़ा बढ़ने लगा और आयोग ने 5 राज्यों में कई अधिकारियों का तबादला कर दिया है।

### ओडिशा सरकार के 8 अधिकारियों का तबादला

चुनाव आयोग ने मंगलवार को ओडिशा सरकार के दो जिलाधिकारियों, पांच पुलिस अधीक्षकों और एक पुलिस महानिरीक्षक समेत आठ अधिकारियों का तबादला करने का आदेश जारी किया है। आयोग ने कटक और जगत सिंहपुर के डीएम, अंगुल, बेहरामपुर, खुर्दा और राउरकेला के एसपी और कटक के डीएसपी व आईजी सेंट्रल का तबादला किया है। अपने आदेश में कहा कि इन अधिकारियों का तबादला गैर-चुनाव संबंधी पदों के लिए किया जाएगा।

### बिहार व अन्य राज्यों में भी तबादले

चुनाव आयोग ने बिहार के भोजपुर और नवादा जिले के डीएम व एसपी, झारखंड के देवघर जिले के एसपी का तबादला किया है। इसके अलावा आंध्र प्रदेश में कृष्णा, अनंतपुरामु और तिरुपति जिले के डीएम को बदला गया है। इसके अलावा प्रकाशम, पालनाडु, चित्तुर, अनंतपुरामु और नेल्लोर के एसपी का तबादला किया है। इसके अलावा गुंटूर के आईजीपी का भी तबादला किया गया है।

### कोई चुनावी ड्यूटी नहीं मिलेगी

अधिकारियों के ट्रांसफर का ये फैसला मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की अध्यक्षता में ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू की नियमित समीक्षा बैठक में किया गया है। आयोग के निर्देश के तहत सभी स्थानांतरित अधिकारियों को उन्हें अपना काम जूनियर अधिकारियों को सौंपने के लिए कहा गया है। इन अधिकारियों को आम चुनाव 2024 के पूरा होने तक कोई चुनावी ड्यूटी नहीं सौंपी जाएगी। संबंधित राज्य सरकारों को आयोग को आईएएस और आईपीएस अधिकारियों के नामों का एक पैनल भेजने का निर्देश भी दिया गया है।

## देवघर के एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग भी हटाए गए



**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**रांची:** भारत निर्वाचन आयोग ने देवघर एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग पर कार्रवाई करते हुए इन्हें हटाने का आदेश दिया है. चुनाव आयोग के द्वारा यह निर्णय गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे के द्वारा की गई लिखित शिकायत के बाद की गई है.भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा राज्य सरकार से देवघर एसपी के लिए पैनल भेजने को कहा गया था, जिसे आयोग को भेज दिया गया है.

संभावना जताई जा रही है कि देवघर के नए एसपी के नाम पर मुहर लग जाएगी. चुनाव आयोग से मिली जानकारी के मुताबिक राज्य सरकार के द्वारा तीन नाम के पैनल आयोग को भेजा गया है. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के अनुसार भारत निर्वाचन आयोग के समक्ष यह मामला है. गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ जसीडीह थाना में 28 मार्च को आरोपी शिवदत्त शर्मा के द्वारा प्राथमिक की दर्ज कराई गई थी. प्राथमिकी दर्ज करने वाले शिवदत्त शर्मा तीन मामलों में पुलिस की नजर में फरार चल रहे हैं. निशिकांत दुबे ने इसकी शिकायत भारत निर्वाचन आयोग से यह कहते हुए की थी कि एक फरार आरोपी कैसे थाना पहुंचकर प्राथमिकी दर्ज करवा सकता है.इसे ध्यान में रखते हुए भारत निर्वाचन आयोग ने यह कार्रवाई की है. गौरतलब है कि राज्य में चार चरणों में लोकसभा चुनाव संपन्न होने हैं इसको लेकर भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा आचार संहिता संबंधित विस्तृत दिशा निर्देश पहले से ही जारी किए जा चुके हैं. मगर जिस तरह से भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा यह कार्रवाई की गई है.

उससे साफ लगता है कि चुनाव के दौरान किसी तरह की लापरवाही बरतने वाले अधिकारी पर चुनाव आयोग एक्शन लेने में कोई परहेज नहीं करेगा.

## आप सांसद संजय सिंह को शराब घोटाले में मिली जमानत

* ट्रायल चलने तक अब ईडी नहीं कर सकेगी गिरफ्तार



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को जमानत मिल गई है. सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की बेंच ने उन्हें जमानत दी है. वह दिल्ली शराब नीति से संबंधित घोटाला केस में 6 महीने से जेल में थे. कोर्ट के फैसले के मुताबिक, संजय सिंह राजनीतिक गतिविधियों में भी हिस्सा ले सकेंगे.सुप्रीम कोर्ट में तीन जजों संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति पीबी वराले की बेंच मामले की सुनवाई कर रही थी. बेंच ने ईडी से पूछा था कि आखिर संजय सिंह को अब भी जेल में रखने की जरूरत क्यों है? कोर्ट को संजय सिंह के वकील ने बताया था कि मनी लॉन्ड्रिंग की पुष्टि नहीं हुई है और मनी ट्रेल का भी पता नहीं चला है. इसके बावजूद संजय सिंह 6 महीने से जेल में हैं. सुप्रीम कोर्ट मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अपनी गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती देने वाली आप सांसद की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही थी. सुप्रीम कोर्ट बेंच ने आप सांसद के वकील की दलील पर यह रिकॉर्ड किया कि संजय सिंह के कब्जे से कोई पैसा बरामद नहीं हुआ और उन पर दो करोड़ रुपये रिश्वत लेने के आरोपों की जांच की जा सकती है.

**सुप्रीम कोर्ट मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अपनी गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती देने वाली आप सांसद की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही थी. सुप्रीम कोर्ट बेंच ने आप सांसद के वकील की दलील पर यह रिकॉर्ड किया कि संजय सिंह के कब्जे से कोई पैसा बरामद नहीं हुआ और उन पर दो करोड़ रुपये रिश्वत लेने के आरोपों की जांच की जा सकती है.**

संजय सिंह को ईडी ने पिछले साल 4 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था. हाई कोर्ट में ईडी ने आप सांसद की जमानत याचिका पर विरोध किया था. संजय सिंह ने इस आधार पर जमानत मांगी थी कि वह तीन महीने से अधिक समय से हिरासत में हैं और इस अपराध में उनकी कोई भूमिका नहीं बताई गई है.

## रांची में सड़क जाम पर हाई कोर्ट ने जाहिर की नाराजगी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड हाईकोर्ट ने रांची में सड़क जाम और ट्रैफिक के खराब सिस्टम पर नाराजगी जाहिर की है. मंगलवार को एक पीआईएल पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने पुलिस और रांची नगर निगम की भूमिका पर सवाल खड़े किए हैं और इस मामले में जवाब देने के लिए रांची के ट्रैफिक एसपी को बुधवार को सशरीर उपस्थित होने को कहा है.अदालत ने रांची नगर निगम के अधिवक्ता से जानना चाहा कि शहर में जाम की समस्या क्यों बनी रहती है? ट्रैफिक सिग्नल खराब क्यों हैं? मेन रोड, कोकर एवं अन्य जगहों पर मल्टी स्टोरी पार्किंग की व्यवस्था अब तक क्यों नहीं की गई? ट्रैफिक रूल्स का उल्लंघन करने वाले चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस क्यों नहीं सस्पेंड किए जाते हैं? इसपर रांची नगर निगम की ओर से बताया गया कि पहले की तुलना में ट्रैफिक सिस्टम बेहतर हुआ है और ट्रैफिक रूल्स का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माने की रकम भी बढ़ाई गई है. शहर में फ्लाईओवर का निर्माण कार्य चल रहा है. इस वजह से जाम की समस्या रहती है. दिसंबर 2024 तक फ्लाईओवर का काम पूरा होने के बाद लोगों को जाम की समस्या से निजात मिलेगी. कोर्ट ने नगर निगम के जवाब पर असंतुष्टि जाहिर की और ट्रैफिक एसपी को इन सवालों पर जवाब बुधवार को देने को कहा है.

### भाजपा छोड़कर राजद में शामिल हुए गिरिनाथ सिंह

**रांची :** भाजपा छोड़कर गिरिनाथ सिंह एक बार फिर राजद में लौट गये हैं. पटना स्थित राजद कार्यालय में उन्होंने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की. राजद के बिहार प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने उनका पार्टी में स्वागत किया. माना जा रहा है कि चतरा संसदीय सीट से पार्टी उन्हें अपना उम्मीदवार बना सकती है. 30 मार्च को गिरिनाथ सिंह ने लालू यादव से राबड़ी आवास पर मुलाकात की थी. इसके बाद से चर्चा थी कि वो राजद में वापसी करेंगे. चर्चा यह भी है कि राजद उन्हें चतरा लोकसभा से चुनाव लड़ा सकती है. गिरिनाथ सिंह गढ़वा से चार बार विधायक रह चुके हैं. झारखंड राजद के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं. भाजपा नेताओं से संपर्क रखने की खबरों और उसका खंडन नहीं करने पर राजद ने उन्हें पार्टी से छह साल के लिए निलंबित कर दिया था. जिसके बाद गिरिनाथ ने 25 मार्च 2019 को राजद से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हो गये थे. निर्मला सीतारमण ने गिरिनाथ सिंह को भाजपा की सदस्यता दिलाई थी.

## बीजापुर में 9 नक्सली ढेर

**पुलिस ने बताया कि सोमवार की रात डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा व सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टी सर्च अभियान के लिए गंगालूर इलाके में रवाना हुई थी। अभियान के दौरान मंगलवार की सुबह 6 बजे के करीब गंगालूर थाना क्षेत्र के लेंड्रा के जंगल में पुलिस की नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हो गई।**



एजेंसी

**बीजापुर :** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में मंगलवार की सुबह सुरक्षाबल के जवानों को बड़ी कामयाबी मिली। गंगालूर इलाके में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में जवानों ने अब तक नौ नक्सलियों को मार गिराया है। वहीं घटना स्थल से एलएमजी, लांचर और भारी मात्रा में नक्सलियों का सामान बरामद हुआ है। खबर है कि मौके से कई अत्याधुनिक हथियार बरामद हुए हैं। पुलिस ने बताया कि सोमवार की रात डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा व सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टी सर्च अभियान के लिए गंगालूर इलाके में रवाना हुई थी। अभियान के दौरान मंगलवार की सुबह 6 बजे के करीब गंगालूर थाना क्षेत्र के लेंड्रा के जंगल में पुलिस की नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हो गई।

शुरूआत में इस मुठभेड़ के दौरान पुलिस जवानों ने चार नक्सलियों को मार गिराया। मौके से जवानों ने नक्सलियों के शव सहित एक एलएमजी, आटोमेटिक हथियार, बीजीएल लांचर व भारी मात्रा में हथियार तथा गोला बारूद दैनिक उपयोग की सामग्री जब्त की। पुलिस ने दावा किया है कि मुठभेड़ में कई नक्सली घायल भी हुए हैं। इलाके में सर्चिंग अभियान जारी है। दोपहर तक मरने वाले नक्सलियों की संख्या नौ पहुंच गई है।जवानों ने मुठभेड़ में मारे गए सभी नक्सलियों के शव बरामद कर लिए हैं और उन्हें बीजापुर मुख्यालय लाया गया. बताया जा रहा है कि मारे गए सभी नक्सली माओवादी संगठन के पीएलजीए के सदस्य हैं, जिनकी गिनती बड़े कैडर के नक्सलियों होती है. मारे गए नक्सलियों में से कुछ पर लाखों रुपये का ईनाम भी घोषित है.

## झारखंड की सभी 14 सीट जीतने के लिए एनडीए ने किया मंथन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** लोकसभा चुनाव में झारखंड की सभी 14 सीट जीतने के लिए एनडीए ने मंथन किया. बीजेपी प्रदेश कार्यालय में हुई बैठक में एक तरफ जहां टिकट बंटवारा को लेकर नाराज चल रहे पार्टी नेताओं की नाराजगी दूर करने की कोशिश की गई, वहीं एनडीए की एकजुटता और चुनावी रणनीति पर विचार किया गया. बैठक में बीजेपी और आजसू के नेता मौजूद रहे.



बैठक में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र जी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, अर्जुन मुंडा, दीपक प्रकाश, वीडी राम, रवींद्र राय, संजय सेठ, अनंत ओझा, गीता कोड़ा, सीता सोरेन, ढुल्लू महतो, सुनील सिंह, पीएन सिंह, सुदर्शन भगत, अमित मंडल समेत कई वरिष्ठ नेता हैं. आजसू की ओर से पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो और विधायक लंबोदर महतो उपस्थित थे. बैठक में हालांकि निशिकांत दुबे, मनीष जायसवाल, सुनील सोरेन अनुपस्थित रहे.

राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा है कि पार्टी के अंदर प्रत्याशी के चयन को लेकर कोई भी नाराजगी नहीं है. झारखंड की सभी 14 सीटों को जीतने के लिए रणनीति बनाने के उद्देश्य से बैठक काफी महत्वपूर्ण रही. घमंडियां गठबंधन को इस चुनाव में हम कैसे हराएं इसको लेकर रणनीति बनाई गई.

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की राष्ट्रपति के साथ की तस्वीर को लेकर विपक्ष के वही लोग सवाल उठा रहे हैं जिन्होंने आदिवासियों को सिर्फ और सिर्फ वोट बैंक माना और राष्ट्रपति के चुनाव में आदिवासी को वोट देने के बजाय यशवंत सिन्हा को वोट देने का काम किया.

### बीजेपी ने ओडिशा विस चुनाव के लिए 112 उम्मीदवारों का किया ऐलान

**नई दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को आगामी ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए 112 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी. पार्टी ने अपने 22 मौजूदा विधायकों में से 21 पर फिर से भरोसा जताते हुए उन्हें उम्मीदवार बनाया है. भाजपा का टिकट नहीं पाने वाले एकमात्र विधायक पुरी जिले के ब्रह्मगिरि से ललितेंदु विद्याधर महापात्रा हैं. महापात्रा की भतीजी उपासना महापात्रा को ब्रह्मगिरी विधानसभा सीट से टिकट मिला है. मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के खिलाफ हिंजली विधानसभा सीट से शिशिर मिश्रा को मैदान में उतारा गया है.

### ईडी ने महुआ मोइत्रा पर दर्ज किया मनी लॉन्ड्रिंग का केस

**नई दिल्ली (एजेंसी):** टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा की मुश्किलें बढ़ती जा रहा है. कैश फॉर क्वेरी मामले में ईडी ने उनके खिलाफ केस दर्ज कर लिया है. ईडी की तरफ से टीएमसी नेता के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया गया है. गौरतलब है कि इस मामले में लोकपाल के आदेश के बाद केंद्रीय जांच ब्यूरो पहले से ही जांच कर रही है. लोकपाल ने सीबीआई को छह महीने में रिपोर्ट सौंपने का भी निर्देश दिया था.

दिल का हाल सुने दिल वाला....
रोग नहीं, रोकथाम जरूरी
हार्ट अटैक कभी बोल कर नहीं आता ! सीने के दर्द को गैस न समझे।
यदि आपकी उम्र 40 वर्ष से अधिक है, थकान, घबराहट, सीने में दर्द, साँस फूलना, चक्कर, उच्च रक्तचाप या मधुमेह हो तो एक बार हृदय विशेषज्ञों से मिलने में हर्ज़ ही क्या है?
78083 68888 www.asarfihospital.com
असर्फी हॉस्पीटल,धनबाद

**संक्षिप्त खबरें**

## थाना प्रभारी ने अवैध शराब के विरुद्ध किया सघन जांच

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भवनाथपुर :** थाना क्षेत्र के मंगरदह गांव में सोमवार को देर शाम थाना प्रभारी कृष्ण कुमार के नेतृत्व में अवैध शराब के विरुद्ध सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत विभिन्न घरों से 750 किलो जावा महुआ नष्ट किया गया साथ ही 40 लिटर महुआ शराब भी जब्त किया गया। हालांकि पुलिस को देखते हुए शराब बनाने वाले भाग खड़े हुए। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए भवनाथपुर थाना क्षेत्र के अन्दर अवैध शराब बनाने वाले के विरुद्ध कार्रवाई किया जा रहा है।इसी कारवाई के तहत मंगरदह गांव में भी कारवाई किया गया है। संचालक भागने में सफल रहे हैं। पुलिस ने अज्ञात शराब बनाने वाले के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान कर रहीं हैं।

**संत मरियम स्कूल का घोषित हुआ वार्षिक परीक्षा का परिणाम**

## अपने बच्चों का रिजल्ट देखकर काफी खुश हुए अभिभावक : अविनाश देव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** मंगलवार को संत मरियम स्कूल के कजरी परिसर में कजरी और नवाहता प्रांगण का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। वास्तव में विद्यार्थियों के पूरे वर्ष के अथक परिश्रम और अभिभावकों की उम्मीद अपने बच्चो के वार्षिक परीक्षा में संलग्न होता है। छात्रों का बेहतर परिणाम ही अभिभावकों की कुल जमा पूंजी होती है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालय के परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा, जिससे कि बच्चे एवं अभिभावक काफी उत्साहित नजर आए। विदित है कि जिस तरह विभिन्न आयु वर्ग व धर्म के लोग अपना नव वर्ष का उत्सव अलग-अलग समय पर मनाते हैं, उसी प्रकार विद्यालय परिवार व विद्यालय में अध्यनरत बच्चे नव वर्ष का उत्सव तब मनाते हैं, जब वह वार्षिक परीक्षा का परिणाम पत्र प्राप्त कर नए सत्र में नई ऊर्जा व उत्साह के साथ नए सिरे से शिक्षा ग्रहण करने की शुरुआत करते हैं। मौके पर चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि आज के परिणाम से सभी अभिभावक संतुष्ट दिखे। विद्यालय प्रबंधन छात्रों के शैक्षणिक और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता हेतु कटिबद्ध है। इस नए सत्र में हम सभी और बेहतरी का प्रयास करेगें। मौके पर प्राचार्य कुमार आदर्श, उप प्रधानाचार्य एसबी साहा, संगीत शिक्षक श्याम किशोर पांडेय, दीपक कुमार, समेत सभी शिक्षक मौजूद रहे।

## विवेकानंद पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** आरापुर महुंगायी स्थित विवेकानंद पब्लिक स्कूल का पहला वर्षगांठ मंगलवार को समारोह पूर्वक मनाया गया। समारोह का उद्घाटन स्कूल के निदेशक ऋतुराज मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर किया.उन्होंने कहा कि विश्रामपुर और नावा बाजार प्रखंड के सीमांत क्षेत्र में स्कूल का संचालन काफी चुनौतीपूर्ण था.शिक्षा का अलख जगाने हेतु हमने यह चुनौती स्वीकार की। क्योंकि शिक्षा हमारे लिए व्यवसाय नहीं है.हमारा उद्देश्य तो कम शुल्क में बच्चों को अनुशासन और संस्कार पूर्ण शिक्षा देना है। श्री मिश्रा ने कहा कि शिक्षा विकाश का मूल मंत्र है.शिक्षा के बगैर विकाश की कल्पना करना भी बेमानी है.समारोह में वार्षिक परीक्षा परिणाम भी घोषित किया गया.कक्षा चार का गुप्तनाथ कुमार स्कूल टॉपर बना.स्कूल प्रबंधन द्वारा सभी वर्ग के टॉपरों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया.इस दौरान स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। बच्चों ने गीत, नृत्य,नाटक,भाषण आदि प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। मौके पर तृप्ति मिश्रा, शिक्षक दिलीप कुमार, नितीश कुमार, रागनी कुमारी, सीता देबी, नेहा बर्मा, शालू कुमारी, पूजा कुमारी, अभिषेक कुमार, रीता देवी, बीरेंद्र कुमार, मुकलेश यादव, दिलवर सिंह, अभिजीत कुमार, बिट्टू कुमार, टिंकू कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## ग्रामीण पुलिस कलाम अंसारी के आवास पर दावत-ए-इफ्तार का किया गया आयोजन



**बंशीधर नगर( प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के बम्बा ग्राम निवासी ग्रामीण पुलिस कलाम अंसारी के आवास पर दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया. दावत ए इफ्तार में बड़ी संख्या में रोजेदार शामिल हुये. दावते ए इफ्तार पार्टी के बाद रोजेदारों ने नमाज अदा कर देश और दुनिया में अमनचैन व खुशहाली की दुआ मांगी. ग्रामीण पुलिस कलाम अंसारी ने कहा कि रोजेदारों को इफ्तार कराना बहुत ही नेक काम है.सामूहिक इफ्तार से आपसी प्रेम व भाईचारा बढ़ता है। गरीब व अमीर बिना भेदभाव एक-दूसरे के साथ रोजा खोलते हैं.इस माह में की गई नेकियों का सवाब अल्लाह जरूर देता है। मौके पर हाजी जमाल साहब, हाफ़िज अब्दुल हकीम, सदर मुश्ताक अहमद शेख़, शमीम अख्तर, डॉ रिजवान अहमद, मकबूल अहमद, रउफ अंसारी, तौहिद आलम, हाफ़िज, डॉ साहिद अंसारी, साबिद अंसारी, गुलाम हुसैन, उमर फारूख, इम्तियाज अंसारी, इंतजार, असलम, मोबिन, सहित बड़ी संख्या में रोजेदार उपस्थित थे।

## बीआरपी-सीआरपी की बैठक श्रीकांत चौबे की अध्यक्षता में हुई संपन्न



**बंशीधर नगर( प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड संसाधन केन्द्र अधौरा में सोमवार को बीआरपी- सीआरपी की बैठक बीआरपी श्रीकांत चौबे की अध्यक्षता में संपन्न हुई. बैठक में बीआरपी श्रीकांत चौबे ने विभागीय कार्यों की समीक्षा के बाद आवश्यक दिशा निर्देश दिया.बैठक में श्री चौबे ने कहा शैक्षणिक सत्र 2023-24 का कक्षा 1 से 7 के विद्यार्थियों का वार्षिक योगात्मक मूल्यांकन एस ए 2 परीक्षा का आयोजन 2 अप्रैल से होना है. यह परीक्षा दो पालियों में सुबह 9.30 बजे से - 2.30 बजे तक निर्धारित की गई है. समयानुसार ही सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक परीक्षा लेना सुनिश्चित करेंगे. कक्षा एक की परीक्षा मौखिक होगी.कक्षा 2 की परीक्षा मौखिक तथा लिखित ली जायेगी. कक्षा 3 से 7 के विद्यार्थियों के लिये प्रश्न पत्र वस्तुनिष्ठ, लघुउत्तरीय, तथा दीर्घ उत्तरीय होंगे. कक्षा 1 से 5 तक के प्रत्येक विषय के लिए 60 अंक निर्धारित हैं.कक्षा 6 से 7 तक के विद्यार्थियों के लिए प्रत्येक विषय के लिए 60 अंक निर्धारित है, लेकिन समाजिक विज्ञान, गणित, विज्ञान के लिए 50 अंक का ही लिखित परीक्षा ली जायेगी. 10 अंक प्रोजेक्ट कार्य के लिए होंगे. 40 अंक आंतरिक मूल्यांकन के आधार पर दिया जायेगा.इस प्रकार दोनों को मिलाकर कुल 100 अंक होंगे. प्रोजेक्ट रेल के तहत दिसम्बर 2023 से मार्च 2024 तक लिये गये सबंधित विषयों के औसत अंक आंतरिक मूल्यांकन का आधार माना जायेगा. उन्होंने कहा कि कुछ विद्यालयों के प्रधानाध्यापक द्वारा सूचना दी है गई है कि प्रश्न पत्र कम उपलब्ध हुए है.उन्होंने कहा कि प्रश्न पत्र कम होने की सूचना उच्चाधिकारियों को दे दी गई है. उन्होंने कहा कि एस ए-2 का मूल्यांकन कार्य सीआरसी स्तर पर किया जायेगा. उन्होंने कहा कि विभागीय निर्देशों का पालन करते हुए आगामी 30 अप्रैल तक विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य व अभिभावकों की उपस्थिति में वार्षिक परीक्षा फल( रिपोर्ट कार्ड) का वितरण किया जायेगा. बैठक में बीआरपी प्रकाश कुमार सिंह, सीआरपी संजय कुमार सिंह, प्रशांत कुमार देव, शोभा पांडेय, सुबोध कुमार, शक्तिदास प्रसाद सिन्हा, लेखपाल चंदन कुमार सहित सभी सीआरपी उपस्थित थे।

## पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा फल का किया गया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरौंधी :** प्रखंड अंतर्गत अंबालिका एजुकेशन एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित एपीएडी पब्लिक स्कूल चौरियां में वार्षिक परीक्षा फल का वितरण कर प्रथम, द्वितीय, तृतीय सभी वर्ग के छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर मनोबल को बढ़ाया गया व अन्य को संतावना पुरस्कार दिया गया। परीक्षा वितरण विद्यालय के प्रधानाध्यापक शिवकुमार चौधरी ने किया।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह परीक्षा फल सत्र 2023- 24 का है। इस परीक्षा उसका पूरे वर्ष का फल है। इसे बच्चों में एक दूसरे के प्रति घृणा, द्वेश का भावना नहीं रखनी चाहिए। आने वाला समय में एक-एक विद्यार्थी ज्यादा से ज्यादा अंक लाकर विद्यालय, गांव, राज्य सहित अपने देश का नाम रौशन करें। इस विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी प्रदान किए जाते हैं। हमारे जीवन में शिक्षा का महत्वपूर्ण स्थान है। शिक्षा के बिना जीवन अधूरा होता है। इसलिए हर व्यक्ति को हर हाल में शिक्षा प्राप्त करनी चाहिए। वही अभिभावक सह समाजसेवी विजय शाह ने बच्चों को नए वर्ग में प्रोन्नति होने पर बधाई देते हुए कहा कि परीक्षा फल का उद्देश्य आत्म मूल्यांकन है। इससे प्रेरणा लेकर दिन प्रतिदिन सुधार की प्रक्रिया में अग्रसर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन छात्रों की परीक्षा फल अच्छा रहा है। वह नए सत्र में उसे और अच्छा करने का प्रयास करेंगे। मौके पर शिक्षक रोहित कुमार, पंकज विश्वकर्मा, पप्पू शाह, शिक्षा का चंचला कुमारी, रीमा कुमारी, पूजा कुमारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। इस परीक्षा फल कार्यक्रम का कुशल संचालन विद्यालय निदेशक डी कुमार ने किया।

## कामरेड विनोद मकबूल की शहादत बेकार नहीं जाएगा : कमेश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीलांबर पितांबरपुर :** भाकपा माले नीलांबर पितांबरपुर प्रखंड कमेटी ने शहीद विनोद और मकबूल का शहादत दिवस रामसागर में एक मिनट का मौन रखकर मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता शिव महतो व संचालन रीना देवी ने किया। साथ ही शहीद मकबूल और बिनोद की स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया गया। कमेश सिंह चेरो ने कहा कि कॉमरेड विनोद और मकबूल की हत्या सामंती ताकतों की साजिश के तहत 1997 में कर दी गई थी उस समय कामरेड विनोद मकबूल युवा थे और पार्टी के विचारधारा से मजबूत हो चुके थे भूमि संघर्ष का नेतृत्व कर रहे थे शोषन दमन के खिलाफ जुझारू रूप से लड़ रहे थे और इसी अकबाकाहट में सामंती ताकतों ने कॉमरेड विनोद मकबूल की हत्या किया था कामरेड विनोद मकबूल कोई व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचारधारा थे उभरता हुआ नौजवान थे उन्होंने कहा कि भाजपा के शासनकाल में सामंती ताकतों का मनोबल बढ़ा हुआ है कई जगह गरीब की जमीन पर नजर गडाकर कब्जा कर रहे हैं और कब्जा करने के फिराक में है उन्होंने कहा कि भाकपा माले महंगाई लूट भ्रष्टाचार के खिलाफ हर समय संघर्ष किया है और संघर्ष करता रहेगा उन्होंने कहा की विनोद मकबूल की सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगा शोषण दमन महंगाई भ्रष्टाचार के खिलाफ समानता की अधिकार के लिए संघर्ष करना होगा तब उनकी शहादत बेकार नहीं जाएगा।

## जेएसएलपीएस संगठन कार्यालय में बदलाव मंच मीटिंग का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** जेएसएलपीएस चितविश्राम व नरही क्लस्टर मगरदह ग्राम स्थित ग्राम संगठन कार्यालय में बदलाव मंच मीटिंग का आयोजन किया गया. इस अवसर पर जीसीआरपी अस्तरुन निशा के द्वारा महिला स्वयं सहायता समूह के महिलाओं को अपना मतदान देने पर विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया.उन्होंने कहा कि हम सभी भारत के नागरिक है और वोट हमारा अधिकार है. अपनी सरकार खुद चयन कर बनाने का हमे अधिकार है .बदलाव मंच मीटिंग के समापन के बाद महिला स्वयं सहायता समूह महिलाओं द्वारा रैली निकाला गया.रैली ग्राम संगठन कार्यालय से निकलकर आंगनबाड़ी केंद्र, मेन रोड होते हुए पुनः ग्राम संगठन कार्यालय आकर समाप्त किया गया. रैली में शामिल महिलाये- घर-घर में संदेश दो- वोट दो वोट दो, सारे काम छोड़ दो- सबसे पहले वोट दो,बनो देश के भाग्य विधाता -अब जागो प्यारे मतदाता, न दारू से न नोट से जिंदगी बदलेंगी वोट से सहित अन्य नारे लगा रहे थे.मौके पर ममता देवी, गीता देवी, आरती सिंह, रूबी देवी, सुमन देवी, किरण देवी, दुर्गावती देवी, राधिका देवी, रंभा देवी, मनीता देवी, मीना देवी सहित अन्य महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थे।

## शिरोमणि वीर बाबा चौहरमल जयंती के अवसर पर दोगोला चार अप्रैल को



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** शिरोमणि वीर बाबा चौहरमल जयंती के अवसर पर चार अप्रैल को नगर पंचायत के अंतर्गत गम्हरिया गांव स्थित वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति के तत्वाधान में दोगोला सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन 4 अप्रैल को सुबह 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुख्य कलाकार विनय बिहारी झारखंड वनाम सिकेन्द्र तुफान बिहार कलाकार के द्वारा जोरदार मुकाबला होगा यह कार्यक्रम की जानकारी पुजा कमिटी के अध्यक्ष विकास संह समाजसेवी विकास कुमार पासवान ने जानकारी दी मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष विकास कुमार पासवान ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वीर बाबा चौहरमल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित माल्यार्पण के साथ जयंती समारोह धूमधाम एवं हर्षोल्लास साथ मनाया जाएगा।

## भंडार पंचायत में जल नल योजना से वंचित है ग्रामीण जनता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर (पलामू) :** जिला स्थित प्रखंड बिश्रामपुर के भंडार पंचायत कई जगहों पर सरकारी मद से जल योजना के तहत पंचायत में डीप बोर कर पाइप के द्वारा हर घर को पीने का पानी देना था, इस जल नल की व्यवस्था से ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले जनता के लिए पानी की समस्या से कुछ निजात मिली थी, वही कही कहीं पाइप का घर तक कनेक्शन कर छोड़ दिया गया है। जिससे ग्रामीण जनता काफी परेशान है कुछ लोग यह डीप बोर अपना पर्सनल जमीन में खुदवाये हैं, जो अपना हुकूमत चलाते हुए समय पर जनता के बीच पानी पहुंचाने में बाधक बनते हैं ऐसे लोगों को चिन्हित कर सरकार की ओर से कड़ी से कड़ी करवाई होनी चाहिए जिससे आम जनता को कोई कठिनाई नहीं हो, वही पंचायत भंडार के निवासी छठू पांडे का कहना है यह डीप बोर हमारे दरवाजे पर 75 फीट तक ही की गई है, एवं केसीग पाइप 30 फीट ही डाला गया है मिस्त्री से पूछने पर बताया गया बोर भर चुका है इसलिए ज्यादा केसिंग पाइप नहीं डाला जा सकता, मिस्त्री के द्वारा बताया गया इसे हम लोग जल्द ही सफाई करेंगे और लोगों के घर तक पाइप के द्वारा पानी उपलब्ध करा दिया जाएगा, पर ऐसा आज तक हुआ नहीं श्री पांडे ने प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं संबंधित जिला पदाधिकारी से इस मामला को संज्ञान में लेते हुए जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है जिससे आम जनता को जल नल योजना से लाभ मिल सके।

## धुरकी पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध विभिन्न गांवो में चलाया छापामारी अभियान



**धुरकी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पुलिस अधीक्षक गढ़वा के निर्देश पर थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार के नेतृत्व में धुरकी पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में छापामारी अभियान चलाया, इस छापामारी अभियान में लगभग 5 क्विंटल जावा महुआ को नष्ट करने में पुलिस सफलता मिली है, तथा अवैध शराब बनाने में प्रयोग किए गए सामग्री को भी धवस्त किया है, वही लगभग 60 लीटर महुआ शराब को जब्त करते हुए थाना क्षेत्र अंतर्गत रक्सी गांव निवासी रामाधार प्रजापति के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए पुलिस अनुसंधान में जुट गई है, थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने कहा की थाना क्षेत्र में अवैध कारोबार नही चलने दिया जायेगा छापामारी अभियान में एएसआई शैलेंद्र कुमार यादव, संजय कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस बल मौजूद थे इधर आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन पूरी तरीके से सक्रिय है, लगातार क्षेत्र में छापामारी अभियान चलाकर अवैध कार्यों पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन कटिबद्ध दिख रही है!

## लेस्लीगंज में लगा गंदगी का अंबार, राहगीर हो रहे हैं परेशान



**प्रेम कुमार @ प्रभात मंत्र**

**मेदिनीनगर :** स्वच्छ भारत-स्वस्थ प्रधानमंत्री का एक सपना है। जिसके मद्देनजर भारत के सभी जगह को स्वच्छ रखना है। किंतु प्रधानमंत्री की यह बात सपना ही दिख रहा है। मामला पलामू जिले के नीलांबर पीतांबरपूर प्रखंड मुख्यालय का है। जहां प्रखंड मुख्यालय के लेस्लीगंज में गंदगी का अंबार लगा हुआ है।लेस्लीगंज का छठ घाट तालाब जहां अभी चैती छठ आने को है। किंतु सालों से यहां गंदगी का अंबार लगा हुआ है। हालांकि छठ में 1 दिन के लिए साफ सफाई की जाती है।प्रखंड मुख्यालय लेस्लीगंज के छठ तालाब के पास गंदगी का अंबार लगा हुआ है तो वहीं दूसरी ओर दो-दो शौचालय भवन है। जहां भवन का दरवाजा जरूरत के अनुसार लोग निकाल कर लेकर चले गए हैं। ऐसे में राहगीर जो रास्ते से गुजरते हैं उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। शौचालय का दरवाजा न होने से महिलाएं जो इस रास्ते से गुजरती है उन्हें भी कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। राहगीरों का कहना है कि यह बीमारी का घर है। जो कई वर्षो से लगा हुआ है। जनप्रतिनिधियों सहित कई समाजसेवी इस प्रखंड में हैं लेकिन इस पर किसी का कोई ध्यान नहीं है। दो-दो शौचालय होने के बाद भी गंदगी का अंबार होना कहीं ना कहीं इस बात को दर्शाता है कि जेब भरने के लिए शौचालय का निर्माण कराया गया है। क्योंकि इसकी देखरेख करने वाला कोई नहीं। ऐसे में जरूरत है जनप्रतिनिधियों सहित समाजसेवियों को इस पर कुछ करने की जरूरत है। प्रखंड मुख्यालय को स्वच्छ बनाने की जब प्रखंड मुख्यालय स्वच्छ रहेगी तब यह बात कहीं जा सकती है कि स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत सफल हो रही है।

## रामनवमी पर्व को लेकर श्रीराम सेना कमेटी के सदस्यों की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** रामनवमी पर्व धूमधाम से मनाने को लेकर शहर के बस स्टैंड स्थित राधा कृष्ण मंदिर परिसर में सोमवार की शाम श्रीराम सेना कमेटी के सदस्यों की बैठक संपन्न हुई।बैठक में रामनवमी पूजा को लेकर चर्चा किया गया।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि रामनवमी पूजा धूमधाम से मनाया जायेगा। इस बार पूजा को यादगार बनाने के लिए उपस्थित लोगों ने अपने-अपने सुझाव दिये। बैठक में विगत वर्ष का आय-व्यय प्रस्तुत किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से श्रीराम सेना कमिटी का पुनर्गठन किया गया। सर्वसम्मति से रजनीकांत मधुर उर्फ भोलू को लगातार छठी बार अध्यक्ष बनाया गया, सचिव ऋतुराज जायसवाल, उपाध्यक्ष नित्यानंद कुमार को तथा कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार गुप्ता को बनाया गया। मुख्य संरक्षक पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा को बनाया गया, जबकि संरक्षक डॉ धर्मचंद्र लाल अग्रवाल, भारत भूषण प्रसाद, अशोक जायसवाल,धीरेंद्र चौबे, मुक्तेश्वर पांडेय, कामेश्वर प्रसाद, राकेश जायसवाल बबलू, पूर्व मुखिया अजय प्रसाद, चैंबर अध्यक्ष शंभुनाथ सौदागर, गोपाल प्रसाद जायसवाल, हृदयानंद कमलापुरी, ओम प्रकाश गुप्ता,प्रताप जयसवाल, आशीष लाल अग्रवाल, संजय कांस्यकर, कमलेश मेहता, आनंद लाल अग्रवाल, रूपेश कुमार पप्पू, बिरेन्द्र अग्रहरि, संजीत कुमार छोटू, आनंद जायसवाल, अमित कुमार गुड्डु, अनूप निराला, नीरज जायसवाल, रवि प्रकाश बबलू, मिक्की जायसवाल, विकास कुमार शालू, विनोद कांस्यकर, मिंटू कुमार, उमेश कुमार चाहत, सदस्य शिवम कुमार, सूरज कुमार, अनिल मेहता, अनीश कुमार, आशीष कुमार गुप्ता, बंटी केशरी, आशीष कुमार,उज्ज्वल रंजन सहित अन्य का नाम शामिल है। बैठक में कार्यक्रम की सफलता के लिये संगठन के सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेवारी दी गई। बैठक में पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि श्री बंशीधर नगर क्षेत्र में प्रतिवर्ष रामनवमी पर्व का भव्य आयोजन होता है।इस वर्ष भी रामनवमी पर्व पर विशेष आयोजन होगा।उन्होंने बताया कि 500 वर्षो के संघर्ष के उपरांत राम मंदिर बना है।प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार रामनवमी है,इसलिये जनमानस में उत्साह का वातावरण है।पूर्व विधायक ने अनुमंडल वासियों से आगामी चुनाव के मद्देनजर आचार संहिता का ख्याल रखते हुए आपसी भाईचारे व शांतिपूर्ण तरीके से रामनवमी पर्व मनाने का आग्रह किया।श्री राम सेना के छठी बार अध्यक्ष बने रजनीकांत मधुर उर्फ भोलू ने कहा कि लंबे इंतजार और संघर्षों के बाद भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई है। प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्रद्धालुओं में श्रद्धा साफ देखी जा सकती है। इस वर्ष रामनवमी पर्व पर श्री बंशीधर नगर को राममय कर दिया जायेगा। रामनवमी को लेकर गोसाईबाग स्थित लाला बागी हनुमान मंदिर से लेकर भवनाथपुर मोड़ स्थित हनुमान चौक तक भगवा ध्वज एवं लाइट,झालर बत्ती लगाकर सजाया जायेगा।पूरे शहर को भगवा ध्वज से पाट दिया जायेगा। रामनवमी को लेकर शहर को आकर्षक ढंग से सजाया जायेगा। उन्होंने कहा कि रामनवमी के दिन ढोल, नगाड़ा, साउंड सिस्टम एवं तीन रथ के साथ राम दरबार, भगवान शंकर और माता पार्वती, भूत-प्रेत, श्री कृष्ण राधा, ग्वाला, बांदरी सेना के साथ सुसज्जित तरीके से झांकी निकाली जायेगी एवं महा भंडारा , भव्य भक्ति जागरण एवं बाहर से आये कलाकर द्वारा झाकी कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि नवमी के दिन पारंपरिक झांकी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आये झांकी मंडली के लिये महा भंडारा का आयोजन किया गया है। जुलूस समाप्ति के बाद सभी मुख्य अतिथियों को लाठी, झांकी एवं तलवारबाजी करनेवाले को सम्मानित किया जायेगा।उन्होंने बताया कि रामनवमी से पूर्व भव्य मोटरसाइकिल जुलूस निकाली जायेगी।बैठक की अध्यक्षता श्रीराम सेना के संरक्षक सह पूर्व प्राचार्य डॉ धर्मचंद लाल अग्रवाल ने किया।जबकि संचालन चेंबर अध्यक्ष शंभूनाथ सौदागर व धन्यवाद ज्ञापन ओमप्रकाश गुप्ता ने किया।

**संक्षिप्त खबरें**

## ए डिकेड ऑफ मैनडेटेड कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी नामक पुस्तक का हुआ विमोचन

**रांची।** भारत में सीएसआर के 10 वर्ष पूर्ण होने पर, सिटीजन्स फाउंडेशन द्वारा ए डिकेड ऑफ मैंडेटेड कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी- इंटरवेंशन्स, इनसाइट्स, इम्पैक्ट एंड बियॉन्ड नामक पुस्तक का लॉन्च सोमवार को नई दिल्ली में किया गया। उद्घाटन मुख्य अतिथि, उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह, राज्य सभा, रूपिंदर बराड़, अतिरिक्त सचिव, कोयला मंत्रालय, भारत सरकार, डॉ. भास्कर चटर्जी, भारतीय सीएसआर के जनक, और गणेश रेड्डी, संस्थापक सिटीजन्स फाउंडेशन की मौजूदगी में किया गया। हरिवंश नारायण सिंह ने अपनी अमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान की और सभी लेखकों की उनके योगदान के लिए सराहना की। उपस्थित लोगों ने मिलकर भविष्य के लिए एक स्थायी दृष्टिकोण अपनाने का संकल्प लिया।

## रांची उपायुक्त ने शिकायत निगरानी नियंत्रण कक्ष और कॉल-सेंटर का किया गठन

**रांची :** लोकसभा चुनाव में पारदर्शिता और आम नागरिकों की शिकायतों के निष्पादन के लिए रांची के उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा (व्यय अनुश्रवण प्रबंधन कोषांग) ने शिकायत निगरानी नियंत्रण कक्ष और कॉल-सेंटर का गठन किया है। आचार संहिता के प्रभावी होने के बाद जारी हेल्पलाइन नंबर 1800-345-3333 को कॉल सेंटर से कनेक्ट कर दिया गया है। रांची उपायुक्त ने बताया कि आम नागरिक चुनाव से संबंधित किसी प्रकार की जानकारी और शिकायत 1800-345-3333 पर कर सकते हैं।

# झारखंड में इस बार पड़ेगी भीषण गर्मी, अभी ही पारा 40 के पार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य के कई जिलों में तापमान अब बढ़ने लगा है। कई जिलों तापमान 35 डिग्री के पार हो गया है। वहीं गोड्डा में तापमान 40 के आंकड़े को पार कर चुका है। अभी से ही लोग गर्मी से परेशान हो रहे हैं। भीषण गर्मी के कारण घर से निकलना मुश्किल हो गया है। रांची मौसम केन्द्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि अप्रैल से जून तक राज्य में भीषण गर्मी पड़ेगी। सभी जिलों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रह सकता है। कोल्हान में चार और पांच अप्रैल को लू चल सकती है। इसको लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। रांची मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार तीन अप्रैल तक राज्य के कई जिलों में तापमान बढ़ेगा। चार और पांच अप्रैल को राज्य के दक्षिण -पूर्व भाग में गर्म हवा चलने की संभावना है। पांच अप्रैल के बाद मौसम में गरमाहट और तापमान बढ़ने के आसार हैं।हालांकि छह और सात अप्रैल को राज्य में मध्यम दर्ज की बारिश की संभावना है।

**मौसम विभाग ने बढ़ती गर्मी को लेकर एडवाइजरी जारी की है**

-दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच धूप में बाहर जाने से बचें।
-पर्याप्त पानी पिये। जितनी बार संभव हो पियें। भले ही प्यास नहीं लगी हो।
-हल्के, हल्के रंग के डीले और छिद्रयुक्त सूती कपड़े पहनें। धूप में बाहर जाते समय सुरक्षात्मक चश्मे, छाता/टोपी या चप्पल का प्रयोग करें।
-जब बाहर का तापमान अधिक हो, तब बाहरी गतिविधियों से बचें।
-यात्रा करते समय अपने साथ पानी अवश्य रखें।
-शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड शीतल पेय से बचें, जो शरीर को निर्जलित करते हैं।
-उच्च प्रोटीन वाले भोजन से बचें। वासी भोजन नहीं करें।
-यदि आप बाहर काम करते हैं, तो टोपी या छाते का उपयोग करें। अपने सिर, गर्दन, चेहरे और अंगों पर एक कपड़े का भी उपयोग करें।
-पार्क किए गए वाहनों में बच्चों या पालतू जानवरों को नहीं छोड़ें।
-यदि आप बेहोश या बीमार महसूस करते हैं तो तुरंत डॉक्टर से मिलें।
-ओ.आर.एस., घर में बने पेय जैसे लस्सी, तोरानी (चावल का पानी), नींबू पानी, छाछ आदि का उपयोग करें जो शरीर को फिर से हाइड्रेट करने में मदद करता है।
-जानवरों को छाया में रखें। उन्हें पीने के लिए भरपूर पानी दें।
-अपने घर को ठंडा रखें। पर्दे, शटर या मनशेड का उपयोग करें और रात में खिड़कियां खुली रखें।
-पंखें का प्रयोग करें। गीले कपडे पहने और बार-बार ठंडे पानी से खान करें।

# अवैध शराब और मादक पदार्थों के मामलों पर पूरी सख्ती से करें त्वरित कार्रवाई : के. रवि




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार ने कहा कि स्वच्छ, निष्पक्ष एवं भयमुक्त चुनाव के लिए जरूरी है कि अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की रोकथाम के मामलों पर पूरी सख्ती से त्वरित कार्रवाई की जाय। इससे शांतिपूर्ण, स्वच्छ एवं निष्पक्ष एवं भयमुक्त निर्वाचन संपन्न कराने में सहूलियत होगी।

उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया कि अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के उत्पादन, भंडारण, वितरण, बिक्री एवं परिवहन पर सख्ती बरतें और इसमें संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। शराब एवं मादक पदार्थों में संलिप्त हिस्ट्रीशीटर्स एवं अन्य आरोपितों का प्रोफाइल के साथ डाटाबेस तैयार करते हुए इसके तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने की आवश्यकता है। वे आज लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की रोकथाम से संबंधित विषयों पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं उत्पाद अधीक्षक द्वारा इस संबंध में की गई कार्रवाईयों की जिलावार समीक्षा कर रहे थे।

### राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी. होमकर

राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी. होमकर ने शराब एवं मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए सख्त-से-सख्त कार्रवाई का निदेश दिया। उन्होंने राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष चौकसी बरतते हुए शराब एवं मादक पदार्थों के भंडारण, वितरण, बिक्री एवं परिवहन पर रोक लगाने हेतु हरेक स्तर पर प्रभावी कार्रवाई किए जाने निदेश दिया। समीक्षा बैठक में उक्त पदाधिकारियों के अलावा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के सचिव मुकेश कुमार, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह एवं डॉ. नेहा अरोड़ा सहित अन्य वरीय पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने सपरिवार दिउड़ी मंदिर में की पूजा-अर्चना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** केंद्रीय मंत्री और खूंटी के सांसद अर्जुन मुंडा ने मंगलवार को तमाड़ स्थित सुप्रसिद्ध दिउड़ी मंदिर में पूजा-अर्चना की। उनके साथ उनकी पत्नी मीरा मुंडा और परिजनों सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। मुंडा ने कहा कि माता का आशीर्वाद लेकर सभी के खुशहाली और समृद्धि की कामना की। माता का आशीर्वाद सभी पर बना रहे। केंद्रीय मंत्री के मंदिर पहुंचने की सूचना पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

# रांची शहर में ड्रग्स की बिक्री मामले में हाइकोर्ट गंभीर, लिया स्वतः संज्ञान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों के गली मोहल्ले , बस्ती में ड्रग्स सप्लाई मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद की खंडपीठ ने मामले की गंभीरता को देखते हुए रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा को ड्रग्स कारोबारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

इतना ही नहीं सुखदेवनगर इलाके में ड्रग्स के कारोबार करने वाले दुकानदार और अन्य लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई करने का आदेश दिया है। नशे के कारोबार से जुड़े लोगों की गिरफ्तारी पर रिपोर्ट मांगी है। हाईकोर्ट ने कहा कि नशे के शिकार युवाओं की जिंदगी बर्बाद हो रही है। जानकारी हो कि कोर्ट के संज्ञान में यह मामला इसलिए आया कि कुछ दिन पूर्व इसको लेकर प्रमुखता से एक अखबार ने खबर भी छपी थी। जिसमें स्पष्ट लिखा गया था कि सुखदेवनगर इलाके में खुलेआम ब्राउन शुगर, गांजा की बिक्री हो रही है, लेकिन पुलिस नकेल कसने में नाकाम है। इसके अलावा लोअर बाजार थाना, हिंदपीढ़ी थाना और डोरंडा थाना क्षेत्र में ब्राउन शुगर सप्लायर शामिल हैं।

## रामनवमी महोत्सव 2024 धूमधाम से मनाने का लिया गया निर्णय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** श्री महावीर मंडल महानगर इन्दिरा गांधी चौक चुटिया की वार्षिक बैठक मंडल अध्यक्ष सुनील रंजन सहाय की अध्यक्षता में श्री रामनवमी महोत्सव 2024 को धूमधाम से मनाने के लिए सम्पन्न हुई । बैठक में श्री रामनवमी महोत्सव 2023 के आय व्यय का बौरा प्रस्तुत किया गया । बैठक में श्री रामनवमी महोत्सव 2024 में अस्त्र-शस्त्र चालान प्रतियोगिता आयोजन 14/04/2024 को करने की घोषणा की गई ।बैठक में श्री रामनवमी मोहत्सव 2024 के नए कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया जो कि इस प्रकार है : संयोजक - कृष्णा सहाय , गुजा तिर्की, मुख्य संग्रक्षक - विनय अग्रवाल , सुनील सहाय, संग्रक्षक - कैलाश केसरी , विजय तिर्की , राहुल सिन्हा चंकी, अध्यक्ष - कृष्णा साहू , कार्यकारी अध्यक्ष - विजय बड़ाईक, मंत्री - धंजू नायक, उपाध्यक्ष - किशोर नायक , गणेश घोष , रूपेश केसरी, सचिव - राजीव चौबे, महासचिव - संजीव महतो, सह मंत्री - दीपक चौधरी , विक्की शर्मा , राम सिंह , विशाल सिंह , रंजीत ठाकुर , सौरव साहू को बनाया गया ।

## श्री महावीर मंडल कडरू का अध्यक्ष छुन्नु को एवं कार्यकारी अध्यक्ष संतोष को बनाया गया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** श्री महावीर मंडल कडरू में छुन्नु सिंह की अध्यक्षता में बैठक रखी गई। बैठक में सैकड़ों हनुमान भक्त उपस्थित हुए।

बैठक में सर्वसम्मति से छुन्नु सिंह को अध्यक्ष एवं संतोष कुमार सोनी को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया । उपाध्यक्ष के रूप में सतीश कुमार सिंह, उदय कुमार बर्मन, महासचिव सुनील कुमार सेठी, शन्नी कुमार, सचिव सुरेन्द्र कुमार सिंह, अतुल कुमार दुबे, राजीव रंजन सिंह, विक्की सोनी, सुरज कुमार सिंह, सुमित कुमार, अंकित राज, कोषाध्यक्ष अमित कुमार सिंह, सह-कोषाध्यक्ष आर्यन वर्मा सहित 21 कार्यकारिणी सदस्य बनाये गये ।आलम खान, आनंद कुमार सिंह ,असमुद्धीन अंसारी, सौरभ कुमार सिंह , अलीम अंसारी , कुणाल सिंह, एसरार खाँ, विशाल सिंह , हफीजुल हसन , शुभम कुमार , आदर्श बर्मन , सुजाउद्दीन अंसारी, अमर टोप्पो, आशीष कुमार सिंह 15. सूर्य कुमार सिंह, महादेव लोहरा 17. सहाबीर लोहरा, चम्पा मुण्डा, हरीनाथ लोहरा , राम लोहरा , कलाम अंसारी, कार्यकारी अध्यक्ष संतोष कुमार सोनी, अध्यक्ष छुन्नु सिंह शामिल हैं।

## बूथों पर सभी आवश्यक सुविधाएं हों, इस पर विशेष ध्यान दें : एसडीएम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची**: अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) रांची, उत्कर्ष कुमार द्वारा आज - 02 अप्रैल 2024 को राजकीयकृत मध्य विद्यालय नवीन आरक्षी रांची सह संकुल संसाधन केंद्र रा. म. वि. न्यू पुलिस लाइन रांची में बूथ जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इस दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रांची, बिवेक सुमन, कार्यपालक दंडाधिकारी, विद्यालय के प्रधानाध्यापिका एवं वॉलिंटियर और सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

**प्रेरित करने का संदेश**: अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) रांची, उत्कर्ष कुमार द्वारा कार्यक्रम में आए सभी मतदाताओं को स्वयं मतदान करने तथा अन्य लोगों को भी प्रेरित करने का संदेश दिया गया। साथ ही उन्होंने सम्बंधित पदाधिकारी को कहा की बूथों पर सभी आवश्यक सुविधा हो इसपर विशेष ध्यान दे।

**बूथ अवेयरनेस ग्रुप**: अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) रांची, उत्कर्ष कुमार द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया की मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए बूथ अवेयरनेस ग्रुप के सदस्य दिव्यांगों व वृद्ध मतदाताओं की मदद करेंगे। वहीं आम मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। यह ग्रुप घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर उन्हें मतदान केंद्र तक पहुंचाने के लिए प्रेरित करेगा। दिव्यांग व वृद्ध मतदाताओं को बूथ तक ले जाने की विशेष व्यवस्था की जाएगी। राजकीय वाहनों का प्रयोग किया जा सकता है। बूथ पर छाया-पानी, बिजली, रैंप आदि सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी।

# 1 किलो अफीम के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि दशम फॉल थाना अंतर्गत ग्राम मैसुडीह में एक व्यक्ति घर में अवैध अफीम, डोडा, शराब रखकर बिक्री करता है । इसी सूचना के सत्यापन के लिए एसएसपी के निर्देश पर एक टीम गठित की गई थी । इसके लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रतीभान सिंह के नेतृत्व में एक टीम गठित कर त्वरित छापामारी किया गया। जिसमें एक व्यक्ति जिसका नाम एतवा मुंडा है उसे हिरासत में लिया गया, पूछताछ की गई और उसके पास से कई प्रतिबंधित मादक द्रव्य पदार्थ अफीम बरामद किया गया । पुलिस ने एतवा मुंडा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने प्रतिबंधित मादक द्रव्य पदार्थ अफीम 1. 300 किलोग्राम डोडा 50किग्रा ,देसी महुआ शराब 20 लीटर ,0किंगफिशर स्ट्रांग बियर 24 पीस ,मेक डेविल्स 7 पीस ,मेक डेविल्स 5 पीस ,एमपी रियल ब्लू तीन पीस ,पीएम ब्लैक तीन पीस, 8 पीएम ब्लैक 3 पीस । इस छापेमारी दल में पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी बुंडू रतीभान सिंह, दशमफॉल थाना प्रभारी प्रसांत गौरव सहित अनिल,श कुमार यादव ,राजा तिवारी ,आनियास मिंज, पारस मुंडा आदि शामिल थे।

## रेल टिकट की कालाबाजारी करते एक व्यक्ति गिरफ्तार

**रांची :** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) रांची ने रेल टिकटों की कालाबाजारी कर रहे मोहम्मद जाकिर हुसैन को गिरफ्तार किया है। वह हिंदपीढ़ी का रहने वाला है। मंगलवार को मिली जानकारी के अनुसार टिकटों की हो रही कालाबाजारी के संबंध में गुप्त सूचना के आधार पर निरीक्षक सुमन कुमार झा के नेतृत्व में रांची के हिंदपीढ़ी स्थित एक दुकान में छापेमारी की गई। दुकान से रेलवे का उन्नीस ई टिकट बरामद किया गया है। बरामद टिकट का मूल्य 26 हजार 600 रुपये है। गिरफ्तार व्यक्ति ने स्वीकार किया कि उन टिकटों को अधिक मूल्य प्राप्त करने के लिए दूसरे के नाम पर अपनी निजी आईडी का प्रयोग कर निकाला था।

# एनडीए की बैठक में शामिल हुए सुदेश कहा- सभी संकल्प पूरे किये जा रहे हैं




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि एनडीए ने जनता की सेवा के लिए जो संकल्प लिए थे, उन पर राष्टीय प्रतिबद्धता के साथ अधिकतम काम हुए हैं या फिर उनके रोडमैप तैयार हैं। लोकसभा चुनाव में राष्टीय जनतांत्रिक गठबंधन पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगा। इसकी तैयारी जारी है और हमारा लक्ष्य झारखंड में सभी 14 सीटों पर जीत दर्ज करना है। बीजेपी के प्रदेश कार्यालय में हुए एनडीए की बैठक के बाद मीडिया से उन्होंने कहा कि एनडीए के संकल्पों को सामने रखकर काम करता है। यही वजह है कि एनडीए को बड़ा समर्थन हासिल है। जबकि विरोधियों के पास राज्य अथवा राष्ट्र के प्रति जवाबदेही नहीं है। लोकसभा चुनाव में एनडीए का एक- एक कार्यकर्ता झारखंड में बड़ा जनसमर्थन जुटाने की भूमिका अदा करेगा। इस बार एनडीए अपना वोट शेयर भी बढ़ायेगा। साथ ही झारखंड में एनडीए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्पों को साकार करने में अहम योगदान देगा। की बैठक में आजसू पर्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष उमाकांत रजक और विधायक डॉ लंबोदर महतो समेत जिलों के अध्यक्ष भी शामिल थे।

# पुलिस ने देह व्यापार में लिप्त युवतियों समेत तीन युवकों को गिरफ्तार किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** डेली मार्केट थाना क्षेत्र के लेक व्यू होटल और सदर थाना क्षेत्र के कोकर स्थित बार रेसिडेंसी और रायल किंग होटल में सोमवार की रात पुलिस ने छापेमारी की। सिटी एसपी राजकुमार में मेहता ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि होटलों में देहव्यापार का धंधा चल रहा है। युवतियों के द्वारा आनलाइन पैसे लेकर ग्राहक बुलाने का काम किया जा रहा था। पुलिस ने डेली मार्केट थाना क्षेत्र के लेक व्यू से अमरजीत और मानसून पाल सहित तीन युवतियां और कोकर स्थित बार रेसिडेंसी और रायल किंग होटल से सात युवतियों की गिरफ्तारी हुई है। इस मामले में सदर थाना क्षेत्र में सीबीआर डीएसपी राम समद और डेली मार्केट थाना क्षेत्र में प्रकाश सोय सहित संबंधित थाने के थानेदार इस में शामिल थे।

## एसएसबी के जवान की पत्नी को अपराधियों ने मारी गोली, गंभीर

रांची, 02 अप्रैल (हि. स.)। मांडर थाना क्षेत्र में बाइक सवार दो अपराधियों ने मंगलवार को एसएसबी के जवान विजय भगत की पत्नी गीता भगत के को गोली मार दी। बताया जाता है कि बाइक सवार अज्ञात अपराधियों ने महिला को गोली मारकर फरार हो गये। सूचना मिलने के बाद मांडर पुलिस मौके पर पहुंची और आनन फानन में महिला को इलाज के लिए रिम्स ले जाया गया। जहां महिला की स्थिति गंभीर बतायी जा रही है। खलारी डीएसपी आरएन चौधरी ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की जांच की जा रही है। महिला को रिम्स में इलाज चल रहा है। आसपास इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है।

# बॉक्सिंग संघ की कोई मान्यता रद्द नहीं हुआ है : बलजीत सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन के वरीय उपाध्यक्ष बलजीत सिंह बेदी ने कहा कि पिछले दिनों समाचार पत्रों में खबर आई थी कि झारखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन के एजीएम में निर्णय हुआ है कि रांची जिला बॉक्सिंग संघ कि मान्यता समाप्त किया गया है।यह बिल्कुल बेबुनियाद बात है ऐसा कोई भी निर्णय किसी भी जिला का नहीं हुआ है और रांची जिला बॉक्सिंग संघ सुचारू रूप से चल रहा है और चलता रहेगा।इसमें कोई फेरबदल भी नहीं हुआ है और रांची जिला अच्छा परिणाम दे रहा है। अंतरराष्ट्रीय पदक भी दिया है।



संवाददाता सम्मेलन में रांची जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी गुलाम जावेद, कमल किशोर कच्छप, एडवोकेट शुभनारायन दत्त, मनिंदर कुमार सिंह,विनय सिन्हा सहित अन्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### बचरा जामा मस्जिद में दावत ए इफ्तार पार्टी का हुआ आयोजन



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर स्थित न्यू उदयन पब्लिक स्कूल में दावते इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। अंजुमन फैजुल इस्लाम कमेटी बचरा के द्वारा यह दावते इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में कोयलांचल क्षेत्र के विभिन्न गांव के रोजेदार शामिल हुए।इफ्तार से पूर्व बचरा जामा मस्जिद के ईमाम हाफिज मुमताज आलम के द्वारा क्षेत्र राज्य और देश की अमन चैन और खुशहाली के लिए दुआ मांगी गई,जिसके बाद सभी लोगों एक साथ बैठकर इफ्तार किया।इस संबंध में अंजुमन के सदर इस्लाम अंसारी ने कहा कि इस तरह के आयोजन से आपसी भाईचारगी बढ़ती है। अंजुमन फैजुल इस्लाम कमेटी के द्वारा प्रत्येक वर्ष बचरा जामा मस्जिद में रमजान के महीने के मौके पर दावते इफ्तार पार्टी का आयोजन कराया जाता है, जिसमें बचरा के अलावे आसपास के इलाकों के रोजेदार शामिल होते हैं।उन्होंने कहा कि रोजेदार को इफ्तार करना काफी पुण्य का काम होता है।इस मौके पर सदर इस्लाम अंसारी,सेक्रेटरी इरफान शेख,अयूब अंसारी, तहुर आलम,हाफिज कयामुद्दीन,हाफिज मनोवर, रियासत आलम,मुबारक हुसैन,जसमुद्दीन अंसारी, सफ़ीद अंसारी,आशिक अंसारी,अमजद अली,सरवर खान,मोहम्मद दानिश,राशिद कादरी,छोटू खान,रिंकू खान, कादीर खान सहित काफी संख्या में रोजेदार मौजूद थे।

### आईआरबी थ्री के पिपरवार कैम्प मे विदाई समारोह का हुआ आयोजन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** इंडिया रिजर्व बटालियन आईआरबी थ्री के पिपरवार कैंप में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता इंस्पेक्टर सत्येन्द्र मिश्रा और संचालन अवर निरीक्षक रंजीत कुमार ने किया।इस कार्यक्रम में आईआरबी थ्री पिपरवार कैंप से सेवानिवृत हुए हवलदार रामनिवास शर्मा को भावभीनी विदाई दी गई।कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस पदाधिकारी एवं जवानों ने सेवानिवृत हवलदार को माला पहनाकर सम्मानित किया और शॉल एवं उपहार प्रदान कर उन्हें विदाई दी गई।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने उनके कार्यकाल पर प्रकाश डालते हुए उनके कार्यकाल की जमकर प्रशंसा की गई।वहीं सेवानिवृत हवलदार रामनिवास शर्मा ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपने कार्य के अनुभव के बारे में विस्तार से जानकारी दी।इस मौके पर सत्येन्द्र मिश्रा,रंजीत कुमार,शमशाद खान,मनीमोहन प्रसाद,विरेन्द्र सिंह,संजय यादव,बालदेव हेंब्रम,जितेंद्र सिंह,विनय मांझी,गोल्डन चौबे,महमुद अंसारी,अरविंद यादव,फातु हंसदा,पवन महतो,प्रहलाद पाण्डेय,पुलिस मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष शमशेर खान,मंत्री सुजीत सिंह,उपाध्यक्ष विजय केरकेट्टा,कोषाध्यक्ष सुशील कुमार,जितेंद्र शुक्ला,आनंद कुमार,पवन महतो,परेश मरांडी सहित कई पदाधिकारी और जवान मौजूद थे।

### खूंटी में लोकसभा स्तरीय महागठबंधन की हुई बैठक

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा स्तरीय इण्डिया गठबंधन के सभी जिला अध्यक्षों एवं प्रखंड अध्यक्षों की एक विशेष बैठक इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी काली चरण मुण्डा के आवास में जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें मुख्य रूप से सभी प्रखंड अध्यक्षों सभी जिला अध्यक्षों ने अपने अपने विचार रखे और सभी ने एक स्वर में लोकसभा सीट जीतने का संकल्प लिया। गठबंधन के प्रत्याशी कालीचरण मुंडा कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बन्धु तिर्की ,सिमडेगा विधायक भुषण बाड़ा, खरसावाँ विधायक दशरथ गगराई, तमाड़ बिधायक विकाश सिंह मुंडा ने भी अपने विचार व्यक्त कर कहा की खूंटी लोकसभा सीट किसी भी हाल में जीत कर इंडिया गठबंधन का हाथ मजबूत करने का काम करेंगे।इस अवसर पर सिमडेगा जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, खरसवा जिला अध्यक्ष अम्बुज पांडेय, खूंटी झामुमो जिला अध्यक्ष जुबैर अहमद,मसिह गुड़िया, सनिका बोदरा,गुलशन मुंडू,पीटर मुन्डू, नईमुदीन खां,हेलन होरो, सुदीप, मकसूद अंसारी मगन मंजीत तिरु स्नेह लता कंडुला , सुशील पाहन सयूम अंसारी चन्द्रप्रभात मुण्डा, सुषमा भेंगरा, शांता खाखा, पीटर मुन्डू, रविकांत मिश्रा,मदन मिश्रा, वेदप्रकाश मिश्रा, शाहिद,शमी आलम,छोटराय किस्कू एवं अन्य कॉन्ग्रेसी, जेएमएम के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### नया ओरल हाइजीन सॉल्यूशन लॉन्च

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ओरल केयर में अग्रणी कोलगेट-पामोलिव (इंडिया) लिमिटेड ने नए सिरे से कोलगेट एक्टिव साल्ट लॉन्च करने की घोषणा की है, जो ओरल हाइजीन सॉल्यूशन में एक नया बेंचमार्क स्थापित करता है, जिसमें एक बेहतर फॉर्मूला है जो शुरुआत से ही ओरल समस्याओं से निपटता है। तमिलनाडु में 2005 से एक अग्रणी ब्रांड, कोलगेट एक्टिव साल्ट, साल्ट के अनूठे लाभों का उपयोग करके शुरुआती ओरल समस्याओं का समाधान करता है। नए, बेहतर फॉर्मूले का उद्देश्य ओरल समस्याओं को रोकना है, जो क्षेत्र में शीर्ष ब्रांड के रूप में कोलगेट की विरासत को आगे बढ़ाता है।यह अभियान एक विज्ञापन फिल्म के माध्यम से सक्रिय ओरल केयर के महत्व पर प्रकाश डालता है, जिसमें एक विजयी राजनेता अपनी जीत का जश्न मनाने के बाद दांत दर्द का अनुभव करता है।

## नेपाल में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय थ्रो बॉल प्रतियोगिता में भारतीय टीम का जलवा बरकरार

# जीता स्वर्ण, रांची टाटीसिलवे दुर्गा मंदिर में हुआ भव्य स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** नेपाल की राजधानी काठमांडू में अंतर्राष्ट्रीय थ्रो बॉल मैच सीरीज प्रतियोगिता में भारतीय दिव्यांग टीम ने स्वर्ण पदक पर किया कब्जा। पारा थ्रोबॉल फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार अल्बर्ट ने भारतीय टीम को जीत की हार्दिक बधाई शुभकामनाए दिए। नेपाल में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय थ्रो बॉल मैच सीरीज प्रतियोगिता में भारत ने नेपाल को 25–15, 23–25 , 25–19 से हराया। वहीं महिला वर्ग ने 25-18, 25-20, 25-23 तीनों सेट से नेपाल को पराजित किया। दिव्यांग मुकेश कुमार टाटी सिलवे ने बताया कि दिव्यांग जन भी आम खिलाड़ियों की तरह खेल सकते हैं बस हम जैसे दिव्यांग खिलाड़ियों का मनोबल बनाए रखने की जरूरत है। जिस प्रकार से हमारे कोच मुकेश कंचन अच्छे मार्गदर्शन करने वाले लीडर है। उसी तरह समाज के हर वर्ग को आगे आने की जरुरत हैं तब हम दिव्यांग जन अपने समाज अपने राज्य और देश का नाम ऐसे ही रोशन करते जायेंगे। टीम में मुकेश कंचन,(कोकर), सनोज महतो,(कांके चारी) मुकेश कुमार,(टाटीसिलवे) महिमा ऊराव, ( नामकुम सोहदाग) तारामानी लकड़ा,(चान्हो चमरांगा) पुष्पा मिंज,(बेडो नरकोपी) एवं निक्की कुमारी,(बलालोंग धुर्वा) शामिल थें। पैरालंपिक एसोसिएशन ऑफ झारखंड के अध्यक्ष श्री राहुल मेहता, सचिव सरिता सिन्हा ,पारा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री कमल अग्रवाल , सृजन हेल्प के सचिव गुंजन गुप्ता, पतरस तिर्की, अमर महतो, सोनाराम महतो, सुधूवा महतो, मुड़ा नायक, अमित कुमार मिश्र गिरिधर मिश्रा, राजेंद्र महतो रूसू महतो, विजय महतो, डब्लू महतो, मदन महतो,झाबरा, सुनील राम, मनोज महतो, प्रेम नायक, रजनीकांत मानकी, पुनिल नायक जलेश महतो, कैलाश महतो, मंटू मिश्रा, , अमृत महतो, गुलाल कुम्हार एवं समस्त टाटी सिलवे के सम्मानित व्यक्तिगण कई सामाजिक संगठनों ने सभी खिलाडियों का भव्य स्वागत किया एवं बधाई और शुभकामनाएं दिए की आगे और देश का नाम रोशन करते रहें।

## सरदुला में पंचायत स्तरीय सरहुल मिलन समारोह का आयोजन

**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के सरदुला गांव में मंगलवार को पंचायत स्तरीय सरहुल मिलन समारोह का आयोजन सरना समिति अध्यक्ष अजय कुजूर के अध्यक्षता पर किया गया. जिसमें मुख्य तिथि के रूप में बमरजा पंचायत मुखिया अनूप कजूर उपस्थित थे. मिलन समारोह के दौरान सरदुला गांव के पाहन बैजनाथ पाहन द्वारा पुजा अर्चना करके सिंगबोंगा को याद किया और इस वर्ष खुशहाली का वर्ष हो सिंगबोंगा,सरना मां से अर्चना की गयी. मुख्य अतिथि अनूप कुजूर ने अपने संबोधन मे कहा कि सरहुल पर्व हमारे क्षेत्र के सभ्यता सांस्कृति को बचाए रखने में सहयोग करती है. इस पर्व में पेड़ पौधे जंगल पहाड़ पर्वत जैसे प्राकृतिक की पूजा की जाती है. जो हमें जीवन देता है और जीवन जीना सीखता है. सरहुल महोत्सव में पंचायत के बड़गाई, पलसा, कासिरा, सांगोर ,बमरजा, पहाड़टोली सहित अन्य गांव से खोड़ा के रूप में महिला पुरुष ढोल मांदर के साथ नाचते गाते सरदुला खेल मैदान पहुंचे. जहां सभी खोड़ा द्वारा गीत-संगीत और पारंपरिक नाच गान दिखाया गया.

## केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने दिउड़ी मंदिर में की पूजा अर्चना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तमाड़ :** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड क्षेत्र में अवस्थित प्राचीन कालीन दिउड़ी मंदिर प्रांगण में खूंटी लोकसभा क्षेत्र से से बीजेपी? के टिकट पर एनडीए के प्रत्याशी केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा अपनी धर्मपत्नी के साथ मंगलवार की सुबह पहुंचे और माता के चरणों में माथा टेककर आर्शीवाद लिया। मौके पर उनकी पत्नी मीरा मुंडा, परिजन और बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी खुंटी लोकसभा चुनाव में उनकी जीत को लेकर मन्नतें मांगी। पूजा अर्चना करने के बाद अर्जुन मुंडा ने कहा कि माता का आशीर्वाद लेकर सभी की खुशहाली और समृद्धि की कामना की साथ ही कहा कि माता का आशीर्वाद कृपा सभी पर बना रहे सब तरक्की करें और देश का विकास हो।लोग खुशहाल और समृद्ध और समृद्ध बनें।मौके पर तमाड़ विधानसभा प्रभारी कुमार महेंद्र नाथ शाहदेव, सिमडेगा भाजपा प्रभारी शैलेन्द्र कुमार, सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुंडा,जिप सदस्य दीलीप सेठ, भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश सदस्य रंजीत लहरी, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता कपिल महतो, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता अरूण चंद्र गुप्ता,पुर्व जिला अध्यक्ष जलेंद्र कुमार,तमाड़ मंडल अध्यक्ष विष्णुपद महतो,रड़गांव मंडल अध्यक्ष अजित महतो, बुंडू नगर मंडल अध्यक्ष आलोक दास, तमाड़ भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष महावीर सोनी,भाजयुमो महामंत्री विवेक गुप्ता, सुरेन्द्र साहू, सुभाष मुंडा, गणेश महली आदि उपस्थित थे।

## सरहुल की तैयारी को लेकर बैठक

### प्रकृति पर्व धूमधाम से मनाने का फैसला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** लुपुंग पंचायत के खपचाबेड़ा कला संस्कृति भवन में प्रकृति पर्व सरहुल की तैयारी को लेकर बैठक हुई । सिल्ली सरना समिति के अध्यक्ष सह सिल्ली मुखिया भरत मुंडा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सरहुल पर्व को भव्य एवं आकर्षक मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही सर्व समिति से सरहुल महोत्सव को सफल संचालन के लिए कमेटी का गठन किया गया। जिसमे भरत मुंडा अध्यक्ष, गोन्दुरा उरांव सचिव , इनके अलावा हजारी मुंडा, राम साथ उरांव,निपेन मुंडा, प्रदीप मुंडा,बिक्रम मुंडा, लालू राम उरांव, अमित मुंडा,अनिल सिंह मुंडा, सुमन एक्का, शुशीला मुंडा,सरस्वती उरांव,सरिता रून्डा समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## मंडा पूजा के साथ छौ नृत्य का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत रामपुर गांव में सोमवार को ग्रामीणों द्वारा विधिवत ग्राम ठाकुर पुजा के उपलक्ष्य में मंडा पुजा किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि यह मंडा पुजा 22 सालों से हमलोग करते आ रहे हैं आस पास गांव के महिलाएं एवं पुरुष भी इस मंडा पुजा में शामिल होते हैं और हजारों की संख्या लोगों की भीड़ बन कर मेले का रुप ले लेती है।साथ ही शाम के समय छौ नृत्य का आयोजन किया गया बंगाल से आए छौ नृत्य कलाकारों ने रात भर अपने नृत्य से ग्रामीणों का मन मोह लिया।

भर मेला आर्कषक का केंद्र बना रहा।लोग दिन रात झुमते रहे।इस मेले को सफल बनाने में रामपुर मुखिया हरिपद मांझी अध्यक्ष सुनील कुमार बेदिया, सचिव हुए गोराई, अमीत बेदिया,राजु, दुर्गा चरण समेत ग्रामीणों का काफी सराहनीय योगदान रहा।

## मांडर प्रखण्ड के स्कूलों में बाल विवाह प्रतिबंधक करने हेतु 'बचपन सशक्तिकरण सप्ताह' मनाया जा रहा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** आकांक्षी प्रखण्ड कार्यक्रम मांडर में पिरामल फाउंडेशन और जिला प्रशासन के सहयोग से 'बचपन सशक्तिकरण सप्ताह' कार्यक्रम चलाया जा रहा है। हाल ही में मांडर प्रखंड के विभिन्न विभागों से किये गए गहन वार्तालाप में बाल विवाह के कुछ मामले सामने आये थे। इसलिए बाल विवाह रोकथाम करने हेतू उप-विकास आयुक्त के आदेश नुसार मांडर प्रखंड के स्कूलों में 'बचपन सशक्तीकरण सप्ताह' चलाया जा रहा है। इसका उद्देश बाल विवाह को रोकना और इसके खिलाफ समुदाय में जागरूकता लाना है।

एस. एस जनता हाई स्कूल, मुरमा स्कुल के छात्रों ने 'बचपन सशक्तिकरण सप्ताह' के दुसरे दिन चित्रकला स्पर्धा में सहभाग लिया. छात्रों ने अपनी कलाकृति के माध्यम से अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया, और उन्होंने दर्शकों के सामने प्रस्तुत भी किया।

छात्रों की जीवंत ऊर्जा से प्रोत्साहित होकर, शिक्षकों और छात्रों ने सामुदायिक भागीदारी के महत्व पर जोर देने का निर्णय लिया और छात्रों ने 'बचपन सशक्तीकरण सप्ताह' जैसी पहल के बारे में जागरूकता फैलाते हुए अपने ज्ञान को गांवों तक फैलाने का निच्छय किया। शिक्षकों ने छात्रों के लिए संरक्षक और प्रेरक के रूप में कार्य करते हुए गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया। उनकी उपस्थिति ने प्रोत्साहन और समर्थन की एक परत जोड़ी, जिससे सीखने और विकास के लिए अनुकूल वातावरण को बढ़ावा मिला। छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर बचपन सशक्तिकरण के महान लक्ष्य के प्रति सहयोग और समर्पण की भावना का उदाहरण प्रस्तुत किया।

बाल विवाह के साथ साथ जीरो ड्राप आउट पर भी कार्य किया जा रहा है। वैसे बच्चें जिनका बाल विवाह कराया जाता है, जो की असामाजिक कृतिया है उसके लिए समाज में जीरो ड्रॉपआउट कराने की आवश्यकता है। ताकि जो भी वैसे बच्चे जो पढ़ नहीं रहे उन्हें स्कुल से जोड़ा जा सकें और बाल विवाह मुक्त समाज का निर्माण किया जा सकें। इस स्पर्धा में एस. एस. जनता हाई स्कुल के 42 छात्रों ने सहभाग लिया. मरिया पूनम कुजूर, प्रतिमा रजत, रजनी किन्दो, भोला हजाम और अन्य शिक्षकों ने प्रतियोगिता को सफल बनाने में सहयोग दिया। और पिरामल फाउंडेशन से एस्पिरेशनल भारत कोलाबोरेटिव्ह के गाँधी फेलो निखिल सिंह और सत्यम तिवारी उपस्थित थे

## सदान विकास पार्टी की बैठक डॉ राजेन्द्र प्रसाद साहु की अध्यक्षता में संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सदान विकास पार्टी की एक बैठक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजेन्द्र प्रसाद साहु की अध्यक्षता में होटल गंगा रेसिडेंसी मेन रोड रांची में सम्पन्न हुई । पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ आर पी साहु जी ने अपने नेतृत्व में नए लोगों को माल्यार्पण कर अपने पार्टी में स्वागत किए और बैठक को संबोधित करते हुए अपने वक्तव्य में कहा कि लोकसभा चुनाव में हमलोग रांची, खूंटी, लोहरदगा, चतरा और हजारीबाग सीटों पर अपने दमदार उम्मीदवार उतार रहे हैं और दमदार तरीकों के साथ हमलोग चुनाओ लड़ेंगे और अच्छी मतों के साथ जीतेंगे भी। उम्मीदवार एवं क्षेत्रों की नामों की घोषणा हम अगले बैठक में करेंगे जो की 07/04/2024 को होटल शिवानी इंटरनेशनल, हिनू, रांची में की जाएगी। आज की इस बैठक में महिला अध्यक्ष श्रीमती आरती यादव, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती आरती देवी, जिला अध्यक्ष धनंजय वर्मा , संगठन मंत्री मंजूर अंसारी, प्रदेश मीडिया प्रभारी मो एजाज आलम , मो फैजल अंसारी, मो परवेज , मो महफूज खान, इमरान खान, फैजाब अंसारी, शोएब अख्तर, लतीफ़ खान,विजय कुमार, बिनोद कश्यप एवं अधिवक्ता श्री श्याम सिंह एवं अन्य कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

## झारखंड बंगाल सीमा पर चेकिंग के दौरान अवैध बियर शराब के साथ वाहन जब्त, चालक गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मुरी :** आगामी 2024 लोकसभा चुनाव को देखते हुए झारखंड राज्य में अवैध शराब पर नियंत्रण एवं अन्य राज्यों से अवैध परिवहन पर निगरानी हेतु बॉर्डर पर वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है।झारखंड बंगाल के सीमा पर सोमवार को शाम 7:30 बजे वाहन जांच के दौरान मुरी पुलिस के द्वारा एक चार चक्का वाहन (डस्टर) कार को अवैध वियर एवं शराब के साथ जप्त एवं चालक गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए झारखंड बंगाल सीमा पर चेक नाका लगाया गया है। जहां मुरी ओपी दल बल के साथ ही साथ उत्पाद विभाग के पुलिस पदाधिकारी प्रतिनियुक्ति किया गया है जिससे अवैध शराब का व्यापार पर नियंत्रण पाया जा सके। इसी क्रम में बंगाल की ओर से आ रही वाहन (डस्टर) कार नंबर WB- 68- 0468 को रोका गया जिसमें काफी मात्रा में अवैध वियर एवं शराब भरा हुआ था। पुलिस के द्वारा पुछे जाने पर ड्राइवर द्वारा संतुष्टि पूर्ण जवाब नहीं मिलने पर सभी बियर एवं शराब को वाहन समेत जप्त कर लिया गया और चालक को गिरफ्तार कर लिया गया। इस संबंध में मुरी ओपी कांड संख्या 28/2024 के तहत धारा 273/290 एवं भा.द.वी. 47(ए) के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।चालक- बप्पा मलिक, ग्राम-राय, थाना+जिला वर्धमान पश्चिम बंगाल निवासी हैं।जप्ती कार से कुल 6 कार्टून में 72 पीस अवैध वियर एवं शराब बरामद किया गया।

# एक्यूप्रेशर दिवस धूमधाम से मनाया गया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा द्वारा झारखंड एक्यूप्रेशर दिवस धूमधाम से मनाया गया ।जिसके मुख्य अतिथि भूतपूर्व सांसद माननीय श्री रामटहल चौधरी, विशिष्ट अतिथि न्यायाधीश महेंद्र प्रसाद भूतपूर्व सचिव झारखंड विधानसभा एवं जीबीएसआर प्रसाद रोहिणी साइंस क्लब, डॉ मधुसूदन पांडे सचिव एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा दिनेश सिंह अध्यक्ष एक्यूप्रेशर परिषद, टाटीसिलवे थाना प्रभारी श्री मनोज कुमार ।अतिथियों का धूप दीप पुष्प चंदन लगाकर डॉक्टर बंदना ,डॉ ललित एवं डॉक्टर पूजा ने स्वागत किया ।अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर केक काटा गया । नेपाल में होने वाले पारा थ्रो बॉल प्रतियोगिता में गोल्डमेडल प्राप्त करने वाले श्री मुकेश महतो अंबा ढीपा टाटी सिलवे को भी सम्मानित किया गया ।इस अवसर पर अतिथियों द्वारा एक्यूप्रेशर को घर-घर पहुंचने ,सुलभ और हर जगह उपलब्ध कराने तथा व्यवहार में एक्यूप्रेशर को लाने पर जोर दिया गया ।डॉ मधुसूदन पांडे ने बताया की एक्यूप्रेशर प्राचीन पद्धति है डॉक्टर स्वर्गीय लालचंद बागड़िया के नेतृत्व में एक्यूप्रेशर रांची के माहेश्वरी सभा में स्टार्ट किया गया पर उनके निधन के बाद 2 अप्रैल 2018 में एक्यूप्रेशर के सचिव के तौर पर डॉक्टर मधु सुमन पांडे को नियुक्त किया गया और एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा का गठन किया गया ।आज के दिन झारखंड के नेचुरल पद्धति क्या जानकारी के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण दिन है इन्होंने एक्यूप्रेशर द्वारा जटिल से जटिल बीमारियों का निदान बताया 2024 एवं 2025 में 9 एक्यूप्रेशर सेंटर पतरातू ,गोला ,लोहरदगा सिमडेगा एवं चाईबासा में खोलने की प्रक्रिया चल रही है साथ ही साथ आम जनों को सहयोग करने की अपील की गई इंकम टैक्स की धारा जी 80 के माध्यम से सहयोग करने की अपील की एवं ललिता कुमारी ,पूजा कुमारी, मुनमुन मालाकार, उमाशंकर मालाकार, लकी नारायण मुंडा, तापशचंद महतो ,राघव नाथ वेदिया, नरेश महतो, बलराम महतो ,श्री महेंद्र प्रसाद और जीबीएस आर प्रसाद को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया ,न्यायाधीश श्री महेंद्र प्रसाद को एक्यूप्रेशर संजीवनी एवं जीबीएसआर प्रसाद को एक्यूप्रेशर मित्र एवं मुकेश कुमार को एक्यूप्रेशर गोल्ड सम्मान पत्र दिया गया ।कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री राजेश मिश्रा ,अर्चना मिश्रा ,प्रदीप पांडे ,मदन मोहन मिश्रा ,सुरेंद्र ठाकुर ,अर्जुन प्रमाणिक, प्रोफेसर लखन मिश्रा दीपक पांडे ,सुजीत ठाकुर का बहुत बड़ा योगदान था ।धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर संदीप पांडे के द्वारा किया गया ।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा० लि० 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो० न० 7004121786, 06513571957

संपादकीय

# गाजा में रुके युद्ध

**उम्मीद** की जानी चाहिए कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पारित प्रस्ताव के बाद इस्राइल गाजा पर निरंतर जारी हमलों पर रोक लगाएगा। उल्लेखनीय है कि सोमवार को पारित प्रस्ताव में सुरक्षा परिषद ने रमजान के महीने के दौरान गाजा में तुरंत युद्धविराम लागू करने, बंधकों की बिना शर्त रिहाई तथा युद्धग्रस्त इलाकों में मानवीय सहायता सुनिश्चित करने को कहा है। सबसे महत्वपूर्ण बात है कि मतदान से दूरी बनाकर अमेरिका ने संकेत दिया है कि वह गाजा मे शांति प्रयासों को साकार होता देखता चाहता है। वहीं अमेरिका का प्रस्ताव को वीटो न करना यूएसए व इस्राइल संबंधों में खटास आने का भी संकेत है। जिसको लेकर इस्राइल के नेता अमेरिका पर हमलावर हैं। इस्राइल ने अपने सदाबहार दोस्त अमेरिका पर संकट के समय साथ न देने का आरोप लगाया है। यहां तक कि इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक इस्राइली प्रतिनिधिमंडल की अमेरिका यात्रा रद्द करके अपनी नाराजगी जाहिर की है। हालांकि, कहना कठिन है कि इस्राइल और हमास सुरक्षा परिषद के पारित प्रस्ताव का किस हद तक पालन करते हैं, लेकिन एक बात तो तय है कि फिलहाल अमेरिका व इस्राइल के रिश्तों में खटास आ चुकी है। हालांकि, अब तक बाइडेन प्रशासन इस्राइल को पर्याप्त सैन्य मदद देता रहा है और हमास को समाप्त करने के उसके लक्ष्य का समर्थन भी करता आया है। लेकिन इसके बावजूद अमेरिका चाहता रहा है कि संघर्ष में आम लोगों की मौत कम से कम हो। उल्लेखनीय है कि 7 अक्तूबर 2023 को इस्राइल पर हुए हमास के क्रूर आतंकवादी हमले के बाद इस्राइल के जवाबी हमले में बत्तीस हजार से अधिक फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं। जिसमें बड़ी संख्या में बच्चे व महिलाएं भी शामिल हैं। हमले से गाजा का एक बड़ा हिस्सा खंडहर में तब्दील हो गया है। लाखों लोगों ने पलायन किया है और एक बड़ी आबादी भुखमरी के कगार पर पहुंच गई है। इस अभूतपूर्व मानवीय संकट के बावजूद इस्राइली हमले जारी हैं। विडंबना यह है कि तमाम अंतर्राष्ट्रीय दबाव के बावजूद दोनों ही युद्धरत पक्षों के रुख में नरमी नहीं आ रही है। जहां इस्राइल के हमले जारी हैं, वहीं अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थों द्वारा पेश युद्धविराम व बंधकों की रिहाई के लिये मध्यस्थता के नये प्रस्ताव को हमास ने खारिज कर दिया है। वहीं इस्राइल का कहना है कि सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव से आतंकवादी समूहों को बढ़ावा मिल सकता है। लेकिन इसके बावजूद एक हकीकत यह भी है कि वैश्विक जगत में गाजा में जारी युद्ध के चलते इस्राइल अलग-थलग पड़ता जा रहा है। साथ ही वह अब अमेरिकी समर्थन को गारंटी के रूप में नहीं ले सकता। फिलहाल अंतर्राष्ट्रीय समुदाय इस्राइल पर युद्धविराम के लिये दबाव बढ़ाने की तरफ अग्रसर है जिससे गाजा में शांति का मार्ग प्रशस्त किया जा सके। गाजा में मानवीय संकट को तुरंत समाप्त करने के लिये भी यह जरूरी है। वहां फिलहाल भूख भी एक बड़ा संकट बनकर सामने खड़ी है। बहरहाल, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा पारित युद्धविराम के प्रस्ताव के बाद उम्मीद जगी है कि इस्राइल अपनी आक्रामकता में कुछ कमी लाएगा। वहीं हमास को भी इस्राइल पर किये गए हमले में बंधक बनाये गए इस्राइली नागरिकों की रिहाई पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। जिससे गाजा में मानवीय सहायता का मार्ग प्रशस्त हो सके। हमास को भी सोचना चाहिए कि पिछले छह माह में पहली बार संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में युद्धविराम का प्रस्ताव पारित हो सका है। हमास को इसे गाजा में शांति स्थापना की दिशा में एक अवसर के रूप में देखना चाहिए। इस मामले में अमेरिका की ओर से वीटो का इस्तेमाल न करना भी एक अच्छा संकेत है। इससे पहले अमेरिका तीन बार ऐसे प्रस्तावों को वीटो कर चुका है। हमास को महसूस करना चाहिए कि इस प्रस्ताव के पारित होने के मूल में शांति की दिशा में दुनिया की तीव्र आकांक्षा भी है।


इस्राइल ने अपने सदाबहार दोस्त अमेरिका पर संकट के समय साथ न देने का आरोप लगाया है। यहां तक कि इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक इस्राइली प्रतिनिधिमंडल की अमेरिका यात्रा रद्द करके अपनी नाराजगी जाहिर की है। हालांकि, कहना कठिन है कि इस्राइल और हमास सुरक्षा परिषद के पारित प्रस्ताव का किस हद तक पालन करते हैं, लेकिन एक बात तो तय है कि फिलहाल अमेरिका व इस्राइल के रिश्तों में खटास आ चुकी है। हालांकि, अब तक बाइडेन प्रशासन इस्राइल को पर्याप्त सैन्य मदद देता रहा है और हमास को समाप्त करने के उसके लक्ष्य का समर्थन भी करता आया है। लेकिन इसके बावजूद अमेरिका चाहता रहा है कि संघर्ष में आम लोगों की मौत कम से कम हो। उल्लेखनीय है कि 7 अक्तूबर 2023 को इस्राइल पर हुए हमास के क्रूर आतंकवादी हमले के बाद इस्राइल के जवाबी हमले में बत्तीस हजार से अधिक फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं। जिसमें बड़ी संख्या में बच्चे व महिलाएं भी शामिल हैं। हमले से गाजा का एक बड़ा हिस्सा खंडहर में तब्दील हो गया है। लाखों लोगों ने पलायन किया है और एक बड़ी आबादी भुखमरी के कगार पर पहुंच गई है। इस अभूतपूर्व मानवीय संकट के बावजूद इस्राइली हमले जारी हैं। विडंबना यह है कि तमाम अंतर्राष्ट्रीय दबाव के बावजूद दोनों ही युद्धरत पक्षों के रुख में नरमी नहीं आ रही है।


### जलवायु परिवर्तन से होने वाली हानियां हैं, ये खुद बीमारी नहीं बल्कि बीमारी के लक्षण हैं

# हिमालय में जलवायु परिवर्तन व पर्यावरणमित्र विकास

**कुलभूषण उपमन्यु**


जलवायु परिवर्तन के इस दौर में विशेषकर हिमालय और आम तौर पर पूरा देश ही संकटग्रस्त होने की स्थिति में आ गया है। बाढ़, सूखा, असमय बारिश, बर्फ बारी का कम होते जाना, ग्लेशियरों का तेज गति से पिघलना जैसे लक्षण तेज गति से फैलते जा रहे हैं। परिणामस्वरूप कई किस्म की प्राकृतिक आपदाओं से सामना करना पड़ रहा है। बाढ़-सूखा के अतिरिक्त हिमालय में भूस्खलनों से जनधन की भारी तबाही हो रही है। गत बरसात में हिमाचल, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर भारी तबाही के शिकार हुए हैं।


**लोकसभा** के चुनाव सिर पर हैं। राजनीतिक दल अपनी-अपनी प्राथमिकताओं के अनुसार मतदाताओं से वादे कर रहे हैं, किंतु ज्यादातर वादे लोकलुभावन किस्म के ही होते हैं जिनमें दीर्घकालीन जनहित का अभाव देखने को मिलता है। जलवायु परिवर्तन के इस दौर में विशेषकर हिमालय और आम तौर पर पूरा देश ही संकटग्रस्त होने की स्थिति में आ गया है। बाढ़, सूखा, असमय बारिश, बर्फ बारी का कम होते जाना, ग्लेशियरों का तेज गति से पिघलना जैसे लक्षण तेज गति से फैलते जा रहे हैं। परिणामस्वरूप कई किस्म की प्राकृतिक आपदाओं से सामना करना पड़ रहा है। बाढ़-सूखा के अतिरिक्त हिमालय में भूस्खलनों से जनधन की भारी तबाही हो रही है। गत बरसात में हिमाचल, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर भारी तबाही के शिकार हुए हैं। ढांचागत विकास कार्यों में हिमालय की नाजुक पारिस्थिकी के अनुरूप वैकल्पिक विकास नीति और मॉडल के अभाव में प्राकृतिक प्रकोप की घटनाएं बढ़ भी रही हैं और उनसे होने वाली हानि की मात्रा भी बढ़ रही है। ये जो जलवायु परिवर्तन से होने वाली हानियां हैं, ये खुद बीमारी नहीं बल्कि बीमारी के लक्षण हैं। असल बीमारी तो जलवायु परिवर्तन को प्रेरित करने और बढ़ाने वाले काम हैं, जिनमें मुख्य रूप से ऊर्जा के लिए बढ़ती मांग और ऊर्जा उत्पादन के 'हरित प्रभाव' गैसों का उत्सर्जन करने वाले तरीके हैं। बहुत से औद्योगिक अपशिष्ट भी इस समस्या को बढ़ाने का काम करते हैं। हमारे देश में इस समय कुल बिजली उत्पादन क्षमता 428 गीगावाट है, जिसमें से 71 फीसदी बिजली ताप बिजलीघरों द्वारा बनाई जा रही है, जिनमें टरबाइन चलाने के लिए भाप बनाने के लिए पत्थर के कोयले का प्रयोग किया जाता है। कुछ संयंत्र डीजल और प्राकृतिक गैस से भी चलते हैं। इनसे बहुत हानिकारक 'हरित प्रभाव' पैदा करने वाली गैसों का उत्सर्जन होता है, जिससे वैश्विक तापमान में वृद्धि होती है। यही तापमान में वृद्धि जलवायु परिवर्तन का मुख्य कारक है। वातावरण में हरित प्रभाव पैदा करने वाली कार्बन डाईआक्साइड आदि गैसों का उत्सर्जन करने वाली सभी गतिविधियां जलवायु परिवर्तन में कारक की भूमिका निभाती हैं। फिर चाहे जंगलों में लग रही या लगाई जा रही आग हो या गली मुहल्ले में जगह जगह जलाया जा रहा प्लास्टिक कचरा हो, हमारी पृथ्वी के जलवायु में बदलाव के



गुनाहगार बन जाते हैं। लेकिन मुख्य गुनाहगार तो ताप बिजली ही है। इसलिए जरूरी है कि ताप बिजली उत्पादन की जगह नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन को बढ़ाया जाए और बिजली पर निर्भरता को कम करने के उपाय किए जाएं। बिजली पर निर्भरता कम करने के लिए हमें पारंपरिक ऊर्जा साधनों को भी उपयोग में लाना चाहिए। मानव ऊर्जा, पशु शक्ति का उपयोग भी बढ़ाया जाना चाहिए। कृषि क्षेत्र में बैलों से कृषि पर सब्सिडी दी जाए और छोटे पॉवर टिलर पर सब्सिडी कम की जाए तो बैलों से कृषि को प्रोत्साहित किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त बैल चालित कृषि उपकरणों के निर्माण से बैलों से कृषि को सुगम बनाने पर काम होना चाहिए। 2016 में पैरिस एग्रीमेंट के अंतर्गत देशों ने स्वघोषित उत्सर्जन कटौती के वादे किए थे, जिसमें भारत ने 2030 तक 50 प्रतिशत बिजली उत्पादन नवीकरणीय ऊर्जा से करने का वादा किया था। फिलहाल देश में 168.96 गीगावाट बिजली ही नवीकरणीय ऊर्जा से पैदा की जा रही है। हालांकि 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा का लक्ष्य रखा गया है, किंतु जिस गति से कार्य हो रहा है उससे लक्ष्य का पूरा होना कहां तक संभव होगा, यह समय ही बताएगा। 2010 में नवीकरणीय ऊर्जा का उत्पादन 15.42 गीगावाट था, जो अब 168.96 गीगावाट है। बढ़त की इस गति को लक्ष्य के अनुरूप बढ़ाना होगा, तभी लक्ष्य प्राप्त करने की आशा जगेगी। औद्योगिक क्रांति के बाद इन हरित प्रभाव गैसों के उत्सर्जन के कारण होने वाले तापमान वृद्धि को 2 डिग्री सेंटीग्रेड से नीचे रखने का लक्ष्य विश्व वैज्ञानिक समुदाय द्वारा रखा गया है, किन्तु 1.2 डिग्री वृद्धि तो अभी तक हो चुकी है। आने वाले दस बीस वर्षों में यदि उत्सर्जन दर में कमी न की गई तो हिमालय के ग्लेशियर 2050 तक लगभग समाप्त प्रायः हो जाएंगे। यह एक और बड़ा खतरा भारतवर्ष पर होगा। तब हमारी नदियां ग्लेशियरों से आने वाले पानी से वंचित हो जाएंगी और मौसमी बन जाएंगी, जिनमें बरसात और सर्दियों की बारिशों के समय ही पानी होगा, बाकि समय पानी की कमी पड़ जाएगी। भारत में दुनियां की 17 प्रतिशत आबादी रहती है, किन्तु मीठे पानी का उपलब्ध प्रतिशत केवल 4 ही है। तो सोचिए जब ग्लेशियर खत्म हो जाएंगे तो कैसे जल आपूर्ति संभव होगी। ग्लेशियर पिघलने से अचानक बाढ़ों का खतरा भी बढ़ता जाएगा। ग्लेशियर पिघलने से टूट कर पहाड़ी तंग घाटियों में गिर कर ग्लेशियर-झीलों का निर्माण करते हैं। ये झीलें अचानक टूट कर भारी बाढ़ों का कारण बन जाती हैं। केदारनाथ त्रासदी, विष्णुगाड त्रासदी, 1992 की सतलुज की बाढ़ जो पारछू नदी के पनढल में स्थित ग्लेशियर झील के टूटने के कारण आई थीं, गंभीर चेतावनी के रूप में समझी जानी चाहिए। इस औद्योगिक गतिविधि के कारण जलवायु परिवर्तन के अलावा वायु प्रदूषण के खतरे की गंभीरता को भी समझे जाने की जरूरत है। देश के लगभग 96 प्रतिशत लोग अशुद्ध वायु में सांस लेने को अभिशप्त हैं। वे कुछ समय अपने को तरोताजा करने के लिए बचे हुए पहाड़ी क्षेत्रों में आकर कुछ समय सुकून से बिताना चाहते हैं, किन्तु वर्तमान विकास मॉडल के चलते यह भी अधिक समय तक चलने वाला नहीं है। किन्तु खेद का विषय है कि ये मुद्दे शासक जमातों के लिए महत्व नहीं रखते। इन गंभीर मुद्दों पर राजनीतिक दल अपना पक्ष कभी नहीं रखते और हिमालय की विशेष परिस्थिति को समझकर वैकल्पिक विकास नीति की बात हमेशा चुनावी शोर में दब जाती है, जबकि यह मुद्दा केवल हिमालयी राज्यों की चिंता का नहीं है बल्कि उन सभी बेसिन राज्यों का भी है जो हिमालय के संचित पानी, उस पर बन रही बिजली और जलवायु नियंत्रण सेवा पर निर्भर करते हैं। गंगा और सिंधु के मैदानी सभी क्षेत्र इस बदलाव से बुरी तरह प्रभावित होने वाले हैं और हो भी रहे हैं। अतः चुनाव की इस वेला में सभी राजनीतिक दलों को हिमालय की परिस्थिति की रक्षा द्वारा राष्ट्रीय विकास को टिकाऊ विकास का रूप देने की ओर अपना संकल्प व्यक्त करना चाहिए। यही राजनीतिक दलों की टिकाऊ विकास की समझ रखने और इच्छा शक्ति की कसौटी भी होगी।

दृष्टि कोण

# वादों नहीं, गारंटियों पर लड़ा जाएगा पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव

**पश्चिम** बंगाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के तमाम नेताओं ने अपने चुनाव अभियान में मोदी की गारंटी को प्रमुख मुद्दा बनाया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह राज्य की 42 में से 35 सीटें जीतने का लक्ष्य तय कर चुके हैं। अब सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने इसकी काट के तौर पर ममता की गारंटी को अपना प्रमुख हथियार बनाने का फैसला किया है। पार्टी ने साल 2021 के विधानसभा चुनाव में ममता के अकेले अपने बूते भाजपा को कड़ी टक्कर देने की मिसाल सामने रखते हुए इस अभियान की रणनीति बनाई है। उस चुनाव में स्टार प्रचारक रहीं ममता ने अपने अभियान में खासकर महिलाओं और युवतियों के लिए सरकार की ओर से शुरू की गई तमाम योजनाओं के बारे में बढ़-चढ़ कर प्रचार किया था। चुनावी नतीजों से साबित हो गया कि केंद्र सरकार के दावों और वादों के मुकाबले ममता के दावे ज्यादा कामयाब रहे थे। इसलिए इस बार भी अपनी चुनावी रणनीति के तहत पार्टी के नेताओं ने जहां एक ओर ममता की गारंटी की मिसाल के तौर पर कन्याश्री और गृहलक्ष्मी जैसी योजनाओं के प्रचार की योजना बनी है तो दूसरी ओर चुनाव अभियान के दौरान मोदी की गारंटी को खोखला बताते हुए पार्टी के नेता उसकी कथित पोल भी खोलते नजर आएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हाल के महीनों में अपनी तमाम जनसभा में केंद्र की विकास योजनाओं को अपने नाम के साथ जोड़ते हुए मोदी की गारंटी के दावे कर रहे हैं। पश्चिम बंगाल में अपनी एक जनसभा में उन्होंने कहा था कि मोदी की सबसे बड़ी गारंटी है गारंटी पूरी होने की गारंटी। तृणमूल कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता बताते हैं कि पार्टी ने मोदी के इसी जुमले पर चौतरफा हमला बोलने की रणनीति अपनाई है। इसी के तहत पार्टी के महासचिव अभिषेक बनर्जी ने 10 मार्च की ब्रिगेड रैली में जुटी लाखों की भीड़ के सामने सवाल उठाया था कि वो किसकी गारंटी पर भरोसा करते हैं मोदी की या दीदी की? तृणमूल कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि अप्रैल के पहले सप्ताह से पार्टी आक्रामक चुनाव अभियान शुरू करेगी। ममता बनर्जी के सिर पर चोट लगने की वजह से कुछ कार्यक्रमों को आगे जरूर बढ़ाना पड़ा है। लेकिन चुनाव अभियान के दौरान बीते 13 वर्षों के दौरान ममता बनर्जी सरकार की कामयाब योजनाओं के पूरा होने को ममता की गारंटी के तौर पर पेश



किया जाएगा। पार्टी का मानना है कि यह चुनाव भी लोकसभा का हो, इसके प्रचार में भी वही रणनीति अपनाई जाएगी जो साल 2021 के विधानसभा चुनाव के दौरान अपनाई गई थी। उस चुनाव में पार्टी का नारा खेला होबे काफी हिट रहा था और लोगों की जुबान पर चढ़ गया था। इस नारे को लेकर कई गीत पर लिखे और गाए गए थे। पूरे चुनाव अभियान के दौरान दूर-दराज के गांवों में भी लाउडस्पीकर के जरिए लगातार इन गीतों को बजाया गया था। इन गीतों में ममता की तमाम योजनाओं की चर्चा भी की गई थी। पार्टी के एक नेता बताते हैं कि सरकार की ओर से महिलाओं के लिए शुरू भाग्यश्री और कन्याश्री जैसी योजनाओं ने विधानसभा चुनाव में महिला वोटरों को पार्टी की ओर खींचने में काफी अहम भूमिका निभाई थी। बीते विधानसभा चुनाव में जीत के बाद ममता ने महिलाओं के लिए गृहलक्ष्मी और लक्ष्मी भंडार जैसी योजनाएं शुरू की थी। इसके तहत हर महिला के बैंक खाते में पांच सौ से 1000 तक की रकम के अलावा मुफ्त राशन की व्यवस्था है। पार्टी लोकसभा चुनाव के प्रचार में इन दोनों योजनाओं को भी ममता की टाप गारंटी के तौर पर पेश करना चाहती है। टीएमसी के तमाम नेताओं और मंत्रियों को प्रचार के अलावा अपनी नियमित प्रेस कांफ्रेंस में भी इन योजनाओं की चर्चा करने का निर्देश दिया गया है। पार्टी के सूत्रों के मुताबिक, मोदी की तमाम योजनाओं के जवाब में ममता की योजना सामने रख कर भाजपा से मुकाबले की रणनीति बनाई गई है। इसके तहत केंद्र की योजनाओं को फेल और ममता की योजनाओं को कामयाब बताया जाएगा। दूसरी ओर, भाजपा ममता बनर्जी सरकार और उसके मंत्रियों के खिलाफ शिक्षक भर्ती घोटाला, चिटफंड घोटाला, राशन घोटाला, पशु तस्करी घोटाला और कोयला खनन घोटाला जैसे मुद्दे तो पहले से ही उठाती रही हैं।

कुछ अलग

# जेब फिर भी खाली

**अवांछित** घटनाक्रम की वांछित राजनीति ने अब हिमाचल की नीयत में अस्थिर सरकारों का खोट भर दिया है। अस्थिरता न होती तो जनादेश की ताकत से राज्यसभा में कांग्रेस का एक और सांसद प्रवेश कर गया होता, मगर इस ताजपोशी के सबूत खूंखार हो रहे हैं। कांग्रेस की जेब जहां लुटी है वहां जनादेश की दौलत भी लुटी है, लेकिन हम दोनों पाटों में सियासत का पुण्य-पाप नहीं चुन सकते। अगर भाजपा की हालत व देश की राजनीति पर पूर्व केंद्रीय मंत्री व पार्टी के वरिष्ठ नेता शांता कुमार की आंखें भर रही हैं, तो यह मौजूदा दौर की तनहाई में गुम होते सिद्धांतों की अंतिम फरियाद होगी। हम किस जश्न में शरीक हों। कांग्रेस से किनारा कर गए छह विधायकों, उनके साथ पार्टी द्वारा किए गए कथित सुलूक या भाजपा में शामिल हो गए नौ पूर्व विधायकों की नई पारी पर एतबार करें। जो भी हो सियासत का मुलम्मा उतर रहा है। पल भर के लिए हम गिन लेते हैं कि किसी एक के कदम से दूसरी पार्टी को लाभ हो गया, लेकिन अगले ही पल घाटे के समीकरण देख लेते हैं। आसमान में जो उड़ रहे वे कटी पतंगें, हमारी डोर से कैसे जुड़ पाएंगी। कौन सा वादा और कौन सा विवाद इस कशमकश में जीत पाएगा, यहां चारों ओर रस्सियों से बंधे मजमून नजर आते हैं। चैतन्य शर्मा का आगमन राकेश कालिया का भाजपा से प्रस्थान करवा रहा है तो इस आंच को समझना इतना भी आसान नहीं। होशियार सिंह ने पांव जबसे भाजपा की धरती पर रखा है, रमेश धवाला की चाल बदल गई है। कुटलैहड़ में देवेंद्र भुट्टो को पार्टी में देखते ही पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर का कारवां असहज, तो बड़सर से इंद्रदत्त लखनपाल का पाला बदलते ही भाजपा के कंकाल भी कदमताल कर रहे हैं। बेचैनियों के समुद्र में, लोकसभा चुनाव की गोताखोरी अगर कल कहीं कांगड़ा का टिकट सुधीर शर्मा को सौंप देती है, तो भाजपा की जेब भरेगी या पार्टी के नेताओं की खाली हो जाएगी। जाहिर तौर पर इन नौ पूर्व विधायकों का भाजपा में आगमन इतना भी सरल व तरल नहीं कि एकदम पार्टी के अनुशासन में समा जाएगा। दूसरी ओर प्रत्यक्ष रूप में कांग्रेस की जेब खाली हुई है, तो इस चोरी की वजह पार्टी की सीनाजोरी भी है। कांग्रेस ने एक बार फिर साबित किया कि यह पार्टी अपने पांव कुल्हाड़ी मारने की अभ्यस्त हो चुकी है। सारे घटनाक्रम की जड़ में भाजपा की खाद लगी, तो इसके कारण कांग्रेस में ही मौजूद रहे। अफसोस मनाने के लिए अब जनता को एकमात्र सहारा उपचुनाव है। आश्चर्य यह कि यह सब कुछ सरकार के पहरावे और राज्य के खर्च से हो रहा है। अभी यह समझा नहीं जा रहा कि कांग्रेस के घर में आग लगी कैसे। कम से कम जिस वजूद को सौंपकर हिमाचल की जनता को अगले पांच साल की आशाएं थीं, वे कहीं अपने ही घाव को सहलाती व कराहती हुई प्रतीत हो रही हैं। सरकार की सारी मेहनत अब राज्य के बजाय खुद की सुरक्षा में लगेगी। मंत्रिमंडल की उप समिति को अब अपने राजनीतिक समीकरण बचाने और बनाने हैं। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की अध्यक्षता में अब सरकार और सत्ता की चारदीवारी की जिम्मेदारी सिद्ध करती है कि आइंदा एकछत्र साम्राज्य नहीं चलेगा और न ही ऐसी परिस्थिति से निपटने के लिए कोई और हस्ती परवान चढ़ सकती थी। जाहिर तौर पर सत्ता के समीकरण बदल चुके और इम्तिहान के प्रश्न पत्र भी। पिछले चुनाव का एक अलग हिसाब था, अब चुनाव के अर्थ, रहस्य और गणित बदल चुके हैं। कांग्रेस जाहिर तौर पर मुकेश जैसे अनुभवी, संतुलित व स्वीकार्य व्यक्ति की देखरेख में बहुत कुछ बचा सकती है।

देश दुनीया से

# शराब घोटाले में केजरीवाल सलाखों के पीछे, आप महिमामंडन करने में जुटा


दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविद केजरीवाल शराब घोटाले के आरोप में सलाखों के पीछे पहुंच गये हैं। उनपर इस घोटाले का सरगना होने का गंभीर आरोप लगा है। प्रवर्तन निदेशालय उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। सूत्रों के हवाले से केजरीवाल के खिलाफ नये मामले भी प्रकाश में आ रहे हैं। आम आदमी पाटा के बाकी नेता और कार्यकर्ता आंदोलन की पटकथा लिख रहे हैं। संदेह के घेरे में आने के बाद से केजरीवाल लंबे समयसे इस घोटाले की जांच को लेकर टालमटोल कर रहे थे। प्रवर्तन निदेशालय ने भी उनके खिलाफ बड़ी कार्रवाई करने से पहले सबूत जुटाने में कोई कसर नहीं रखा है और अदालत में अपना पक्ष विश्वसनीयता बनाये रखने को लेकर रखा है।


**भ्रष्ट** नेताओं का महिमामंडन भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई पर कभी कभी भारी पड़ता दिखता है। भ्रष्टाचार के खिलाफ जब भी किसी सरकार ने कार्रवाई की है तो राजनीति उसके आड़े आ जाती है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविद केजरीवाल शराब घोटाले के आरोप में सलाखों के पीछे पहुंच गये हैं। उनपर इस घोटाले का सरगना होने का गंभीर आरोप लगा है। प्रवर्तन निदेशालय उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। सूत्रों के हवाले से केजरीवाल के खिलाफ नये मामले भी प्रकाश में आ रहे हैं। आम आदमी पाटा के बाकी नेता और कार्यकर्ता आंदोलन की पटकथा लिख रहे हैं। संदेह के घेरे में आने के बाद से केजरीवाल लंबे समयसे इस घोटाले की जांच को लेकर टालमटोल कर रहे थे। प्रवर्तन निदेशालय ने भी उनके खिलाफ बड़ी कार्रवाई करने से पहले सबूत जुटाने में कोई कसर नहीं रखा है और अदालत में अपना पक्ष विश्वसनीयता बनाये रखने को लेकर रखा है। दिल्ली शराब घोटाले मामले में आम आदमी पाटा के दो दिग्गज नेता मनीष सिसोदिया और राज्यसभा सांसद संजय सिह तथा तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चन्द्रशेखर राव की बेटी कविता की गिरफ्तारी जांच एजेंसी द्वारा हो चुकी है। दरअसल सिसोदिया को झटका देते हुए उच्चतम न्यायालय ने



दिल्ली आबकारी नीति मामले (शराब घोटाला) से संबंधित भ्रष्टाचार और धन-शोधन मामलों में उनकी नियमित जमानत याचिका खारिज करते हुये कहा था कि मामले में अस्थायी तौर पर 338 करोड़ रुपये के हस्तांतरण की पुष्टि हुई है। शीर्ष अदालत की ओर से मामले में 338 करोड़ रुपये के हस्तांतरण की पुष्टि संबंधी टिप्पणी के कारण केजरीवाल की गिरफ्तारी भी तय हो गई थी। केजरीवाल ने गिरफ्तारी से बचने के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया खटखटाया लेकिन उन्हें राहत नहीं मिली।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले के भाषण में दो टूक कहा था कि यह चिता का विषय है कि आज देश में भ्रष्टाचार के प्रति नफरत तो दिखती है, व्यत्त भी होती है लेकिन कभी-कभी भ्रष्टाचारियों के प्रति उदारता बरती जाती है, किसी भी देश में यह शोभा नहीं देगा। कई लोग तो इतनी बेशमा तक चले जाते हैं कि कोर्ट में सजा हो चुकी हो, भ्रष्टाचारी सिद्ध हो चुका हो, जेल जाना तय हो चुका हो, जेल में सजा काट रहे हो, उसके बावजूद भी उनका महिमामंडन करने में लगे रहते हैं। चारा घोटाले में दोषी बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव स्वास्थ्य कारणों से जेल से बाहर है लेकिन राष्ट्रीय जनता दल के नेता और कार्यकर्ता उनका महिमा मंडन करते रहे हैं। अब केजरीवाल सलाखों के पीछे हैं तो आप के नेता और कार्यकर्ता केजरीवाल का महिमा मंडन करते में लगे हैं। कांग्रेस ने भी इस घोटाले की जांच की मांग की थी लेकिन अब उसने इसे नजरंदाज कर दिया है। कांग्रेस की अगुवाई में बना विपक्ष का इंडिया गठबंधन लगातार बिखर रहा है फिर भी वह राजनीतिक लाभ के लिए केजरीवाल की गिरफ्तारी का विरोध कर रहा है।जर्मनी के बाद अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवत्ता ने केजरीवाल मामले में रॉयटर्स के पूछे गए सवाल के जवाब में कहा, 'हम मुख्यमंत्री केजरीवाल के लिए निष्पक्ष, पारदशा और समयबद्ध कानूनी प्रायिा के लिए प्रोत्साहित करते हैं।' इससे पहले सीएए को लेकर भी अमेरिका ने भी भारत को ज्ञान दिया था और कहा था कि इस मामले में हमारी करीबी नजर है। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले अमेरिका ने हाल के दिनों में ऐसे कई बयान दिए हैं जो भारत को असहज कर रहे हैं। वह भी तब जब भारत और अमेरिका के बीच रिश्ते नईं ऊंचाईं पर पहुंच गए हैं। इससे पहले जर्मनी की सरकार ने भी केजरीवाल की गिरफ्तारी मामले में टिप्पणी की थी जिसका भारत ने करारा जवाब दिया था। भारत ने जर्मनी के दूतावास के उप प्रमुख को तलब करके उन्हें जमकर सुनाया था।देश में लोकसभा चुनाव हो रहे हैं और पूरी दुनिया की नजर इनपर होना स्वाभाविक है लेकिन हर कोईं भी जानता है कि दूसरे देश के अंदरूनी मामलों में उसे किसी भी तरह से दखल नहीं देना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी कथनी और करनी के लिहाज से देश दुनिया में एक दृढ नियावाले राजनेता के रूप में जाने जाते हैं। मोदी की भ्रष्टाचार के खिलाफ लडाईं तेज होती जा रही है। कांग्रेस की अगुआई में बने विपक्षी दलों के गठबंधन के कई नेता भ्रष्टाचार के मामले में जमानत पर है।

आप का नजरीया

# खेती पर तपिश

**सच** है कि ग्लोबल वॉर्मिंग ने हमारे खेत-खलिहानों में दस्तक दे दी है। जिस गति से पृथ्वी का तापमान बढ़ रहा है, वह आम आदमी के लिये तो कष्टकारी है ही, किसान के लिये संकट ज्यादा बढ़ा है। इसका सीधा असर खेतों की उत्पादकता पर पड़ रहा है। जिसके मुकाबले के लिये सुनियोजित तैयारी की जरूरत है। किसानों को उन वैकल्पिक फसलों के बारे में सोचना होगा, जो कम पानी व अधिक ताप के बावजूद बेहतर उत्पादन दे सकें। अन्न उत्पादकों को धरती के तापमान से उत्पन्न खतरों के प्रति सचेत करने की जरूरत है, यदि समय रहते ऐसा नहीं होता तो मान लीजिए कि हम आसन्न संकट की अनदेखी कर रहे हैं। यह मसला इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह मुद्दा दुनिया की सबसे बड़ी आबादी की खाद्य शृंखला से भी जुड़ा है। यानी गाहे-बगाहे इस संकट की जद में देश का हर नागरिक आएगा। दरअसल, दुनिया के तापमान पर निगाह रखने वाली वैश्विक संस्था डब्ल्यू.एम.ओ.की वह रिपोर्ट चिंता बढ़ा रही है जिसमें कहा गया है कि पिछले एक दशक में पृथ्वी का तापमान कमोबेश औसत तापमान से अधिक ही रहा है। फिक्र की बात यह है कि इसके मौजूदा साल में और अधिक रहने की आशंका जतायी जा रही है। यह वैज्ञानिक सत्य है कि वैश्विक तापमान में वृद्धि से पूरी दुनिया का मौसम चक्र गहरे तक प्रभावित होता है। देर-सबेर इससे मनुष्य जीवन का हर पहलू प्रभावित होगा। दरअसल, पिछले कुछ वर्षों में ग्लोबल वॉर्मिंग संकट के चलते पूरी दुनिया में यह कह पाना कठिन है कि कहां अप्रत्याशित बारिश होगी और कहां कष्टकारी तापमान बढ़ेगा। लेकिन इसके बावजूद विकसित देशों की सरकारें इस गंभीर संकट के प्रति सचेत नजर नहीं आती। ऐसे में आशंका जतायी जा रही है कि इस सदी के मध्य तक दुनिया का तापमान डेढ़ डिग्री सेल्सियस से अधिक बढ़ सकता है। जो मानव जीवन चक्र व फसलों के लिये घातक साबित हो सकता है। यह सर्वविदित है कि दुनिया के बड़े राष्ट्र कार्बन उत्सर्जन को कम करने तथा जीवाश्म ईंधन पर रोक लगाने के लिये प्रतिबद्ध नजर नहीं आ रहे हैं। पूरी दुनिया में बड़े राष्ट्र विकास के नाम पर प्राकृतिक संसाधनों का बेरहमी से दोहन करने में लगे हैं। वे इस बात को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं कि आज दुनिया में औद्योगिकीकरण से पहले के समय के मुकाबले विश्व का तापमान निर्धारित सीमा को पार कर चुका है। जो हमारे लिये एक खतरे की घंटी जैसा है। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि हम मौसमी बदलाव के अनुकूल खुद को उसी अनुपात में तेजी से ढाल नहीं पा रहे हैं। दरअसल, हमें मौसम के व्यवहार में तेजी से हो रहे बदलाव के अनुरूप अपनी खेती के पैटर्न में भी बदलाव की जरूरत है। उन परंपरागत फसलों पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है जो कम बारिश व अधिक तापमान में ठीक-ठाक उपज देने में सक्षम हैं। एक समय भारत में बड़े भू-भाग में हम मोटे अनाज का उत्पादन करते थे, जो कम बारिश में भी बेहतर फसल दे सकता था। लेकिन कालांतर हमने अधिक सिंचाई वाली फसलों का उत्पादन व्यावसायिक स्तर पर करना तेजी से शुरू कर दिया। मौसम में बदलाव का असर खाद्यान्न ही नहीं, सब्जियों, फल-फूलों पर भी गहरे तक पड़ रहा है।

**संक्षिप्त खबरें**

## गैस चूल्हा से झुलसी रामपुर बीसी संचालक साजिद की पत्नी, इलाज की दौरान मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**प्रतापपुर :** गैस पर खाना बनाते गैस टँकी फटने से बुसरा प्रवीण की हुई मौत। यह घटना 20 फरवरी का है। गैस चूल्हा पर खाना बनाने के क्रम में बुसरा प्रवीण को कपड़ा में आग पकड़ लिया था। जिससे पूरा शरीर झुलस गया था। हालांकि शोर करने पर उनके पति ने दौड़कर आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक शरीर की आधी हिस्सा जल गई थी। जिसकी इलाज बर्न हॉस्पिटल अपोलो पटना में चल रहा था। लेकिन इलाज के क्रम में ही तड़के मंगलवार को मौत हो गई। इनकी एक बेटी और दो छोटे छोटे बेटे थे। नन्हे बच्चों को दुनिया को अलविदा कर गयी। शव को एंबुलेंस से आज घर लाया गया। जहां परिजनों से लेकर पूरे गांव में मातम पसर गया है। हालांकि उनकी पार्थिव शरीर को स्थानीय कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक कर दिया गया है।

# सड़क दुर्घटना वाले क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाएं : डीसी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा श्री रमेश घोलप की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की गई। बैठक में सर्वप्रथम पूर्व में दिए गए निर्देश के अनुपालन प्रतिवेदन की बिन्दुवार जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होने जिले भर में हुए सड़क दुर्घटना की समीक्षा के क्रम में जिला परिवहन पदाधिकारी को सड़क सुरक्षा अभियान चलाने का निर्देश दिया। जिससे सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण किया जा सके। वहीं परियोजनाओं से चलनेवाली भारी वाहनों को लेकर सभी परियोजनाओं के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि यह सुनिश्चित किया जाय कि मोटर वाहन एक्ट का अक्षरशः अनुपालन हो अगर इसकी अवहेलना पाई जाती है तो जांच अभियान चलाते हुए जिला परिवहन पदाधिकारी संबंधित के उपर कार्रवाई करेंगे। साथ ही कहा अवैध खनन से संबंधित मामलों में ड्राइवर, वाहन, वाहन मालिक समेत संलिप्त अन्य लोगों के उपर भी कार्रवाई करें। ओवरलोड वाहनों के उपर भी विशेष रूप से सख्त से सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। आगे उन्होने नो इंट्री का सख्ती से पालन कराने का निर्देश दिया। साथ ही बिना फिटनेश, चालान के वाहनों को चलाते हुए पकड़े जाने पर कार्रवाई होगी। बैठक में पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पाण्डेय, अपर समाहर्ता अरविन्द कुमार, अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा सुरेन्द्र उरांव, जिला परिवहन पदाधिकारी चतरा इंद्र कुमार, सभी परियोजनाओं के प्रतिनिधि समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## अनियंत्रित स्कार्पियो पेड़ से टकराई, बाल-बाल बचा चालक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** थाना के अंतर्गत बघमरी मोड दिन प्रतिदिन हत्यारी मोड़ के नाम से विख्यात होता जा रहा है।यह मोड़ गिद्धौर के बड़की नदी से करीब 200 मीटर हजारीबाग जाने वाले मार्ग में पड़ता है।तीखी मोड होने के कारण आए दिन छोटी-बड़ी वाहन नियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो रहा है। बताते चलें की इस मोड पर आधा दर्जन लोग अपनी जान गवां चुके हैं।जबकि दर्जनों छोटी बड़ी वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो चुकी है। ग्रामीण उक्त मोड पर स्पीड ब्रेक व तीखी मोड होने की सूचना पट्ट लगाने की मांग पथ प्रमंडल विभाग के साथ-साथ परिवहन विभाग से से कई बार किया। परंतु इस पर आज तक कोई पहल नहीं किया गया। वैसे में आए दिन निरंतर दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही है। मंगलवार की सुबह एक स्कॉर्पियो वाहन उक्त मोड पर अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में स्कॉर्पियो वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। जबकि वाहन पर सवाल यात्री बाल बाल बच गए। बताया जाता है कि स्कॉर्पियो वाहन चतरा की ओर से हजारीबाग जा रहा था। इसी क्रम में उक्त मोड़ के समीप अनियंत्रित होकर महुआ के पेड़ में जा टकराई। जिससे वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। वाहन जोरी के रवि रंजन कुमार का बताया जा रहा है।जिसका संख्या जेएच 01सीजे 5275 है। घटना की सूचना मिलते हैं स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की विस्तृत जानकारी लिया। जबकि क्षतिग्रस्त वाहन को अपने कब्जे में कर लिया है।

## जेएसएलपीएस सक्रिय महिलाओं की हुई मासिक बैठक, कई बिंदु पर हुई चर्चा



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत छः घरवा में सक्रीय महिलाओं के साथ जेएसएलपीएस कर्मीयों ने मासिक बैठक मंगलवार को किया। बैठक की अध्यक्षता प्रतिमा देवी ने किया। संचालन सिसी सुनिल पासवान ने किया। जहां बैठक में उपस्थित सभी सक्रीय महिलाओं से महीने भर के कार्य की जानकारी लिया गया। एवं प्रोत्साहन राशि देने के लिए वर्क डन जमा करवाया गया। तथा समूह ऑडिट करने की बात कही गई। व अन्य कई जानकारियां बताई गई। मौके पर उपस्थित अकाउंटेड शीला कुमारी सक्रिय महिला लक्ष्मी देवी जया देवी सुनीता देवी संगीत देवी निर्मला देवी गिता देवी कंचन देवी प्रियंका देवी रेखा देवी एवं दर्जनों महिलाएं उपस्थित थी।

## मगध परियोजना एक नया सर्वकालिक रिकॉर्ड स्थापित करने की राह पर



**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मगध कोल परियोजना के परियोजना पदाधिकारी एस. सत्यानारायणा ने अपार हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि मगध परियोजना (मगध-संघमित्रा क्षेत्र) की सशक्त एवं कर्मठ टीम ने वर्ष 2023-24 में तमाम विषम परिस्थितियों एवं बधाओं को दरकिनार करते हुए 20 रू्ञ कोयला एवं 18.30 MT ओ.बी. सुरक्षित रुप से निकालने में सफल रही। मगध परियोजना ने पिछले वर्ष की तुलना में कोयला उत्पादन में 28.41त्र एवं ओ. बी. में 26.93त्र की वृद्धि दर्ज की है जो की एक अभूतपूर्ण एवं सुखद उपलब्धि है। इसके अलावा 26.87त्र की वृद्धि दर के साथ 20.42 रू्ञ कोयले का संप्रेषण भी किया। उन्होंने यह भी बताया कि यह उपलब्धि परियोजना के कामगारों तथा अधिकारियों की टीम भावना, रैयतों, हितधारकों, खनन कार्य कर रही आऊटसोर्सिंग कंपनी वीपीआर और ट्रांसपोर्टरों की लगनशीलता एवं कर्मठता की परिनिती है। परियोजना में कार्यरत सभी श्रम संगठन ने भी मधुर एवं सौहार्दपूर्ण औद्योगिक संबंध के साथ कामगारों के उत्साहवर्धन में अपनी अहम भूमिका निभाई है। इस स्मरणीय सहयोग के लिए परियोजना पदाधिकारी ने अपनी पुरी मगध की टीम एवं प्रत्यक्ष-परोक्ष रूप से सहयोग देने वाले सभी सहयोगियों को दिल से धन्यवाद कहा। मगध परियोजना की पूरी टीम ने अपने महाप्रबंधक, नृपेंद्र नाथ के कुशल एवं सफल निर्देशन का लाभ लेते हुए बखूबी लक्ष्य को पूरा कर दिखाया। परियोजना पदाधिकारी ने मगध-संघमित्रा क्षेत्र की टीम को बधाई देते हुए कहा है कि सभी बाधाओं को पार कर इस कठिन कार्य को करने में पूरे मगध-संघमित्रा परिवार का सराहनीय योगदान है। इस उपलब्धि के लिए परियोजना पदाधिकारी ने सभि श्रमविरों, उनके परिवार एवं उन सभी सहयोगियों के प्रति इस उत्कृष्ट कार्य निष्पादन में सहयोग के लिए सभी को बधाई एवं आभार प्रकट किया तथा यह भी विश्वाश जताया की मगध परियोजना की कर्मठ टीम अगले वर्ष 2024-25, में अपने प्रयास से उत्तरोत्तर वृद्धि कायम करते हुए पूरे सीसीएल में उत्पदान, उत्पादकता, लाभांश बढ़ोतरी, गुणवत्ता, प्रेषण में भी सर्वोच स्थान सृजित कर कृतिमान स्थापित करेगी।

## पत्थलगड़ा के सिंघानी चौक में रामनवमी पूजा को लेकर ग्रामीणों की हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड के सिंघानी चौक में रामनवमी महापर्व को लेकर बीते सोमवार की देर शाम ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता तिलेश्वर दांगी व संचालन सुखसागर राणा के द्वारा किया गया। बैठक में ग्रामीणों ने प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्ण वातावरण में रामनवमी महापर्व मनाने का निर्णय लिया। इस दौरान सभी उपस्थित ग्रामीणों के बीच सिंघानी के छठ पूजा समितियों द्वारा पंचमुखी हनुमत रूद्र मंदिर सिंघानी में एक लाइट, मशीन और चोंगा रामनवमी पूजा से पहले देने की बात कही गई। जिस पर सभी उपस्थित ग्रामीणों ने ताली बजाते हुए छठ पूजा समिति सिंघानी को धन्यवाद दिया। वहीं सभी ग्रामीणों के सर्वसम्मती से पूजा कमेटी का गठन किया गया। जिसमें कमेटी के अध्यक्ष सुखसागर राणा, उपाध्यक्ष प्रकाश केसरी, सचिव ओम प्रकाश दांगी, उपसचिव प्रकाश कुमार, व कोषाध्यक्ष पिंटू कुमार को मनोनीत किया गया। जबकि संचालक में पूर्व सेवानिवृत शिक्षक नारायण राम दांगी, कैलाश दांगी, प्रेम भुइयां, दीपक रजक, दीनदयाल राम और विजय भगत को बनाया गया। नव चयनित अध्यक्ष ने मौके पर कहा कि इस बार की रामनवमी महापर्व हर वर्ष की भांति हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्ण वातावरण में आदर्श आचार संहिता को देखते हुए मनाया जाएगा। बैठक में राजू ठाकुर, दीपक प्रसाद केसरी, राजेंद्र दांगी, शिवशंकर दांगी, संजय दांगी, प्रमोद केसरी, विजय रजक, इंद्रदेव दांगी, बजरंगी राम, बासुदेव दांगी सहित कई ग्रामीण उपस्थित थें।

# माकपा का चतरा, लातेहार, पलामू जिला कमिटी की संयुक्त बैठक हंटरगंज में संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** माकपा की चतरा, पलामू और लातेहार जिला कमिटि की संयुक्त बैठक हंटरगंज में की गई। जिसकी अध्यक्षता रामदेव सिंह ने की। बैठक में चतरा लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी खड़ा करने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा है कि पार्टी ने राजमहल लोकसभा क्षेत्र से गोपीन सोरेन को प्रत्याशी घोषित किया गया है। संयुक्त बैठक में चतरा लोकसभा क्षेत्र से पार्टी की ओर से प्रत्याशी देने पर निर्णय लिया गया है। वहीं निर्णय से केंद्रीय कमिटि को अवगत करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस सीट से चुनाव लड़ने के लिए पार्टी कार्यकर्ता एक वर्ष से तैयारी कर रहे थे, लगातार बैठक और दौरा चल रहा था, केंद्रीय कमिटि की सहमति मिलते ही इस लोकसभा क्षेत्र में पार्टी कार्यकर्ता मजबूती से चुनाव लड़ेंगे। दोनों बड़े दलों झामुमो और कांग्रेस ने सीट शेयरिंग पर अबतक कोई बात नहीं की है। इंडिया गठबंधन में तय हुआ था कि सीट शेयरिंग का काम प्रदेश स्तर पर होगा, बिहार, तमिलनाडु समेत दूसरे राज्य में भी सीट शेयरिंग राज्य स्तर पर किया गया है। लेकिन झारखंड में ऐसा नहीं हुआ। बतौर पर्यवेक्षक राज्य सचिव प्रकाश विप्लव, राज्य कमिटि सदस्य प्रफुल लिंडा, राज्य कमिटि सदस्य समीर दास, जैनेंद्र सिंह, चतरा जिला सचिव राजकुमार यादव, लातेहार जिला सचिव सुरेंद्र सिंह, जिला परिषद सदस्य बेचन पासवान, तिलू भारती, बिनोद भुइयां, बैजनाथ ठाकुर, बिगन भारती, ईश्वरी साव, ओम प्रकाश भुइयां, मोईन दास, सीताराम भारती, राजेश भारती, छुनेंद्र भारती संदीप भारती, रामू भारती, शिबू भुइयां, शिवजन भुइयां, बीनोद भारती, पुन भारती, राजकुमार भारती, सुधू भारती, हरीशचंद्र दास, बिंदुल देवी, मुनियां देवी, कमली देवी, बिरेंद्र भारती, भन्जीत सिंह, तिलु भारती, लालु भुईयां, प्रजेश ठाकुर, वसुन्त भारती, राजेन्द्र दास, मदन दास, रघु भारती, मुगेखर प्राजापति सहित पार्टी के कई नेता कार्यकर्ता शामिल थे।

## चापानल खराब, छात्र-छात्रा परेशान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातु :** प्रखंड क्षेत्र के डाढा पंचायत अंतर्गत कटई टोला के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय के परिसर में लगा जलमिनार और चापानल पिछले वर्ष से खराब पड़ा है। जिसके कारण विद्यालय मे अध्ययनरत छोटे छोटे छात्र छात्राओं को पेयजल हेतु काफी परेशानी हो रही है,मध्याहन भोजन के बाद हाथ धोने व पानी पिने के लिए काफी दुर जाना पड़ता है। मध्याहन भोजन तैयार करने के लिए रसोइयों को काफ़ी दूर से पानी लाना पड़ता है।वहीं विद्यालय परिसर में जल की व्यवस्था नहीं रहने से विद्यार्थियों को खुले में शौच के लिए दुर जाना पड़ता हैं. इस संबंध मे विद्यालय के शिक्षक कन्हाई शर्मा व जितेंद्र उरांव ने बताया कि जलमिनार पर लगा सोलर प्लेट पिछले वर्ष तेज तुफान में गिरकर पुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था.जिसकी सुचना तत्काल प्रखंड प्रशासन को दिए थे, उसके कुछ दिन के बाद चापानल भी खराब हो गया . गरमी शुरु हो जाने के वजह से बच्चों को पेयजल के लिए काफी परेशानी हो रही है,उन्होंने प्रखंड प्रशासन से यथासिघ्र जलमिनार व चापानल मरम्मती के लिए गुहार लगाई है।

# क्लीनिकल इस्टैब्लिशमेंट एक्ट को पूरी तरह से कराएं लागू : उपायुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** 2 अप्रैल 2024 मंगलवार को उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में जिला अंतर्गत संचालित सरकारी / प्राईवेट क्लिनिक, नर्सिंग होम अस्पतालों के संचालकों का क्लिनिक स्थापना (पंजीकरण विनियमन) अधिनियम, 2010 एक्ट के प्रावधानों/ मानकों का अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु बैठक आहूत की गई। बैठक में उपायुक्त के द्वारा सिविल सर्जन को जिला अंतर्गत संचालित सभी सरकारी/ प्राईवेट क्लिनिक, नर्सिंग होम अस्पतालों का टीम बनाकर क्लिनिक स्थापना (पंजीकरण विनियमन) अधिनियम, 2010 एक्ट चेकलिस्ट के अनुसार जांच करने का निर्देश दिया गया। जिन चिकित्सीय ईकाईयों के द्वारा बिना प्रमाण पत्र के क्लिनिक, नर्सिंग होम, अस्पताल आदि संचालित किये जा रहे हैं उनके विरुद्ध एक्ट के प्रावधानों के अनुसार विधिसम्मत् कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। साथ ही, जिन चिकित्सीय संस्थानों को प्रमाण पत्र निर्गत है उनके द्वारा एक्ट के प्रावधानों का शत् प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया एवं इसकी सतत् निगरानी एवं अनुश्रवण करनें का निर्देश दिया गया। समीक्षा क्रम में जिन चिकित्सीय ईकाईयों का औपबंधिक प्रमाण पत्र की वैधता समाप्त हो गई है, उन्हें चिन्हित करनें एंव एक्ट के प्रावधानों के तहत चिकित्सीय संस्थानों का संचालन सुनिश्चित करानें का निर्देश दिया गया।बैठक में सिविल सर्जन, लातेहार डॉ अवधेश सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लातेहार, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, जिला कार्यक्रम प्रबंधक आदि उपस्थित थे।

## छात्र सन्नी यादव चाकू की वार से हुआ घायल, रिम्स रेफर



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर थाना क्षेत्र के उदयपुरा स्थित उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय में मंगलवार को एक छात्र ने अपने ही सहपाठी सन्नी यादव को चाकू से मारकर घायल कर दिया। घायल छात्र सन्नी यादव पिता तारा लाल यादव 15 वर्ष है।दरअसल में यह घटना स्कूल में टिफिन के समय हुआ है।जिसके बाद शिक्षकों ने आनन फानन में सन्नी को लेकर सदर अस्पताल पहूंचे। जहां पर चिकित्सक डॉ0 पंकज कुमार ने सन्नी यादव का प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया।घटना के संबंध में विधालय के प्रधानाचार्य विरेन्द्र प्रसाद ने बताया कि एक छात्र लोकेश्वर भूइयां है जबकि घायल छात्र सन्नी यादव है दोनों एक ही कक्षा में हैं। आठवीं कक्षा से नवीं कक्षा में प्रवेश के लिए इक्जाम दिये हैं। पहले से दोनों में किसी भी तरह की कोई मतभेद नहीं थी आज टिफिन के समय दोनों मजाक में ही निम्बू काटने के लिए चाकू की छिना झपटी मजाक कर रहे थे,उसी दौरान लोकेश्वर के हाथ से छूटी चाकू सन्नी को लग गई जिससे सन्नी घायल हो गया। **क्या कहते हैं थाना प्रभारी :** इस संबंध में लातेहार थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा ने बताया कि बच्चा अभी बयान देने की स्थिति में नहीं है। बच्चे के बयान देने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## मतदाता जागरूकता को लेकर स्थानीय कलाकारों ने यूट्यूब पर शॉट फिल्म किया लांच




**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के लोक कलाकार रविकांत भगत के निर्देशन में स्थानीय कलाकारों ने चार नागपुरी शॉट फिल्म यूट्यूब पर लॉच किया है। सभी फिल्म चुनाव में मतदाता जागरूकता को लेकर बनाये गये हैं।रविकांत भगत के निर्देशन में मतदान जैसा कुछ नहीं नामक एक शॉर्ट फिल्म तैयार की गयी है।इस फिल्म में खुद उन्होंने एवं रिंकू उरांव ने मुख्य किरदार निभाया है।दूसरी फिल्म है महिला मतदाता इसके निर्माता निर्देशक रवि मुंडा (रांची) हैं। इस फिल्म में सत्यम देवी के अलावा सभी महिला कलाकार लातेहार जिला के हैं।तीसरी फिल्म है नैतिक मतदान इसके निर्देशक रिंकू उरांव हैं।फिल्म में रिंकू उरांव व पूनम उरांव ने काम किया है। चौथी फिल्म है मतदान पंजीकरण इस फ़िल्म के निर्माता निर्देशक जितेंद्र भगत हैं।फिल्म में 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं को मतदाता सूची में अपना नाम निबंधित करने के लिए प्रेरित किया गया है। इसके अलावा नागपुरी भाषा में बनी वीडियो एल्बम का नाम हमीन हेकी भारत वासी- हमीन हेकी जिम्मेदार नागरिक है। इस एल्बम के गीतकार और गायक रविकांत भगत हैं।

## एसवीएम लातेहार में हवन पूजन के साथ नए सत्र 2024 - 25 की हुई शुरुआत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार में हवन यज्ञ व अनुष्ठान कार्यक्रम के साथ नए सत्र 2024 - 25 का शुभारंभ करते हुए आगामी सत्र के लिए भैया बहनों के सर्वांगीण विकास एवं विद्यालय परिवार के सुख शांति तथा समृद्धि की प्रार्थना की गई। अनुष्ठान के दौरान वंदना सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा पाठ और पुरोहित व्यास पीठ संदीप शास्त्री (मानस म्यूजिकल ग्रुप लातेहार) अशोक महालका व सहयोगी में जय राम जी, रवि शंकर, उमेश कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से पूरे विधि विधान के साथ पूजन कार्य संपन्न कराया गया। प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी विद्या भारती की कार्यप्रणाली व नए सत्र के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमारी परंपरा एवं मान्यता है कि कोई भी कार्य यदि हम ईश्वर की स्तुति के साथ करते हैं तो उसमें अवश्य सफलता मिलती हैं नए सत्र में नए जोश, स्फूर्ति एवं नई संकल्प के साथ किया गया कार्य से अवश्य अपने जीवन के लक्ष्य को आसानी से पूर्ण किया जा सकता है। हवन यज्ञ की पवित्र अग्नि में मन के विकार, शरीर की रुग्णता और वातावरण की अशुद्धता जलकर नष्ट हो जाती है इसी को ध्यान में रखकर हवन यज्ञ का कार्यक्रम रखा गया है, आगे प्रधानाचार्य ने कहा कि 3 अप्रैल से पठन-पाठन कार्य प्रारंभ हो जाएगा।इस हवन पूजन कार्यक्रम में भैया बहन अभिभावक आचार्य आचार्या ने गायत्री मंत्रों उच्चारण के साथ आहुति दी। प्रसाद वितरण के पश्चात शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ।

## जेएसएलपीएस द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातु :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लातेहार के निर्देशानुसार लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम मे सोमवार को बरियातू प्रखंड क्षेत्र मेछ्वस्का के द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत टोटी सी.एल.एफ के अंतर्गत साल्वे व टुन्डाहुटु ग्राम में बैठक आयोजित कर रंगोली बनाकर.व शपथ कार्यक्रम करके मतदाताओं को जागरूक किया गया। वही टोटी सी.एल.एफ के अंतर्गत भाटचतरा ग्राम में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत रैली का आयोजन किया गया। बारियातु सी.एल. एफ.मे बैनर के माध्यम से शपथ कार्यक्रम कर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए अधिक से अधिक संख्या में 20 मई को अपने घरों से निकलकर वोट करने की अपील की गई।

## केक काटकर बैंक का स्थापना दिवस मनाया गया

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक की बालूमाथ शाखा में बैंक छठा स्थापना दिवस मनाया गया ।शाखा प्रबंधक महिपाल नायक ने केक काटकर कार्यक्रम की शुरुआत किया । मौके पर बोलते हुए शाखा प्रबंधक ने कहा कि इससे पहले वनांचल और झारखंड ग्रामीण बैंक के रूप में बैंक जाना जाता था ।और प्रमंडलीय बैंक को मर्ज कर एकमात्र झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक की स्थापना की गई है ।यह बैंक क्षेत्र और राज्य के विकास में अपनी भूमिका निभा रहा है ।एसबीआई और बैंक आफ इंडिया के बाद झारखंड का तीसरा अग्रीम बैंक के रूप में यह जाना जाता है।

## रामनवमी पूजा की तैयारियों को लेकर रामभक्तों मे दिख रहा है उत्साह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारु।** रामनवमी त्योहार को लेकर प्रखंड क्षेत्र के राम् भक्तो मे गजब का उत्साह नज़र आ रहा है। क्षेत्र के अखाड़ों मे पूजा और जुलुस की तैयारियां को लेकर बैठकों का दौर जारी है।दारु के पुराना दुर्गा मंडप मे फ्रेंड्स क्लब बक्शीडीह के रामभक्तों के बीच एक बैठक किया गया जिसकी अध्यक्षता सेवनिवृत दारोगा दिनेश प्रसाद ने किया। इस बैठक मे रामभक्तों ने एक स्वर मे रामनवमी पूजा गाजे बाजे के साथ धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया।इस बैठक मे कोषाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान के द्वारा पिछले वर्ष का लेखा जोखा पेश किया गया और आगे की तैयारियों को लेकर चर्चा किया गया। बैठक मे भैया कृपानंद प्रसाद, भैया संतोष कुमार, बजरंग सहाय, संजय दास,सुमन सिन्हा, राजन सिन्हा, उपेंद्र पासवान,रौशन् सिन्हा, भैया सुमित,अंकित सहाय, प्रमोद पासवान, बिट्टू रवानी,सुरेश दास, नंदू ठाकुर,प्रभाकर सिन्हा, नंदू ठाकुर,राहुल राज, सुरेंद्र राम, गोविंद राम सहित कई अन्य रामभक्त शामिल थे।

# जिला प्रशिक्षण और समीक्षा बैठक में कार्मिकों को दिए गए महत्वपूर्ण निर्देश : नैंसी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी नैंसी सहाय की अध्यक्षता में लोकसभा निर्वाचन 2024 के सफल संपादन को लेकर कार्मिक कोषांग, सामग्री एवं प्रशिक्षण कोषांग के वरीय तथा नोडल पदाधिकारी एवं प्रतिनियुक्त कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में कार्मिक कोषांग में प्रतिनियुक्त कर्मियों के कार्यों और उपलब्धता पर चर्चा की गई। सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को अपने दायित्वों का निर्वह्न एवं कार्य को सुचारू रूप से करने का निर्देश दिया गया। सभी कोषांगों के कर्मी को अपने-अपने कोषांग में अनिवार्य रूप से योगदान देने हेतु निर्देशित किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी को निर्देशित किया कि सभी कोषागों को अपने दायित्वों के निर्वहन हेतु पूर्ण रूप से प्रशिक्षण दिया जाना आवश्यक है ताकि सभी बिंदुओं पर स्पष्टता रहे। उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी,सभी सीओ और सभी थाना प्रभारी को सी विसील,एनकोर, सुविधा एप्प के साथ साथ चुनाव आयोग से संबंधित सभी ऑनलाइन एप्स की जानकारी देने को कहा। उन्होंने कहा कि सभी कर्मियों के प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षण कैलेंडर ससमय तैयार करा लें एवं तिथिवार सभी को चुनाव से संबंधित पूर्ण प्रशिक्षण करवाएं। मौक पर उन्होंने कार्मिक कोषांग, सामग्री कोषांग एवं प्रशिक्षण कोषांग के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी अपने-अपने कोषांग से संबंधित हैंड बुक को पूरी तरह पढ़ लें, इससे चुनाव कार्यो को संपादित करने में काफी सहूलियत होगी। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित,अपर समाहर्ता संतोष कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी मां देव प्रिया, भू अर्जन पदाधिकारी निर्भय कुमार,जिला योजना पदाधिकारी पंकज तिवारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुधीर कुमार, एलआरडीसी, जिला शिक्षा पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे ।

## पुलिस ने अवैध महुआ शराब और बाइक बरामद किया, थाना में मामला दर्ज

**बड़कागांव :** बड़कागांव पुलिस के द्वारा विश्रामपुर चौक में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल में लदा 30 लीटर महुआ शराब पुलिस ने बरामद किया। पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग होता देख बाइक चालक बाइक छोड़कर फरार हो गया। बाइक और अवैध शराब को पुलिस द्वारा बरामद कर थाना लाया गया और वाहन मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। बाइक काला रंग का हीरो होंडा जेएच 02 ई 8457 है। मामले को लेकर बड़कागांव थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने ग्रामीणों से अवैध शराब का कारोबार नहीं करने की अपील की है। कहा कि जो भी अवैध शराब कारोबार में पकड़े जाएंगे उन्हें छोड़ा नहीं जाएगा सीधे जेल भेजा जाएगा।

## पल्लवी रानी ने नवोदय विद्यालय के प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल की



**बड़कागांव :** सांढ़ पंचायत के छपेरवा निवासी प्रहलाद कुमार की पुत्री पल्लवी रानी उत्क्रमित मध्य विद्यालय साँढ़ से पाँचवीं वर्ग से नवोदय विद्यालय में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा 2024 उतीर्ण होकर गांव व समाज का नाम रोशन की है। पल्लवी कड़ी मेहनत कर नवोदय विद्यालय का प्रवेश परीक्षा पास की है। इसके लिए विद्यालय की प्रधानाध्यापिका उचित्रा सिंह ने कहा है कि पल्लवी का नवोदय विद्यालय के प्रवेश परीक्षा में सफल होना हमारे विद्यालय के लिए गर्व की बात है। जो बच्चे ईमानदारी पूर्वक मेहनत करेंगे उन्हें सफलता जरूर मिलेगी इसके लिए बच्चे अभिभावक और शिक्षक के समन्वय की आवश्यकता होती है। मुखिया सुलेखा कुमारी, पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र कुमार, पूर्व मुखिया भीखन महतो, वार्ड सदस्य अंजू कुमारी, टेकलाल कुमार, सहित शिक्षक मनोज कुमार नायक, नन्दकिशोर नारायण देव, उमेश प्रसाद दाँगी, परमेश्वर कुमार, सबिता कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शिवदयाल कुमार, उपाध्यक्षा रंजु कुमारी, माता समिति की संयोजिका पूनम देवी, समाज सेवी गिन्नी वर्मा ने पल्लवी रानी को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।

## रामनवमी की पूजा के लिए चेपाकला पंचायत में बैठक



**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत चेपाकला पंचायत में रामनवमी पूजा मनाने को लेकर ग्रामीणों की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता मुखिया अनिकेत नायक व संचालन पंचायत समिति सदस्य कृष्णा राम ने किया। सर्वसमिति से रामनवमी पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया जिसके लिए पूजा समिति का गठन किया गया। जिसमे अध्यक्ष सतीश कुमार, उपाध्यक्ष दीपक कुमार पटेल, सचिव अनिल राणा, उपसचिव मनोज साव, कोषाध्यक्ष राजेश महतो को चुना गया। सतीश कुमार ने कहा की आप लोगो ने मुझे जो जिम्मेवारी सौंपी है उसे ईमानदारी पूर्वक निर्वाह करूंगा।

# मोदी सरकार सबका साथ सबका विकास नीति पर कार्य करती है : मनीष जायसवाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** हज़ारीबाग लोकसभा एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल का तय कार्यक्रमानुसार विष्णुगढ़ आगमन पर भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल के नेतृत्व में अगुवानी करते हुए कार्यकर्ताओं तथा ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया।विष्णुगढ़ पूर्वी मंडल के जनसंपर्क अभियान को आगे बढ़ाते हुए जमनीजारा,अरजरी,नरकी मोड़,डुबका,गाल्होबार,सिमरबेड़ा, अम्बाटांड, खरकट्टो, चिरुडीह, नागी, चानो, मंगरो, करगालो, सिरैय, अचलजामु, सिमरिया में लोगो का आपार जन समर्थन और प्यार मिला। एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने जनसम्पर्क कार्यक्रम के सम्बोधन के दौरान कहा कि विष्णुगढ की जनता को इतना प्यार और सम्मान देने के लिए धन्यवाद।आप सबो के आशीर्वाद से मुझे भी राष्ट्रहित में एक कमल पुष्प चढ़ाने का अवसर मिलेगा।ऐसा कोई परिवार नही होगा जिन्हें मोदी जी द्वारा किये गए कार्य का लाभ ना मिला हो,मोदी सरकार सबका साथ सबके विकास की नीति पर कार्य करती है।इस मौके पर मुख्य रूप से साँसद प्रतिनिधि भुवनेश्वर पटेल,सुशील कुमार मंडल,पूर्वी मंडल अध्यक्ष नारायण महतो,पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल,सुनील कुमार वर्मा,सुशील कुमार महतो,संतोष कुमार महतो,गौतम भारती,राजेश सोनी,जीवन सोनी,रीना बर्मन,अंजू देवी,गायत्री देवी,प्रकाश साव,नुनुगोपाल,सुरेश राम,तुलसी सिंह रजनी,कन्हाई यादव,नीतीश कुमार बर्णवाल,डुमरचंद महतो,रवि पांडेय,रंजन मोहन लाल समेत काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता तथा ग्रामीण शामिल थे।

## झामुमों के 44वें स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर बनासो में हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड के बनासो में झामुमों युवा नेता गौरव पटेल के आवास में विष्णुगढ़ झामुमों प्रखण्ड अध्यक्ष कपिलदेव चौधरी की अध्यक्षता में बैठक की गई। संचालन झामुमो प्रखण्ड सचिव संजय कुमार प्रजापति ने किया। बैठक में मुख्य रूप से झारखंड मुक्ति मोर्चा के 44 वें स्थापना दिवस को भव्यता के साथ मनाने का निर्णय लिया गया।इस युवा नेता गौरव पटेल ने झामुमो कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए कहा कि 4 अप्रैल 2024 को झामुमों का 44वां स्थापना दिवस है। जिसमे विष्णुगढ़ प्रखण्ड एवं माण्डू विधानसभा के अन्य क्षेत्रों से कार्यकर्ता पहुँचे।कम से कम इसकी संख्या 2000 होनी चाहिए।इस मौके पर मुख्य रूप से बीस सूत्री उपाध्यक्ष छोटेलाल बेसरा,सुनील अकेला, दुलारचंद महतो, किशोरी महतो, शंकर महतो,अनन्त महतो, विनोद सोरेन समेत सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में हवन व सुंदरकांड के साथ नए सत्र की शुरुआत



**बरही :** मंगलवार को भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर बरही में हवन एवं सुन्दरकाण्ड पाठ के साथ सत्रारम्भ किया गया। पुरोहित महेन्द्र पांडेय द्वारा पूजन का कार्यक्रम का संपादन करवाया गया। कोषाध्यक्ष रोहित कुमार, प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने हवन पूजन के साथ सत्र 2024-25 का आरम्भ किया।आचार्य अभय कुमार सिंह, राजेश मिश्रा, अरुण झा, मनीष कुमार सिन्हा, प्रिंस रविशंकर प्रियदर्शी, नेहा मिश्रा, सविता कुशवाहा, जूली कुमारी, सुनीता कुमारी, गुडविल सिंह, राखी कुमारी, पुष्पलता कुमारी, प्रियंका सिंह, विनीता कुमारी ने सुन्दर काण्ड का सामूहिक पाठ कर नये सत्र की उज्जवल कामना की। विद्यालय के सभी आचार्य व दीदी उपस्थित रहे।

## भराजो की सोनाली ने नावोदय परीक्षा में पाई सफलता



**टाटीझरिया :** टाटीझरिया प्रखंड के भराजो निवासी बबुनी रविदास एवं शारदा देवी की पुत्री 14 वर्षीय सोनाली कुमारी ने नावोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल की है। यह जानकारी जैसे ही परिजनों,विद्यालय एवं कोचिंग मिला वैसे खुशी का माहोल छा गया। सोनाली मध्य विद्यालय भराजो के आठवीं की छात्रा है। नावोदय विद्यालय बोंगा में नवम वर्ग में नामांकन होगा। विद्यालय के साथ सोनाली गांव में ही संचालित एआईएम एचिवर कोंचिग में पढाई करती थी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनोद कुमार रवि ने कहा कि विद्यालय में सोनाली मेधावी छात्रा है।यह छात्रा विद्यालय नियमित आती थी जिसके कारण सफलता पाई है पुरे विद्यालय परिवार की ओर से उज्जवल भविष्य की कामना करता हुं। वहीं कोचिंग संचालक पंकज कुमार ने बधाई देते हुए कहा कि इस तरह की सफलता पाने से गांव समेत क्षेत्र में खुशहाली लगता है। सोनाली विद्यालय, कोचिंग के साथ घर पर भी काफी मेहनत करती थी जिसके कारण सफलता पाई है। माता शारदा देवी ने कहा कि हमें गर्व है कि हम इसके माता है। पढाई के लिए हमलोग की ओर बराबर सहयोग करती हुं। सफलता दिलाने में विद्यालय एवं कोचिंग के शिक्षक का है। सोनाली ने कहा कि विद्यालय और कोचिंग के अलावा घर पर भी 4-5 घंटा पढाई करती थी। सफलता का श्रेय माता-पिता के साथ शिक्षकों का जाता है जिंहोने पढाई में सहयोग किया। सफलता पाने पर पंचायत के मुखिया स्वास्तिका कुमारी, पंसस शोभा देवी,सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल, रामप्रसाद कुशवाहा, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र पांडेय, प्रकाश रवि,अशोक कुमार,दीपक कुमार,मनिषकांत कुमार,रोहित कुमार,नारायण विश्वकर्मा,बैजनाथ प्रजापति समेत विद्यालय के शिक्षक शम्भु कुमार,ब्रजमोहन प्रसाद,संजय कुमार,चंद्र राम,विमला कुमारी,अध्यक्ष विनोद विश्वकर्मा समेत अन्य ने बधाई दिया।

## इंडिया महागठबंधन की बैठक सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** मंगलवार को बरही प्रखण्ड कांग्रेस कार्यालय में इंडिया महागठबंधन की बैठक कांग्रेस कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने किया। बैठक में महागठबंधन के घटकदल के नेता उपस्थित थे। जहां सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 07 अप्रैल को इंडिया गठबंधन के सभी घटक दल के कार्यकर्ता बरही टाउन हॉल में बूथ सम्मेलन, कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होंगे। साथ ही सभी घटक दल लोकसभा उम्मीदवार जयप्रकाश भाई पटेल को विजय बनाने के अभियान में संगठन का कार्य करेंगे। इसके अलावा निर्णय लिया गया कि 07 अप्रैल को बरही चुनाव कार्यालय का उद्घाटन उम्मीदवार जयप्रकाश भाई पटेल से कराया जाएगा। सभी पदाधिकारियों ने कहा कि चुनाव में जेपी पटेल को भारी बहुमत से जीत दिलाने को लेकर बूथ कार्यकर्ता और पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह भरा जाएगा। मौके पर झामुमो पूर्व विधानसभा प्रत्याशी बिनोद विश्वकर्मा, राजेन्द्र स्वर्णकार, कांग्रेस एससी मोर्चा प्रखण्ड अध्यक्ष कार्तिक कुमार, सीपीआई एमएल सचिव अनवर हुसैन, प्रखण्ड कांग्रेस महासचिव अशोक सिंह, खुर्शीद अनवर, जेएमएम विवेक विश्वकर्मा, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रखण्ड अध्यक्ष गुलजार अंसारी, ओबीसी मोर्चा प्रखण्ड अध्यक्ष राजू राणा, प्रखण्ड किसान मोर्चा अध्यक्ष महेश प्रसाद यादव, शंकर सिंह, अजित राम, पूनम यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## हजारीबाग में 44वां स्थापना दिवस की तैयारियों में उत्साह और जोश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** झारखंड मुक्ति मोर्चा का 44 वां स्थापना दिवस हजारीबाग मटवारी मैदान में 4 अप्रैल को मनाया जाएगा। स्थापना दिवस तैयारी को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से तैयारियां जोर-शोर से की जा रही है। मीडिया प्रभारी संजय भुईया ने कहा कि इस कार्यक्रम में झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में हजारों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे। वहीं संजय सिंह ने कार्यक्रम में बड़कागांव प्रखंड से सभी पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव,सह सचिव, संयुक्त सचिव, कोषाध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी तथा महिला पुरुष कार्यकर्ता से शामिल होने की अपील की है।

## जवाहर डैम में नहाने के दौरान 12 वर्षीय बच्ची का हुई मौत

### बरही के तेली टोला में पानी की किल्लत के वजह से सपरिवार जवाहर घाटी डैम में गए थे नहाने

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** तिलैया डैम में पोडैया गांव के नजदीक डैम में एक बच्ची नहाने के दौरान डूब जाने से उनकी मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। मामला बरही थाना क्षेत्र के बरही पश्चिमी पंचायत अंतर्गत गया रोड तेली टोला का है। मिली जानकारी के अनुसार तेली टोला निवासी जितेंद्र राणा का 12 वर्षीय पुत्री मानवी कुमारी अपने परिवार संग जवाहर घाटी स्थित पोडैया बस्ती के समीप डैम में नहाने गई थी। अन्य बच्चों के साथ मानवी कुमारी भी डैम के पानी में नहाने के लिए उतरी। गर्मी के कारण सभी बच्चे डैम के पानी में अठखेलियां कर रहे थे, उसी दौरान तीन चार बच्चे अचानक डैम के गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। डूबते बच्चों के चिल्लाने पर डैम के किनारे चिरपरिचित लोग उसे बचाने के लिए डैम में कूद पड़े। अफरा तफरी के माहौल में अन्य बच्चों को सुरक्षित निकाल लिया गया, लेकिन मानवी कुमारी को समय अनुसार नहीं निकला जा सका। हालांकि कुछ देर में मानवी कुमारी को भी निकाल लिया गया। बेहोशी की स्थिति में उसे बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया, जहां अस्पताल में मौजूद चिकित्सक ने मानवी कुमारी को जांचोंरात मृत घोषित कर दिया। बच्ची के मृत्यु का खबर हवा की तरह फैल गई। उनके मोहल्ले सहित कई लोग उसे देखने के लिए अस्पताल पहुंचे। वहां मौजूद मृतक बच्ची का परिवार का रो-रोकर बुरा हाल था। सभी लोगों ने मृतक परिवार को ढांढस देने में लगे थे। इधर मृतक का शव घर आते ही मोहल्ले में अपना तफरी मच गई। सभी के आंखों में आश्वासन के नाम पर सिर्फ आंसू ही निकल रहे थे। पर होनी थी, कोई टाल नहीं सकता, घटना तो घट चुकी थी। लेकिन मोहल्ले के लोग पानी की किल्लत से काफी आक्रोशित थे। मौजूद महिला पुरुष सभी जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी को कोश रहे थे।



मानवी कुमारी (फाइल फोटो)

**पानी की किल्लत के कारण घटी घटना :** लोगो से पूछे जाने बताया कि आज हमारे मोहल्ले में पानी की किल्लत नहीं रहती तो शायद यह घटना नहीं घटती। वहां मौजूद लोगों ने बताया कि तेली टोला मोहल्ला क्षेत्र में जमीन में पानी का लियर काफी नीचे है और एक भी डिप बोरिंग नहीं है। सारे चापानल कुआं सूख चुके हैं। हम सभी घरेलू उपयोग जार के पानी खरीद कर रहे हैं। लेकिन नहाने धोने का सवाल जब आता है तो हमारे बीच काफी मुसीबत खड़ा हो जाता है। ये मामला इस साल गर्मी का नहीं है, करीब आठ वर्षो से निरंतर चला आ रहा है, लेकिन जनप्रतिनिधि का कोई इस पर ध्यान नहीं। करीब दस वर्षो से पीएचडी विभाग में बने दो जल मीनार से बरही की जनता को दो बूंद पानी का नसीब नहीं हो पाया है। पानी की किल्लत के वजह से मजबूरन बाहर के मेहमानों को नहीं बुलाते हैं। बरहाल हमारी इस विकट समस्या को कौन सुनेगा।

## मुनका बगीचा में तीन दिवसीय साई लीला महानाट्य का शुभारंभ कल से



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हज़ारीबाग़ :** साई परिवार हज़ारीबाग़ के द्वारा कानी बाजार के मुनका बगीचा में साई बाबा की महासमाधि के अवसर पर साई कथा के साथ साई लीला महानाट्य का शुभारंभ बृहस्पतिवार 4 अप्रैल से होगा। बता दें कि साई भजन सम्राट व कथा वाचक गुरुजी प्रवीण महामुनि के द्वारा शिर्डी से आये साई कथा भजन और भण्डारा के साथ झांकी का भी विशेष आयोजन किया जा रहा है। इसमें हजारीबाग के तमाम श्रद्धालु को अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने की अपील की गई है। कार्यक्रम के अनुसार 4 अप्रैल की सुबह 8 बजे नगर भ्रमण मुनक्का बगीचा से महावीर स्थान चौक , पंचमन्दिर चौक , झंडा चौक , बड़ा अखाड़ा समेत शहर के मुख्य मार्ग का भ्रमण करते हुऐ वापस मुनका बगीचा।पहुंचेंगे।शाम 6 बजे से बाबा की साई लीला महानाट्य साई , साई कथा कार्यक्रम किया जाएगा।5 को साई कथा का कार्यक्रम , भण्डारा और् 6 को विशाल भजन संध्या और भण्डारा का कार्यक्रम किया जा रहा है। भंडारा 4 ,5 और् 6 को अनवरत चलता रहेगा। गुरुजी प्रवीण महामुनि के द्वारा प्रवचन कार्यक्रम की शुरुआत 4 अप्रैल से शुरू होगा। साई लीला महानाट्य का त्रिदिवसीय कार्यक्रम 4 , 5 और् 6 अप्रेल को संध्या 5 बजे से शुरू हो जाएगा। प्रवचन सुनने के बाद प्रत्येक दिन प्रसाद वितरण का कार्यक्रम किया जाएगा। साई लीला महानाट्य के अंतिम त्रिदिवसीय कार्यक्रम में 6 अप्रैल को विशाल भंडारा का आयोजन साई परिवार के सदस्यों द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम में संयोजक सुनील अग्रवाल, अध्यक्ष मनोज कुमार सिन्हा, सचिव संजय कुमार , कोषाध्यक्ष सुनील कुमार गुप्ता , प्रदीप मालाकार, मनीष चौरसिया, संजय कश्यप , सुशील जायसवाल, राकेश सिन्हा , डॉ अमरेंद्र कुमार सिंह, संजीव कुमार, अर्जुन कुमार, बल्ली गुप्ता , गौतम किशोर , गौतम कुमार सहित समस्त साई परिवार के सदस्यों की अहम भूमिका रहेगी। इस संबंध में साई परिवार की ओर से बताया गया कि कार्यक्रम में निमंत्रण पत्र सबों को दिया जा रहा है। कई अधिकारी व समाजसेवी को भी निमंत्रण पत्र दिया जा रहा है।इस जानकारी के बाबत वाहन से भी लगातार प्रचार किया जा रहा है।

## हवन पूजन के साथ नए शैक्षणिक सत्र का हुआ श्रीगणेश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग:** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्च विद्यालय बाबू गांव कोर्रा में मंगलवार को विद्यालय के नए शैक्षणिक सत्र का श्रीगणेश कार्यक्रम की विद्यालय प्रांगण में हवन पूजन के साथ हुआ।इस कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यक्ष ब्रज कुमार विश्वकर्मा,सचिव राम बहादुर सिंह,श्याम कुमार और मनीष कुमार, प्रधानाचार्य मनोज कुमार एवं संगीत आचार्य अमन कुमार गुप्ता तथा संस्कृत आचार्य पप्पू कुमार पांडे शामिल हुए।पूर्वाह्न11 बजे हवन स्थल पर विद्यालय की भैया बहनें आचार्यगण, प्रधानाचार्य पप्पू एवं अमन उपस्थित थे।हवन करने के लिए गायत्री परिवार से श्याम कुमार और मनीष कुमार की अगुवाई में उक्त कार्यक्रम संपन्न हुआ।वैदिक एवं गायत्री मंत्र, सरस्वती वंदना तथा हवन में पढ़ने वाली आहुति से पूरा विद्यालय वातावरण पावन हो गया।शैक्षणिक सत्र के श्री गणेश के अवसर पर आचार्य पवन कुमार गुप्ता,अल्पना, शिवा शरण, राजकुमार ,पिंटू,राहुल एवं विवेक समेत कई अन्य उपस्थित थे।

# लगातार तीसरे वर्ष रामनवमी के दिन यूथ विंग करेगा 251 किलो के लड्डू महाभोग प्रसाद का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** उपाध्यक्ष विकास केसरी के निवास पर जयप्रकाश खण्डेलवाल की अध्यक्षता में हजारीबाग यूथ विंग की एक बैठक हुई,जिसमे विंग के द्वारा तीसरे वर्ष रामनवमी के पावन पर्व पर 17 अप्रैल को शहर के बड़ा बाजार डिश टीवी ऑफिस के समीप 251 किलो लड्डू महाभोग के प्रसाद का वितरण किया जाएगा। बैठक के दौरान सदस्य बीरेंद्र गर्ग उर्फ बिट्टू बिहारी ने प्रस्ताव रखा कि कार्यक्रम स्थल पर अलौकिक राम दरबार बनाया जाए, सभी ने इस बात पर अपनी सहमति दी, महावीर स्थान मंदिर में सवा पांच किलो के बने एक लड्डू से भोग लगाया जाएगा इसके पश्चात सभी राम भक्तों एवं आम जनमानस के बीच लड्डू का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान बुद्धिजीवी लोगों को सम्मानित किया जाएगा। लड्डू महाभोग कार्यक्रम मे बीते दो वर्षो से हजारीबाग के राम भक्तों सहित कई समाजसेवियों का विशेष सहयोग प्राप्त होता आ रहा है इस वर्ष भी सभी के सहयोग से कार्यक्रम संपन्न होगा।इस आयोजन के लिए संरक्षक एवं अध्यक्ष के निर्देशानुसार कार्यक्रम संयोजक अभिषेक पांडे एवं कार्यक्रम प्रभारी गुंजन मद्धेशिया को दायित्व सोपा गया है। बैठक में सचिव संजय कुमार,उपाध्यक्ष विकास केसरी, जयप्रकाश खंडेलवाल,कोषाध्यक्ष रितेश खंडेलवाल, कार्यक्रम संयोजक अभिषेक पांडे,कार्यक्रम प्रभारी गुंजन मद्धेशिया, वीरेंद्र गर्ग उर्फ बिट्टू बिहारी एवं प्रिंस कसेरा सहित कई लोग मौजूद थे। संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि प्रभु श्री राम की कृपा से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न होता आया है,इस वर्ष भी कार्यक्रम ऐतिहासिक रूप से संपन्न होगा। वही विंग के अध्यक्ष करण जायसवाल ने कहा कि रामनवमी में राम भक्तों के उत्साह को और बढ़ाने में हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा इसका आयोजन किया जा रहा है।

## दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष ने अभिनंदन समारोह में महागठबंधन प्रत्याशी जेपी पटेल का स्वागत किया



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ में दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर ने अभिनंदन समारोह में कांग्रेस महागठबंधन प्रत्याशी जेपी पटेल का स्वागत करते। इस मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर अपनी बातें रखीं। इस दौरान कांग्रेसी नेताओं ने जय प्रकाश भाई पटेल को भारी बहुमत से जिताने का आव्हान किया। आनेवाले दिनों में जिला के विभिन्न क्षेत्रों में सघन जनसंपर्क करने की बात कही गई। कार्यकर्ताओं से हर एक बूथ पर जेपी पटेल के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान कराने और जेपी पटेल को जीत दिलाने की अपील की गई।

## भाजपा प्रत्याशी का रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में हुआ स्वागत

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल का रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र में रामगढ़ नगर परिषद मंडल अध्यक्ष मनोज गिरी के नेतृत्व में नगर परिषद मंडल के विभिन्न स्थानों में स्वागत जनसंपर्क अभियान जन संवाद कार्यक्रम आयोजित की गई है इस कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता जिला के पदाधिकारी एवं जिला के वरिष्ठ नेता भाजपा रामगढ़ नगर परिषद के पलक एवं प्रभारी वरिष्ठ नेता मोर्चा के सभी पदाधिकारी सभी सम्मानित बुथ अध्यक्ष एवं सम्मानित कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे यह कार्यक्रम बुधवार को सुबह प्रातः 9:00 बजे बोंगावर से लेकर अम्बाटांड़ जोगिया सांडी धनारा राम ग्लास रांची रोड नईसराय चौक बिंझर हेसला फुलसराय अरगड्डा सिरका सेवटा दिग्वार पोचरा तक रात्रि 8:00 बजे तक होना है इस कार्यक्रम के लिए भाजपा नगर परिषद मंडल अध्यक्ष मनोज गिरी के द्वारा सभी सम्मानित नेता एवं देवतुल कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में रहकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की है।



## गोला वन क्षेत्र के चोपादारू फुलझरिया जंगल में लगी आग



**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोला वन क्षेत्र के चोपादारु फुलझरिया जंगल में अचानक आग लग गई। ग्रामीणों के द्वारा इसकी सूचना वन विभाग को दी गई जहां विभाग के अधिकारीयों के द्वारा घटना स्थल पहुंचकर पेड़ में लगी आग को बुझाने का प्रयास किया गया। वन कर्मीयों ने काफी मुशक्कत के बात ग्रामीणों के सहयोग से आग में काबू पाने में सफल हुए। वन विभाग के द्वारा ग्रामीणों से आग्रह किया गया की महुआ के पेड़ के सामने आग न लगाएं ओर जंगल में आग लगा देखते ही वन विभाग को तुरंत इसकी जानकारी दें। मौके पर विभाग के अनिल कुमार व उनके टीम मौजुद थे।

## भदानीनगर में रामगढ़ एसडीएम ने किया एंटी क्राइम चेकिंग का निरीक्षण



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा चुनाव को लेकर मंगलवार को भदानीनगर पुलिस ने एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान रामगढ़ एसडीएम आशीष गंगवार ने जायजा लिया। इस दौरान एसडीएम ने वाहन के डिक्की, बैग सहित अन्य चीजों की जांच का निरीक्षण किये। मौके पर एसडीएम आशीष गंगवार ने वाहन चालकों को कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसमें लोगों को सहयोग करने की बात कही। साथ ही पुलिस कर्मियों को कई दिशा निर्देश दिया। अभियान में भदानीनगर ओपी प्रभारी संजय कुमार रजक, एसआई सोमय सोरेन, बिजेंद्र कुमार, बाबूलाल, प्रमोद कुमार दल-बल के साथ शामिल थे।

## भुरकुंडा पुलिस ने आगामी लोकसभा चुनाव व रामनवमी पर्व को लेकर सयाल में एरिया डोमिनेशन किया



**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा चुनाव व रामनवमी पर्व को लेकर रामगढ़ जिले के सीमावर्ती क्षेत्र व भुरकुंडा ओपी के सबसे अधिक संवेदनशील सयाल क्षेत्र में मंगलवार को भुरकुंडा ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार व उनकी टीम एवं केन्द्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स के जवानों साथ एरिया डोमिनेशन व सड़क सेनेटाइज किया गया। वहीं यह सेनेटाइज सयाल के कैप्टन होटल,स्टाफ क्लोनी,टेकर स्टेंड,मंगल बाजार,भानू क्लोनी आदि क्षेत्रों में किया गया। ताकि आगामी लोकसभा चुनाव व रामनवमी पर्व शांतिपुर्ण तरीके से मनाया जा सके।

# रामगढ़ के चुटूपालू घाटी में सरिया लदा ट्रेलर सड़क पर पलटा बाल-बाल बची चालक की जान, रांची-पटना रोड जाम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ में भीषण सड़क दुर्घटना हुई है. जिसमें सरिया लदा ट्रेलर सड़क पर पलट गया. हादसे में चालक की जान बाल-बाल बच गई, लेकिन सड़क पर घंटों तक जाम लगा रहा.रामगढ़: रामगढ के चुटूपालू घाटी में एक सरिया लदा ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गया। दुर्घटना में ट्रेलर के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद रांची-रामगढ़ मुख्य मार्ग एनएच 33 पर आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। आवागमन को सुचारू करने के लिए पुलिस को घंटों मशक्कत करनी पड़ी।

**ट्रेलर पर लदा सरिया सड़क पर बिखरा**

हादसा इतना भीषण था कि ट्रेलर पर लदा सरिया सड़क पर बिखर गया था. वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद घटनास्थल पर पुलिस पहुंच गई और जाम को हटाने के प्रयास में जुट गई है. घाटी क्षेत्र को वन वे किया गया है.

**चुटूपालू घाटी के गड़के मोड़ पर अक्सर होते हैं हादसे**



बताते चलें कि रामगढ़ थाना क्षेत्र के चुटूपालू घाटी में ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित गड़के मोड़ पर लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं. अब तक हादसों में सैकड़ों लोगों की मौत हो चुकी है. इसके बावजूद ब्लैक स्पॉट को खत्म करने की दिशा में कोई ठोस कदम एनएचएआई या जिला प्रशासन की ओर से नहीं उठाए जा रहे हैं. इस कारण लगातार दुर्घटनाएं घाटी क्षेत्र में हो रही हैं.

**बाल-बाल बची ट्रेलर चालक की जान**

मंगलवार को रांची से रामगढ़ की ओर आ रहा सरिया लदा ट्रेलर घाटी क्षेत्र में अनियंत्रित हो गया और गड़के मोड़ के समीप पलट गया. इस कारण रांची-पटना मुख्य मार्ग पर आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया. हालांकि राहत की बात यह रही कि दुर्घटना में चालक बाल-बाल बच गया है.

**पुलिस मौके पर पहुंची, जाम हटाने का प्रयास शुरू**

इस संबंध में रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार साहू ने बताया कि दुर्घटना की जानकारी मिली थी. इसके बाद घाटी पेट्रोलिंग फौरन दुर्घटनास्थल पर भेजा गया है. पेट्रोलिंग टीम में रामगढ़ थाना के सब इंस्पेक्टर अशोक कुमार ने बताया कि जानकारी मिलने के तत्काल बाद घटनास्थल पर टीम पहुंच गई. रामगढ़ पुलिस क्रेन और हाइड्रा की मदद से सड़क पर बिखरे सरिया और ट्रेलर को हटाने का प्रयास कर रही है. करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सड़क पर दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर और सरिया को हटाया जा सका।

## नि:शुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ थाना चौक एल आई सी ऑफिस के निकट सनसाईन स्टोन एण्ड मेटरनिटी क्लीनिक के संस्थापक सर्जन डॉ अभिषेक अग्रवाल डॉक्टर निधि बजाज एवं पूरी टीम के द्वारा निशुल्क जांच शिविर लगाकर 83 लोगों की हुई स्वास्थ जांच एवं निशुल्क दवाई दी गई ज्ञान महिला समिति के संस्थापक विनोद जायसवाल ने बताया कि सनसाईन स्टोन एण्ड मैटरनिटी क्लीनिक में मंगलवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया शिविर में शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र की बड़ी संख्या में महिला वपुरुषों व बच्चों को निशुल्क जांच एवं दवाई दी गई रामगढ़ जिले के सर्जन डॉ अभिषेक अग्रवाल डॉक्टर निधि बजाज ने कहा कि समय-समय पर गरीब परिवार जो बीमारी से ग्रस्त है पैसा ना होने के कारण अपना इलाज न कर पाते हैं वैसे परिवार के सदस्यों का निशुल्क जांच एवं निशुल्क दवाई दी जाएगी डॉक्टर निधि बजाज ने कहा कि खानपान में बदलाव लाए घर का ही खाना खाए होटल में खाना खा से बच्चे तेल का सामान ना खाएं बढ़ते हुए गर्मी को देखते हुए धूप से बचाव करें इस मौके पर भारी संख्या में महिलाओं ने डॉक्टर अभिषेक अग्रवाल डॉक्टर निधि बजाज ज्ञान महिला समिति के संस्थापक विनोद जायसवाल का आभार प्रकट किया

# हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी ने मां छिनमस्तिका की पूजा अर्चना की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** झारखंड में लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दल अपने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा करने लगे हैंद्य इंडिया गठबंधन ने हजारीबाग लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल का नाम घोषित किया हैद्य मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल हजारीबाग लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनने के बाद जनसंपर्क अभियान आरंभ कर दिया हैद्य रामगढ़ जिला में अपने अभियान के आरंभ में श्री पटेल ने प्रसिद्ध मां छिनमस्तीका मंदिर में पूजा अर्चना कर किया। मंगलवार हजारीबाग लोकसभा इंडिया गठबंधन प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिका मंदिर पहुंचेद्य साथ मां भागवती की पुजा अर्चना कर



आशीर्वाद प्राप्त किए। साथ में रामगढ़ विधानसभा की पुर्व विधायक ममता देवी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शांतनु मिश्रा और तमाम पदाधिकारीगण मौजूद थेद्य रजरप्पा मंदिर जाने और आने के क्रम में कई स्थानों पर समर्थकों ने श्री पटेल का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

## मनोविज्ञान स्नाकोत्तर विभाग में विदाई सह सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ महाविद्यालय, रामगढ़ में मनोविज्ञान विभाग से सेवानिवृत होने वाले प्राध्यापक सह विभागाध्यक्ष डॉ सतीश कुमार सिंह के लिए विदाई सह सम्मान समारोह का शानदार आयोजन सोमवार को सेमिनार हॉल में मनोविज्ञान स्नाकोत्तर विभाग सेमेस्टर चर्तुथ के द्वारा किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि प्राचार्या डॉ रत्ना पांडेय ने कहा कि डॉ सतीश कुमार सिंह के लिए बस मैं इतना कहूंगी कि कर्तव्य का पालन दृढ़ता से करते हैं और किसी काम को करने में लग जाते हैं तो पूरा करके ही दम लेते हैं और सबसे बड़ी बात यह है कि व्यवहार के धनी हैं। अध्यक्षता करते हुए मनोविज्ञान विभाग के नए विभागाध्यक्ष डॉ रामाज्ञा सिंह ने कहा कि डॉ सतीश कुमार सिंह सभी की समस्या का समाधान बड़ी आसानी से कर देते हैं। सभी का सुनते हैं और अपने अनुभव अनुसार बेहतर सलाह देते हैं। उनके अनुभव का मैं व्यक्तिगत रूप से खूब लाभ उठाया हूं अपनी समस्या के साथ विद्यार्थियों की समस्या भी उनकी से हल करवाता रहा हूं। अब मेरे ये कमजोर कंधे इस भारी भार को कैसे उठा पाएंगे इसके लिए मैं चिंतित हूं। सेवानिवृत हो रहे मनोविज्ञान विभाग के प्राध्यापक सह विभागाध्यक्ष डॉ सतीश कुमार सिंह ने अपने सेवाकाल के सफर का अनुभव बांटते हुए कहा कि इंसान को अपने कर्तव्य के प्रति ईमानदारी बरतनी चाहिए जिससे खुद भी



संतुष्ट रहेंगे और दूसरों को भी शिकायत का मौका नहीं मिलेगा। इस भव्य सम्मान समारोह का आयोजन के लिए उन्होंने मनोविज्ञान स्नाकोत्तर विभाग सेमेस्टर चर्तुथ के विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। समारोह को डॉ रणविजय प्रसाद देव, डॉ सतीश कुमार, डा. राजेश कुमार उपाध्याय, डा. रामाज्ञा सिंह, डॉ विजेता तिग्गा, डा. राहुल गुप्ता, डॉ असीम खालको, डॉ अनामिका डॉ. नीतु मिंज, डॉ. शालिनी प्रकाश, डॉ. शहनवाज खान, प्रो साजिद हुसैन, प्रो. बीरबल महतो, प्रो. मोहित जैन ने संबोधित किया। अध्यक्षता नए विभागाध्यक्ष डॉ रामाज्ञा सिंह ने किया और संचालन रवि कुमार, पुनीता कुमारी एवम नवीन यादव ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर केशव महतो, मुकेश कुशवाहा, सिम्मी कुमारी, अमन कुमार नायक, किरण कुमारी, खुशी राज, शिवानी कुमारी, जयंती कुमारी, सोनी कुमारी रीना कुमारी, मनीष किशोर आदि बड़ी संख्या में विद्यार्थी गण उपस्थित थे।

## आगामी लोकसभा आम निर्वाचन के दौरान मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से समाहरणालय में लगाए गए दो मैस्कॉट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देश पर मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रतिदिन बड़ी संख्या में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों 2 विभिन्न समस्याओं को लेकर समाहरणालय आने वाले लोगों को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक करने को लेकर समाहरणालय स्थित ब्लॉक ए परिसर के समीप दो मतदाता जागरूकता मैस्कॉट (Ibhai) लगाए गए हैं। इसी क्रम में मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने समाहरणालय परिसर में लगाए गए मैस्कॉट का जायजा लिया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री रविंद्र कुमार गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

## हर्षोल्लास के साथ घर-घर ओशो ध्यान का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** परम गुरु ओशो की अनन्य कृपा एवं समर्थगुरु श्री सिद्धार्थ औलिया की पावन प्रेरणा से घर - घर ओशो ध्यान का उल्लासमयी आयोजन नेहरू रोड शिव मंदिर के समीप स्थित स्वामी श्रवण कुमार गुप्ता के निवास पर संपन्न हुआ। आस्था , श्रद्धा और आध्यात्मिकता से परिपूर्ण उक्त आयोजन में आस-पास के निवासियों ने सम्मिलित होकर अत्यंत धन्यता का अनुभव किया।कार्यक्रम का शुभारंभ ÷गुरु मेरी पूजा , गुरु गोविंद की मधुर स्वर लहरियों के पश्चात ÷सीताराम - सीताराम , सीताराम कहिए , जाहि विधि राखे राम ताहि विधि रहिए के अनुपम गीत के साथ हुआ। तत्पश्चात प्रेस मीडिया प्रमुख स्वामी राज़ रामगढी के द्वारा संक्षिप्त स्वागत संबोधन , ध्यान परिचर्चा , दीप प्रज्ज्वलन तथा उपस्थित साधकों द्वारा सामुहिक पुष्पार्पण किया गया।उद्बोधन के क्रम में वाई ई आचार्य अशोक कुमार गुप्ता ने ÷कर्म÷ के संबंध में अत्यंत प्रेरणादायक तथ्यों से सभी को अवगत कराया। गुरु महिमा के संदर्भ में हमारी सनातन संस्कृति के कई पहलुओं पर उन्होंने विचार रखे। इसके बाद उन्होंने संजीवनी ध्यान के माध्यम से ध्यान की सहजता , सरसता और सारगर्भिता का अनुभव कराया। नये साधकों को इस क्रम में बड़ी आह्लादकारी अनुभूतियां मिली। आयोजन के विसर्जन के पूर्व स्वामी श्रवण कुमार गुप्ता ने आभार व्यक्त किया। गुरु प्रसाद वितरण के साथ मंगल भावों का संदेश लेकर सभी आगत विदा हुए। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रियंका गुप्ता , रीना गुप्ता , रानी गुप्ता , पीहू गुप्ता , छवि गुप्ता , कांची गुप्ता , मंजू देवी , सखी कुमारी , धनपति कुमार , गौतम प्रसाद सहित गणमान्य जन तथा बड़ी संख्या में बच्चों की उपस्थिति रही।

## शिक्षा से ही ग्रामीण क्षेत्र सर्वांगीण की विकास संभव : प्रो एके उपाध्याय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** रजरप्पा रोड़, विद्या नगर कुसटेगढ़ा स्थित लिटिल फ्लावर्स स्कूल में वार्षिक स्थापना दिवस मनाई गई । जिसमें मुख्य अतिथि चितरपुर महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य अशोक कुमार उपाध्याय के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत गीत और स्वागत भाषण के साथ हुआ,विद्यालय के छोटे - छोटे बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य, नाटक व संगीत के माध्यम से शिक्षा के महत्व को आए हुए अतिथिगणों के सामने प्रस्तुत किया गया । सभी अतिथियों को बच्चों ने अपनी कला से मंत्र मुग्ध कर रखी, मुख्य अतिथि ने कहा कि मैंने अपनी 40 वर्ष शिक्षा के क्षेत्र में समर्पित किया, चितरपुर कॉलेज व चंद्रप्रकाश चौधरी इंटर कॉलेज , गोला में प्राचार्य पद पर रह कर शिक्षा के महत्व को समझाने का कार्य किया है और आगे भी करता रहूंगा,मैं चाहता हूँ कि गांवों में शिक्षा के महत्व को अधिक से अधिक लोग समझें और इसका लाभ उठावें, अंत में उन्होने कहा की इस विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों



ने दिल को जीत लिए सभी बच्चों को खुब पढ़ने और खुब आगे बढ़ने का अवसर दें, परिवार व समाज ही देश का नाम रौशन करने का आशीर्वाद दिये । आगे भी हमारा सहयोग बना रहेगा, शिक्षा के लिए द्य कार्यक्रम में संबोधन प्रोफेसर मनोज कुमार झा , मनोज कुमार, बालकृष्ण बेदिया, सुरेंद्र महतो, हाजी एच अनवर आदि ने बारी- बारी से किए । संचालक सुरेश कुमार शर्मा व पूनम शर्मा ने मंच का संचालन किए। विद्यालय के द्वारा बेस्ट अभिभावक पुरुस्कार ललीता देवी व बुलेट यादव को प्रमाण पत्र और मेडल चिन्ह दे कर सम्मानित किया गया। शिक्षकों में मिस आकांक्षा, दीपिका, मनिष, विजय ,अपरना ,सपना ने बच्चों को संवारने का कार्य किए ।

# गोला में 9 अप्रैल को भव्य रामोत्साव शोभा यात्रा का आयोजन : भागीरथ पोद्दार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की प्रखंड बैठक महादेव मंडप गोला में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता विहिप प्रखंड सहमंत्री अभिषेक लाल खत्री एवं संचालन बजरंग दल प्रखंड सह संयोजक राम करमाली ने किया। इस बैठक में मुख्य रूप से बजरंग दल के जिला संयोजक भागीरथ पोद्दार और मिलन केंद्र प्रमुख महेंद्र ठाकुर व विश्व हिंदू परिषद प्रखंड समिति के सभी अधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक का विषय प्रवेश कराते हुए बजरंग दल प्रखंड संयोजक शिवा प्रजापति ने आगामी कार्यक्रम श्री रामोत्सव और बाबा साहेब की जयंती पर प्रकाश डाला।बजरंग दल जिला संयोजक भागीरथ पोद्दार ने विस्तृत जानकारी देते हुए कहां की इस वर्ष



विश्व हिंदू परिषद झारखंड प्रांत के द्वारा रामोत्सव कार्यक्रम पखवाड़े के रूप में 09 अप्रैल से 24 अप्रैल तक सभी प्रखंडों, पंचायतो एवं गावों में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा जिसका प्रारूप धर्म सभा, सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, सुंदरकांड पाठ इत्यादि के रूप में कर सकते हैं और 14 अप्रैल को बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती सभी कार्यकर्ता अपने-अपने स्थान पर समाज के सभी वर्गों के साथ मिलकर मानना का आयोजन करना है। इसके बाद जिला मिलन केंद्र प्रमुख महेंद्र ठाकुर ने इन बातों पर विस्तार से विचार विमर्श कर निर्णय लिया कि गोला प्रखंड मे 9 अप्रैल को रामोत्सव कार्यक्रम मनाया जाएगा जिसमें भव्य श्री राम की मूर्ति गोला प्रखंड भ्रमण मे किया जाएगा तथा सभी पंचायत के कार्यकर्ता अपने क्षेत्रों से शोभायात्रा लाने का प्रयास करेंगे। इस रामोत्सव शोभायात्रा में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता और मातृशक्ति तथा दुर्गा वाहिनी की मात्राएं एवं बहनें भी सहभागिता निभाएंगी।आज के बैठक में प्रखंड गौ रक्षा प्रमुख आशीष शर्मा, सत्संग प्रमुख सुभाष नायक, बलोपासना केंद्र प्रमुख सनी महतो, विद्यार्थी प्रमुख अनिकेत कुमार, मिलन केंद्र प्रमुख प्रेम प्रजापति, कुंदन कुमार कुशवाहा, शेखर कुमार, कृष्णा कुमार, रंजीत साव, आशीष प्रसाद, सुधु महतो, प्रीतम रजक विक्की स्वर्णकार, सुखलाल प्रजापति तथा गोला प्रखंड के भिन्न-भिन्न पंचायतो से विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के अनेको कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## रामगढ़ जिले के मीडिया कर्मी पोस्टल बैलट के द्वारा कर सकेंगे मतदान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान चुनाव कवरेज के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी प्राधिकार पत्र धारित करने वाले रामगढ़ जिले के मीडिया कर्मी पोस्टल बैलट के द्वारा कर सकेंगे मतदान।लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मीडिया कर्मियों को 'आवश्यक श्रेणी' में रखा गया है। चुनाव कवरेज के दौरान अपने कर्तव्य पर उपस्थित सभी वैसे मीडिया कर्मी, जिन्हें भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव कवरेज के लिए ''प्राधिकार पत्र'' जारी किया जाएगा वे इस बार पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।

**कैसे प्राप्त करें पोस्टल बैलेट**

मीडिया कर्मी जिला जनसंपर्क कार्यालय रामगढ़ से फॉर्म 12डी प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी के अधिकृत वेबसाइट से फॉर्म 12डी डाउनलोड किया जा सकता है।

**फॉर्म कहां और कैसे करें जमा।**

चुनाव की अधिसूचना के 5 दिनों के भीतर नोडल पदाधिकारी के प्रमाण पत्र के साथ उक्त फॉर्म को संबंधित निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय में जमा किया जाएगा।

**पोस्टल बैलेट के माध्यम से कब करना है मतदान।**

चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित मतदान दिवस के 6 दिन पूर्व से निर्धारित मतदान दिवस के 3 दिन पूर्व तक मीडिया कर्मी पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपना महत्वपूर्ण वोट दे सकते हैं। उक्त 3 दिनों के दौरान पोस्टल बैलेट केन्द्र सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे तक कार्यरत रहेंगे। पोस्टल बैलेट केन्द्र संबंधित निर्वाची पदाधिकारी द्वारा निदेशित किया जायेगा, जहां मीडिया कर्मियों को भरे हुए पोस्टल बैलेट जमा करना होगा।

## नवजवान एकता फाउंडेशन ने किया दावत ए इफ्तार



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नवजवान एकता फाउंडेशन द्वारा समाज मे एकता और भाईचारा के पैगाम को गति देते हुए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी झरिया स्थित अपने कार्यालय परिसर मे दावत ए इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे सैकड़ों लोगों ने सामुहिक रूप से एकत्रित होकर इफ्तार के स्वादिष्ट व्यंजनो का आनंद लिया। इस दौरान छोटे-बड़े एवं सभी धर्म व समुदाय के लोग इस कार्यक्रम मे शामिल हुए। सभी ने देश व दुनिया की भलाई, अमन, शांति, खुशहाली व सौहार्द के लिये रब से दुआएं की। दावत ए इफ्तार का आयोजन नौजवान एकता फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं सचिव मोहम्मद शाहनवाज खान की देख रेख मे आयोजित हुआ जिसे सफलतापूर्वक संपन्न कराने मे उनकी पुरी टीम की सराहनीय भूमिका रही।

# गिरिडीह पुलिस ने जांच के दौरान 24 पेटी अवैध विदेशी शराब किया जब्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** मंगलवार को गिरिडीह ज़िले के पचम्बा थाना के बुढ़वा तालाब टोल टैक्स के पास स्थित न्यु सुमित होटल में छुपा कर रखें 24 पेटी अवैध विदेशी शराब को पुलिस ने मंगलवार को जप्त किया है। इस कांड में संलिप्त दो होटल स्टॉफ को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी में राजदेव दास और लखन कुमार शामिल है। बताया गया कि गिरिडीह एसपी को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी की न्यू सुमित होटल में अवैध शराब छिपाकर रखा हुआ है एवं बिक्री कि जा रही है। जिसके बाद बीडीओ सदर गणेश रजक अंचल निरीक्षक पचम्बा अंचल पु0नि0 मन्दु कुमार, नगर थाना प्रभारी शैलेन्द्र प्रसाद, मुफस्सिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो, थाना प्रभारी पचम्बा नरेंद्र कुमार यादव के नेतृत्व मे एफ.एस.टी. टीम के साथ न्यु सुमित होटल मे तलाशी लिया गया। तलाशी के क्रम में होटल के पीछे के रूम से पेटी एवं बोरा में छिपाकर रखी गई करीब 24 पेटी विदेशी शराब / बियर विभिन्न ब्राण्डो के कुल 181 लीटर बरामद किया गया। होटल में मौजूद दोनों कर्मचारी से वैध कागजात की मांग की गई। इनके द्वारा कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। उपरोक्त दोनो व्यक्तियों से पूछताछ करने पर बताया गया की यह होटल सुमित साहु, पिता बिनोद प्रसाद साहु द्वारा संचालित किया जाता है। जप्त शराब एवं बियर सुमित साहु का है। उपरोक्त के संबंध मे पचम्बा थाना में कांड अंकित किया गया। इसके बाद होटल में काम करने वाले दोनों कर्मियों को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया।

## सरिया : अबुआ आवास योजना के लाभार्थियों को दिए गए निर्देश



**सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरिया प्रखंड के अमनारी पंचायत के पंचायत सचिवालय में मुखिया अजय यादव की अध्यक्षता और विनोद राम पंचायत सेवक, कनिय अभियंता देव मंडल,प्रदीप साव रोजगार सेवक की उपस्थिती मे अबुआ आवास के लीये चयनित सभी 34 लाभार्थियों की अवश्य बैठक की गई, जिसमे सरकार के द्वारा दिये गये निर्देश जैसे सरकार के द्वारा दिये गये नक़्शे और तय समय सीमा 90 दिन के अंदर निर्माण करने को लेकर जानकारी दी गई,वही मुखिया अजय यादव ने बतया की सभी चयनित लाभार्थियों को सरकार के द्वारा दिये गये दिशा निर्देश को लेकर जानकारी दी गई,लेकिन बालू की समस्या को लेकर लोगो ने बताया है जल्द ही हम उच्च अधिकारिओ से इसकी जानकारी देंगे अगर बालू नहीं मिलेगा तो लोग कैसे अपना घर पायेंगे,इस बैठक मे सोहन दास, युसूफ अंसारी, मिना देवी, दुलारी देवी, फगुनी देवी, कैली बिरहोर, सुनीता देवी, समेत सभी चयनित लाभार्थी उपस्थित थे।

## हॉस्टल सुविधा का उद्घाटन, नए शैक्षणिक सत्र का नामांकन शुरू



**जमुआ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत नमन इंटरनेशनल स्कूल रेम्बा में छात्रावास सुविधा का उद्घाटन विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यालय में अध्यननरत बच्चों के अभिभावक अनिल पंडा, देवनंदन वर्मा, अजय विश्वकर्मा ,रामदेव वर्मा, विकास वर्मा,निदेशक दिनदयाल प्रसाद एवं प्रभारी प्रधानाध्यापक अशोक वर्मा द्वारा संयुक्त रूप से पूजन एवं फीता काट कर उद्घाटन किया गया। अभिभावक अनिल पंडा ने कहा की विधालय में अध्ययनरत बच्चों की प्रतिभा से काफी प्रभावित हैं शिक्षा के साथ साथ शैक्षणिक भ्रमण वाकई बच्चों के शैक्षणिक विकास को बढ़ाती है । देवनाथ वर्मा ने कहा की इस ग्रामीण इलाके में नमन इंटरनेशनल स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन योगदान दे रही है यह विधालय ग्रामीण इलाके के बच्चों लिए वरदान है ।

## गायत्री महायज्ञ सह गायत्री ज्ञान मन्दिर का मनाया गया 20वां स्थापना दिवस



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद जिला के बाघमारा प्रखंड अंतर्गत हाथुडीह में गायत्री परिवार के तत्वधान में परगेश्वर महादेव मंदिर, हाथुडीह वाशरी कॉलोनी में आयोजित राष्ट्र जागरण 24 कुंडीय एक दिवसीय गायत्री महायज्ञ सह गायत्री ज्ञान मंदिर का 20 वाँ स्थापना दिवस समारोह में संगीत मय पावन पुराण प्रज्ञा कथा अनुष्ठान में बाघमारा विधायक ढुलू महतो के धर्मपत्नी सावित्री देवी एवं धनबाद जिला परिषद चेयरमैन शारदा सिंह शामिल होकर विधि विधान से पूजा अर्चना कर परिवार समेत समस्त क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि की कामना की यज्ञ समारोह में मनोहर महतो ने वेदमंत्र के साथ पूजा और हवन श्रद्धालुओ को कराया ,प्रो दीपनारायण शर्मा ने कहा आज दुनिया में स्वार्थ का रोग महामारी की तरह फैला हुआ है। स्वार्थ के लिए किसी भी कार्य से किसी प्रकार का परहेज नहीं है।

### असर्फी कैंसर संस्थान में रेडिएशन थेरेपी से कैंसर पर करारा चोट, ब्रेन ट्यूमर का किया गया इलाज

# कैंसर से डरे नहीं कैंसर को जानें : डॉ. विप्लव मिश्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** कैंसर से डरे नहीं कैंसर को जानें। शुरुआती स्टेज में कैंसर का पता चलने पर इसका इलाज संभव है। इसके लिए जरूरी है की हम सभी अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। यह कहना है धनबाद के असर्फी कैंसर संस्थान के रेडिएशन ऑन्कोलोजिस्ट डॉ. विप्लव मिश्रा का। उन्होंने बताया कि इस संस्थान में अति आधुनिक रेडियोथेरेपी मशीन है, जिससे रेडिएशन देकर एक मरीज के ब्रेन ट्यूमर का इलाज किया गया। मरीज को ब्रेन ट्यूमर होने पर सर्जरी किया गया था। सर्जरी के बाद कुछ कैंसरग्रस्त कोशिकाएं बच गई थी, जिसे इन्टेन्सिटी मॉड्यूलेटेड रेडिएशन थेरेपी देकर खत्म कर दिया गया। उन्होंने बताया कि



रेडिएशन थेरेपी से कैंसर का इलाज करने में क्रांतिकारी बदलाव आया है। यह तकनीक बड़े से बड़ा और जटिल से जटिल ट्यूमर के इलाज में कारगर साबित हुआ है।

ज्ञात हो की धनबाद में असर्फी कैंसर संस्थान के खुलने से आसपास के मरीजों को इलाज कराने में काफी सहूलियत हो रही है। संस्थान मे सभी प्रकार के कैंसर का इलाज होता है।

कैंसर के इलाज के लिए रेडियोथेरेपी, कीमोथेरेपी की सुविधाएं समेत सभी प्रकार के कैंसर के सर्जरी की सुविधाएं एवं आयुष्मान भारत योजना के तहत भी कैंसर मरीजों के इलाज की सुविधा उप्लब्ध है। संस्थान में डॉ. विप्लव मिश्रा के अलावा डॉ. रमेश कुमार, डॉ. शिवाजी बसु, डॉ. मोनिका गुप्ता समेत निपुण स्वास्थ्यकर्मियों की टीम उपलब्ध है।

## शोभायात्रा के साथ मां मथुरासिनी का दो दिवसीय पुजा प्रारंभ



**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड क्षेत्र के तुलाडीह भरकट्टा में माहुरी समाज के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी माहुरी वैश्य मंडल भरकट्टा, माहुरी युवा मंच भरकट्टा, पुजा समिति भरकट्टा एवं माहुरी वैश्य महिला एवं बालिका समिति भरकट्टा के द्वारा हर्षोउल्लास के साथ समाज की कुल देवी मां मथुरासिनी का दो दिवसीय पूजनोत्सव शोभायात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। इस दौरान जय मां मथुरासिनी,जय श्री राम के नारों से पुरा भरकट्टा क्षेत्र भक्तिमय हो गया पुजा सच्चिदानंद पाण्डेय के द्वारा संपन्न कराया गया जिसमें मुख्य पुजारी नितिश सेठ एवं उनकी धर्म पत्नी सुषमा सेठ थी। पुजा संपन्न होने के साथ ही महाप्रसाद वितरण एवं भंडारा का आयोजन किया गया साथ ही संध्या आरती एवं रात्रि में भक्ति जागरण एवं झांकी का आयोजन किया जाएगा।

# गिरिडीह के इंडिया गठबंधन प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो ने शहीदों को पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दिया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टुंडी :** गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो आज मंगलवार को ईस्ट बसुरियां शहीद स्थल पर बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के तत्वावधान में आयोजित होने वाले श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित होकर थामी मंडल, जगदीश मंडल, कादिर मियां के शहादत दिवस मनाया। प्राप्त समाचार के अनुसार गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो अपने सभी कार्यकर्ताओं के साथ शहीद बेदी पर पहुंचे और पुष्प अर्पित कर




शहीदों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि दिया और कहा कि ईस्ट बसुरियां के मजदूरों की शहीद कभी बेकार नहीं जायेगा एवं आने वाले दिनों में मजदूरों के हित में सरकार द्वारा कई जनकल्याणकारी योजनाएं धरातल पर उतारने का काम किया जायेगा। एवं ऐसे लोगों का सपना साकार करना ही सच्ची श्रद्धांजलि होंगा।

मौके पर झामुमो के जिला सचिव पवन महतो, के अलावा हरिप्रसाद पप्पू, टेकलाल महतो, दुलाल बाउरी, शकील अहमद, पवन कुमार महतो, मदन महतो, बसंत महतो समेत कई झामुमो नेता उपस्थित थे।

## सरिया : वाहन जांच के दौरान दो मोटरसाइकिल से 6 लाख जब्त



**सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरिया पुलिस ने लोकसभा चुनाव को लेकर सरिया के शिव मंदिर के समीप वाहन जाँच के क्रम मे दो मोटरसाइकिल के डिक्की से लगभग 6 लाख पचास हजार जब्त किया है, प्राप्त जानकारी के अनुसार 4.45 हजार रूपया सरिया के मुर्गी दाना कारोबारी झरी मंडल के मोटरसाइकिल से जब्त किया गया वही 2 लाख रूपया सीमेंट कारोबारी अजय मोदी का बताया जा रहा है दोनों ने इस रूपये को बैंक मे जमा कराने जाने की बात कही है, सरिया पुलिस ने सबो से अचार संहिता का पालन करने का निवेदन किया है।

# महिला सुरक्षा" के तहत महिला डिब्बे में यात्रा करने वाले 180 पुरुष यात्री लिए गए हिरासत में

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** पूर्व मध्य रेल द्वारा बिना पर्याप्त कारण अवैध रूप से चेन पुलिंग करके रेल गाड़ियों को जहां-तहां रोकने वालों के खिलाफ नियमित कार्रवाई की जाती रही है । इसी क्रम पूर्व मध्य रेल के सुरक्षा बलों द्वारा ऑपरेषन ''समय पालन'' के तहत् ऐसे लोगों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है ताकि ट्रेनें अनावष्यक रूप से विलंब ना हो । ऑपरेशन ''समय पालन'' के तहत पिछले एक सप्ताह में दिनांक 26.03.2024 से दिनांक 01.04.2024 तक रेलवे सुरक्षा बल की टीम द्वारा पूर्व मध्य रेल के विभिन्न रेलखंडों में बिना उचित कारण के चेन पुलिंग करने के आरोप में 105 लोगों को हिरासत में लिया गया। इन लोगों के विरूद्ध रेल अधिनियम की धारा 141 के तहत कार्रवाई की गई । ऑपरेषन ''समय पालन'' के तहत् इन 07 दिनों में सर्वाधिक 53 लोग दानापुर मंडल में पकड़े गये जबकि समस्तीपुर मंडल में 16, सोनपुर मंडल में 14, धनबाद मंडल में 13 तथा पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 09 लोगों को हिरासत में लिया गया। इसी तरह महिलाओं की सुरक्षा के मद्देनजर ऑपरेषन ''महिला सुरक्षा'' के तहत महिला कोच में यात्रा करने वाले पुरुष यात्रियों के खिलाफ भी धर-पकड़ अभियान चलाया गया ।

ऑपरेषन ''महिला सुरक्षा'' मे तहत पिछले एक सप्ताह में रेलवे सुरक्षा बल की टीम द्वारा पूर्व मध्य रेल के विभिन्न रेलखंडों पर महिला कोच में यात्रा करने के आरोप में रेल अधिनियम की धारा 162 के तहत 180 पुरुष यात्रियों को हिरासत में लिया गया । इनमें सर्वाधिक 110 लोग दानापुर मंडल में जबकि पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल एवं समस्तीपुर मंडल में 25-25 एवं सोनपुर मंडल में 20 पुरुष यात्रियों को हिरासत में लिया गया ।

# भिखोडीह में हत्या के मामले में नामजद नौ में से पांच अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमुआ :** प्रखंड अंतर्गत बीते 25 मार्च को जमुआ थाना अन्तर्गत ग्राम भिखोडीह में जमीन विवाद को लेकर हुए गंभीर रूप से हुए मारपीट में शामिल अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में जमुआ पुलिस ने सफलता हासिल किया है। पुलिस ने उक्त मामले में नौ में से पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं शेष के गिरफ़्तारी के लिए अभियान जारी है। उक्त जानकारी जमुआ पुलिस द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दिया गया।**क्या है पूरा मामला :** बताते चलें कि उक्त मारपीट मामले में आवेदक गुड्डु राय, पिता प्रकाश राय, ग्राम-भिखोडीह, थाना-जमुआ, जिला-गिरिडीह के लिखित आवेदन के आधार पर जमुआ थाना कांड सं0-75/2024, दिनांक-26.03.2024 को धारा-341 /342 / 323/324/325/307/379 भादवि विरूद्ध प्राथमिकी के नौ नामजद अभियुक्त बनाया गया है। कांड अनुसंधान के क्रम में अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु छापामारी की जा रही थी। इसी बीच कांड में गंभीर रूप से जख्मी प्रकाश राय रिम्स रांची में ईलाजरत थे, जिनकी मृत्यु 29 मार्च को ईलाज के दौरान हो गई। तत्पश्चात् त्वरित कार्रवाई हेतू पुलिस अधीक्षक, गिरिडीह के आदेशानुसार अनमंडल पुलिस पदाधिकारी, खोरीमहुआ के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल द्वारा नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु काफी तत्परता पूर्वक तकनीकी सहयोग से अभियुक्तों के ठिकानों पर लगातार छापामारी की गई। मंगलवार नामजद पांच अभियुक्त को गिरफ्तार किया है जिसमें किशन राय 55 वर्षीय, शिवम कुमार राय 20 वर्षीय,सूरज कुमार राय 22 वर्षीय ,आनंद राय एवं बबलू राय तो गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया वहीं शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार छपेमारी की जा रही है।

## ईद-उल-फितर व रामनवमी को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का होगा आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** ईद-उल-फितर एवं रामनवमी को लेकर, बुधवार, दिनांक 3 अप्रैल 2024, को पूर्वाह्न 11:00 बजे से न्यू टाउन हॉल में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन किया जाएगा।

इसमें विधि व्यवस्था संधारण के लिए स्थानीय स्तर पर आए सुझाव एवं जिला स्तर पर प्राप्त सुझावों पर विचार किया जाएगा।

## संजय सिंह को मिली जमानत, लोकतंत्र की हुई जीत : आप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** सुप्रीम कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को मंगलवार को जमानत दे दी।

आम आदमी पार्टी झारखंड के प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा ने इसे लोकतंत्र की जीत बताया। उन्होंने कहा कि सत्य की जीत तय है।

देर सबेर आम आदमी पार्टी के सभी नेता रिहा होंगे। आज तक चारों नेता के घर से एक रुपैया बरामद नहीं हुआ। कहा कि आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचार के खिलाफ आन्दोलन से उपजी हुई पार्टी है। लेकिन देश में अभी तानाशाही चलाने वाली सरकार चल रही है। केन्द्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है।

इतिहास में पहली बार विपक्ष के मुख्यमंत्रियों को जेल में डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि जांच एजेंसी के माध्यम से विपक्ष को जेल में डालकर चुनाव जीतने का उनका सपना सपना ही रह जाएगा। देश की जनता संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए सड़क पर उतर चुकी है। इसकी झलक दिल्ली के रामलीला मैदान में लोकतंत्र बचाओ महारैली में दिख चुका है।

## ऑटिज्म डे के अवसर पर निकाली गई जागरुकता रैली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** नारायणी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित जगजीवन नगर स्थित PKS रिहैबिलिटेशन सेंटर मे मंगलवार को वर्ल्ड ऑटिज़्म डे के अवसर पर एक जागरूकता रैली निकाली गई, जिसका शुभारंभ हरी झंडी दिखा कर किया गया।

रैली पहला कदम स्कूल से शुरु होकर जगजीवन नगर होते हुए स्कूल पहुंचे। इस दौरान ऑटिज़्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर से पीड़ित लोगों के बारे में लोगो के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए, कई फन गेम करवाएं गए। जिसमें बच्चों ने रंग-बिरंगे कलर से अपने हाथों की हथेली से दीवाल पर कलर लगाया और उसे देखकर उनके चेहरे पर जो हंसी आई वह देखते बन रही थी। सचिव अनिता अग्रवाल ने बताता की यह एक विकास विकार है।

विकार को सामाजिक संपर्क और संचार के साथ कठिनाइयो की विशेषता है। जिसमें प्रतिबंधित और दोहरा व्यवहार भी शामिल है।इनके लक्षण धीरे धीरे विकसित होते है। ऑटिज़्म के विकार को धीरे धीरे दूर किया जा सकता है। इसके लिए माता पिता के साथ साथ आसपास के लोगो को जागरूक होना आवश्यक है। जागरूकता रैली का एक और उद्देश्य यह भी था कि 18 वर्ष के उम्र के दिव्यांगजन यह संदेश दिया कि लोकसभा चुनाव हेतु की भारत का भाग्य विधाता हुं, अब तो मैं भी मतदाता हुं। हमको सभी को समझाना है कि सबको वोट देना हो जिससे दिव्यांग भी मतदान में अपनी शत प्रतिशत भागीदारी तय करे। संदेश के पोस्टर हाथ मे ले सभी दिव्यांगजन का इस अभियान का उद्देश्य सामाजिक उत्तरदायित्व निभा जागरूक करना था।


## जिला विधिक सेवा प्राधिकार, राँची

**द्वारा आयोजित**

**राष्ट्रीय लोक अदालत**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली के निर्देश पर झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के संरक्षण में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची द्वारा दिनांक **11 मई, 2024 (शनिवार) पूर्वाह्न 07 : 30 बजे** से कार्य की समाप्ति तक व्यवहार नयायालय, रांची के परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा, जिसमें निम्नलिखित वाद निष्पादन हेतु सूचीबद्ध किये जायेंगे।

| | |
|---|---|
| उत्पाद अधिनियम के वाद | वन अधिनियम के वाद |
| चेक बाउण्स से संबंधित वाद | श्रम वाद एवं न्यूनतम मजदूरी के वाद |
| विघुत अधिनियम के वाद | बैंक ऋण से संबंधित वाद |
| भरण–पोषण के वाद | भू–अधिग्रहण से संबंधित वाद |
| मोटरयान दुर्घटना मुआवजा से संबंधित वाद | छोटे आपराधिक वाद (माप–तौल, पुलिस अधिनियम एवं रेलवे न्यायालय से संबंधित वाद) |
| पारिवारिक वाद | सभी प्रकार के दीवानी मामले |
| राजस्व संबंधित मामले | सभी प्रकार के शमनीय आपराधिक मामले |

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अधिक से अधिक संख्या में अपने मामलों को उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में सूचीबद्ध कराकर सस्ता एवं सुलभ न्याय प्राप्त करें और इस आयोजन को सफल बनावें।

**नोट :– उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत के "राष्ट्रीय लोक अदालत पूर्व कॉन्सिलिएशन बैठक "दिनांक– 10 वीं मार्च 2024 से 10 वीं मई 2024 तक आयोजित की जायेगी। इस संबंध में किसी भी प्रकार की विस्तृत जानकारी हेतु आप किसी भी कार्य दिवस के दिन 07.30 बजे पूर्वाह्न से कार्यावधि तक राँची, व्यवहार न्यायालय परिसर में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में उपस्थित होकर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार राँची अथवा उनके दूरभाष सं0–0651–2223351 अथवा मोबाईल नम्बर – 9852361365, 9334941801 से सम्पर्क कर सकते हैं।**

दिवाकर पांडे
न्यायायुक्त–सह–अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, राँची।

राहुल कुमार सिन्हा
उपायुक्त–सह–उपाध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, राँची।

चन्दन कुमार सिन्हा
वरीय पुलिस अधीक्षक–सह–सदस्य
जिला विधिक सेवा प्राधिकार राँची।

PR 323503 Law (24-25)_D

# खुट गढ़ा के समीप पेड़ से लटका मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** बुटी ग्राम पंचायत सीमावर्ती क्षेत्र के खुट गढ़ा में खेत के समीप पेड़ से युवक का मिला शव गांव में छाया मातम सूचना मिलते ही घटना स्थल पहुंच पुलिस शव को कब्जे में लेकर जांच में जुटी गई। सेन्हा थाना क्षेत्र के बुटी पंचायत स्थित खुट गढ़ा के समीप पेड़ से शव लटका देख ग्रामीणों के बीच सनसनी फैल गई। वही मृतक की पहचान छोटका बुटी टोली निवासी करमा उराँव का 25 वर्षीय पुत्र प्रवीण उराँव के रूप में किया गया है। मृतक के पिता व परिजनों ने बताया कि प्रवीण मंगलवार सुबह नाश्ता करने के बाद घर से कटहल तोड़ने की बात बोल कर निकला था। साथ ही बताया कि रात में मानशिक स्थिति बिगड़ने के कारण काफी रात तक शोर गुल कर रहा था। बताते हुए करमा उराँव ने कहा कि प्रवीण का 4 वर्ष पूर्व से मानशिक स्थिति ठीक नही रहता था। जिसका इलाज चल रहा था। ठीक होने के बावजूद प्रदेश से कमा कर लौटा था। जिसे अचानक बीते रात से पुनः तबियत खराब हो गया। मंगलवार सुबह खेत में जा कर चाइना बिजली तार से फंदा लगा कर आत्महत्या कर लिया। घटना की सूचना पर ए एस आई अलबिना लकड़ा दलबल के साथ घटना स्थल पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेज घटना का जायजा लेने में पुलिस जुट गई। इस संदर्भ में ए एस आई अलबिना लकड़ा ने बताया कि ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रथम दृष्टया फांसी से लगाने से मौत हुई है। फिलहाल पुलिस द्वारा सभी बिंदु पर जांच किया जा रहा है।

# हवन पूजन एवं सुंदरकांड पाठ के साथ हुआ सत्र आरंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में आज हवन पूजन एवं रामचरितमानस के सुंदर कांड पाठ के साथ सत्र आरंभ किया गया। इस अवसर पर सभी आचार्य बंधु भगिनी एवं भैया बहन काफी उत्साहित थे। शांति एवं आनंदमय में वातावरण में वंदना सभा कक्ष में सभी कार्यक्रम संपादित किए गए। इस अवसर पर हवन पूजन, सतनारायण कथा,सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा पाठ के साथ-साथ सुंदरकांड का स्वर स्वर पाठ किया गया एवं आरती की गई। कार्यक्रम के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। आज के इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्य श्री सुरेश चंद्र पांडे ने भैया बहनों को आशीर्वचन प्रदान करते हुए कहा सनातन संस्कृति से ओतप्रोत शिक्षा को ग्रहण करते हुए हमारे छात्र सदाचारी, परोपकारी, मातृ पितृ भक्त एवं राष्ट्रभक्त बनकर भारत माता की सेवा एवं रक्षा का व्रत ले रहे हैं। हम इनके निरंतर उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। साथ ही साथ आज के इस पावन अवसर पर विद्यालय के कार्यकारिणी समिति के सचिव श्री अजय प्रसाद एवं भारी संख्या में अभिभावक बंधु भगिनी, आचार्य बंधु भगिनी एवं भैया बहन उपस्थित रहे।

# अवैध बालू परिवहन के विरुद्ध संयुक्त कारवाई, दो ट्रैक्टर जब्त



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अवैध बालू परिवहन मामला में अंचलाधिकारी के नेतृत्व में सेन्हा थाना पुलिस द्वारा दो ट्रैक्टर को जब्त कर अग्रतर कारवाई हेतु खनन विभाग को सूचनार्थ किया गया। सेन्हा थाना क्षेत्र के विभिन्न बालू घाटो से अवैध बालू परिवहन चोरी छुपे जारी है। जिसकी सूचना लगतार अंचलाधिकारी व पुलिस प्रशासन के वरीय पदाधिकारी को प्राप्त हो रही थी। उसी क्रम में सूचना सत्यापन के दौरान अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी एवं प्रशिक्षु आईपीएस सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर के नेतृत्व में सेन्हा थाना पुलिस के द्वारा अवैध बालू परिवहन पर कारवाई किया गया। जिसमे जे एच 08 एच 8882 तथा जे एच 08 एच 3437 नम्बर का दो ट्रैक्टर को जप्त किया गया। एक ट्रैक्टर मेढो पुल के समीप केला बगान के पास पक्की सड़क पर परिवहन करते हुए जब्त किया गया। जबकि दूसरा ट्रैक्टर को सेन्हा बरवाटोली से जब्त कर दोनों ट्रैक्टर को सेन्हा थाना में सुरक्षित रख अग्रतर कारवाई हेतु खनन विभाग को सूचनार्थ किया गया है। वही बताया जाता है कि खनन विभाग का खनिज संपदा चोरी एवं राजस्व क्षति पर अंकुश लगाने की दिशा में राज्य सरकार के आदेशनुसार क्षेत्र में लगतार उन बालू माफिया के विरुद्ध कारवाई किया जा रहा है। उसके बाबजूद बालू माफिया अवैध बालू उत्खन एवं परिवहन कार्य को अंजाम देने में हावी हैं। इस संदर्भ में प्रशिक्षु आईपीएस सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर ने बताया कि उन बालू माफिया के विरुद्ध विभाग के निर्देशानुसार कारवाई जारी रहेगा। और पकड़े जाने पर खनन अधिनियम के तहत नियम संगत कारवाई किया जाएगा।

# नगर परिषद प्रशासक जयपाल सिंह ने वोट प्रतिशत बढ़ाने को लेकर प्रबुद्ध लोगों के साथ की बैठक



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी लोकसभा चुनाव 13 मई को लोहरदगा में होने जा रहा है चुनाव में मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु जागरूकता फैलाने तथा वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए नगर परिषद प्रशासक जयपाल सिंह ने अपने चेंबर में लोहरदगा चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, पेट्रोल पम्प्स डीलर्स,सभी मार्ट के प्रतिनिधि एवं व्यापारीयों के साथ की बैठक। बैठक में वोट बढ़ाने हेतु पेट्रोल पंप संचालक संजय बर्म्मन ने कहा कि पिछली बार लोहरदगा संसदीय क्षेत्र में तकरीबन 67 प्रतिशत वोट हुआ था तथा इस बार 80 प्रतिशत से ज्यादा वोट बढ़ाने हेतु ऑटो,ट्रक, बाइक,पिकअप आदि वाहनों में स्टीकर लगाने, पेट्रोल पंप में फ्लेक्स लगाने, सब्जी दुकानों व अन्य प्रतिष्ठानों में फ्लेक्स,मार्ट में ऑडियो द्वारा वोट करने की अपील चलाने का सुझाव दिया। वहीं चेंबर के अध्यक्ष रितेश कुमार ने कहा कि विद्यालयों के शिक्षकों के द्वारा अपने छात्रों के माध्यम से अभिभावकों को वोट करने हेतु प्रेरित करने, रेलवे स्टेशन में ऑडियो बजाने, बैरिकेड में फ्लेक्स लगाने, प्रभात फेरी करने हेतु सुझाव दिए। बैठक में मोनू पोद्दार, उमेश लकड़ा, निरंजन कुमार, अनूप कुमार, शिवनाथ सोनी, पंकज सिंह, आकाश वर्मा आदि उपस्थित थे। साथ ही नगर प्रशासक द्वारा उपस्थित लोगों के बीच प्रचार सामग्री में स्टीकर तथा जूट का थैला वितरण किया गया।

# जय श्रीराम समिति ने दो पीड़ित मरीज को ब्लड देकर दिया मानवता का परिचय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जय श्रीराम समिति के द्वारा दो पीड़ित मरीज को ब्लड देकर मानवता का परिचय दिया गया। जानकारी स्वरूप नगर क्षेत्र के शास्त्री नगर ढोडा टोली निवासी परमानंद तिवारी की पत्नी ममता देवी दूतिका नर्सिंग होम में इलाजरत डॉक्टर शंभू नाथ चौधरी ने ऑपरेशन की बात कह ब्लड की व्यवस्था करने को कहा साथ ही कैरो प्रखंड निवासी श्रवण महतो की पत्नी फूलमनी देवी सदर अस्पताल में इलाजरत डॉक्टर ने खून की कमी बताई परिवार के लोग काफी परेशान जय श्रीराम समिति से संपर्क किया समिति सदस्य शंभू गुप्ता एवं सुनील गोप ने एक-एक यूनिट ब्लड देकर मानवता का परिचय दिया। नगर महामंत्री सुशील पटनायक ने कहा पीड़ितों की सेवा करना हम सब का फर्ज ही नहीं धर्म भी है वर्षो से जय श्री राम समिति पीड़ित लोगों के दुख को दूर करने का प्रयास करती रही है जो आज भी अपने कर्तव्यों से पीछे नहीं हटते। सर्दी का मौसम हो या गर्मी हो या बरसात हर मौसम में जय श्रीराम समिति के सदस्य खुद को मौसम के अनुकूल ढाल कर पीड़ितों के दुख को दूर करने का हर वक्त प्रयास करती है आगे कहां की पीड़ितों की सेवा के लिए हर कोई को आगे आनी चाहिए। इस कार्य से प्रभावित होकर पीड़ित परिवार के लोग जय श्रीराम समिति के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर जिला संरक्षक अजय सोनी, दिनेश सिंह, सूरज तिवारी, प्रवीण कुमार सिंह समेत आदि लोग मौजूद थे।

# सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में हवन-पूजन के साथ नूतन सत्र प्रारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में आज वैदिक मंत्रोच्चार एवं हवन-पूजन के साथ नवीन शैक्षणिक सत्र प्रारंभ हुआ। मां सरस्वती, ओम, भारत माता, भगवान राम एवं हनुमान जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजन हुआ। तत्पश्चात विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं द्वारा भक्तिपूर्ण वातावरण में सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा का सस्वर पाठ हुआ। सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं ने हवन किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को चंदन का तिलक लगाकर नए सत्र का आगाज किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह ने कहा कि विद्या भारती योजना के अनुसार सरस्वती विद्या मंदिर में हवन पूजन के साथ नवीन सत्र का प्रारंभ होता है। हवन-पूजन से छात्र-छात्राओं में सकारात्मक ऊर्जा का विकास होता है और छात्र-छात्राएं पूरी ऊर्जा के साथ नए कालांश की शुरुआत करते हैं। विद्यालय के प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं को नए सत्र की शुभकामनाएं दीं। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि नये सत्र में हम सब नई ऊर्जा, नए संकल्प, नई शक्ति के साथ कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध हों। पूजन का कार्य विद्यालय के आचार्य रितेश कुमार पाठक ने कराया। पूजन के पश्चात सभी भैया- बहनों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। सत्रारम्भ में रेणु कुमारी, रश्मि साहू, यशोदा कुमारी, ऋद्धि मिश्रा, कविता कुमारी, चेतना प्रिया, अर्चना कुमारी, सनोज कुमार साहू,आरती भगत सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं, पूर्व आचार्या स्नेहा शर्मा एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# प्राकृतिक पूजा सरहुल के सफल आयोजन को लेकर धर्म कूड़िया भवन में बैठक एवम की गई चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय ग्राम कैरो में प्राकृतिक पूजा सरहूल का भव्य आयोजन को लेकर धर्म कुड़िया भवन मे पहान बीरेंद्र उरांव के अध्यक्षता में बैठक किया गया। बैठक में पुरानी सरहुल पूजा समिति को भंग करते हुए सर्व सम्मति से नई कमेटी का गठन किया गया। इस वर्ष के प्रकृतिक पूजा सरहुल समिति के दुसरी बार परमेश्वर भगत को अध्यक्ष चुना गया तो वही उपाध्यक्ष कृष्ण उरांव, सचिव विकास उरांव सहसचिव पवन उरांव, कोषाध्यक्ष कुमार अभिमन्यु उरांव को बनाया गया। पहान बीरेंद्र उरांव ने कहा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरहूल पूजा में भव्य रूप से सोभायात्रा निकाला जाएगा। वही प्राकृतिक पूजा सरहुल पर सभी के सहयोग से पूजा अर्चना कर गांव घर मे सुख शांति की कामना की जाएगी। बैठक में मुख्य संरक्षक पुजार विष्णु उरांव, महतो रामकिशुन उरांव, बजरंग उरांव, बुधुवा उरांव, मुखिया वीरेंद्र महली, बाबूलाल उरांव, एतवा उरांव, सुरेन्द्र उरांव को बनाया गया। वही संरक्षक बासु उरांव, जयराम उरांव, मनोज उरांव, काली उरांव, बब्लू उरांव, सुनिल उरांव, सदस्य सुमन उरांव, विकास उरांव, अजय उरांव, विजय उरांव सहित काफी संख्या में लोग बैठक मे उपस्थित थे।

# पूजन-हवन के साथ शिशु विद्या मंदिर में हुए नए सत्र की शुरुआत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा में पूरे विधि विधान से हवन पूजन व अनुष्ठान के साथ नवीन सत्र का शुभारम्भ किया गया। वही नये सत्र की शुरुवात पर वैदिक मंत्रोचारण के साथ विधि विधान से मानस पाठ एवं हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। तथा पूरे वर्ष भर सम्पूर्ण शैक्षणिक गतिविधि विद्या भारती के लक्ष्य के अनुरूप पूर्ण हो ऐसी कामना ईश्वर से किया गया। पूजन हवन कार्यक्रम में विद्यालय के भैया बहन और आचार्य आचार्या तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के पदाधिकारी उपस्थित थे। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य विमलेश कुमार तिवारी ने कहा भैया बहनों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से पठन पाठन करवाया जाना अतिआवश्यक है। साथ ही कहा कि अपने संस्कृति के वाहक विद्या भारती के माध्यम से चलने वाले विद्यालय में हवन पूजन के साथ सत्रारम्भ करना एक विशेष महत्व है। वही भैया बहनों और आचार्य आचार्या द्वारा उद्देश्य के साथ लक्ष्य प्राप्त करने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर प्रतिभा देवी, सुषमा देवी, मीना देवी, संध्या कुमारी, डॉली कविता, प्रेमशीला उराँव, राजकिशोर उराँव सहित सभी आचार्य आचार्या और भैया बहन उपस्थित थे।

# आपसी भाईचारा को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाता है सरहुल : विलियम कुजूर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** प्रकृति पर्व सरहुल के मौके पर आजसू पार्टी के जिला महासचिव विलियम कुजूर एवं जिला कोषाध्यक्ष संजू सिंह ने मुख्य अतिथि और विशिष्ट तिथि के तौर पर लोहरदगा प्रखंड के कई गांवों में आयोजित सरहुल महोत्सव में शामिल होकर लोगों को बधाई दी और क्षेत्र की खुशहाली के लिए चाला आयो से प्रार्थना की। दोनों नेताओं ने कहा कि सरहुल का यह पवित्र पर्व सभी लोगों को आपस में मिलजुल कर रहने का सीख देता है और आपसी भाईचारा को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाता है। लोग आपसी बैर-भाव भूल कर एक दूसरे के बांह में बांह डाल कर नाचते-गाते और खुशियाँ मनाते हैं तथा सरना फूल कान में खोंसकर एक दूसरे को बधाई देते हैं।

# बीडीओ ने बीएलओ के साथ बैठक कर दिव्यांग मतदाताओं के लिये दिये आवश्यक निर्देश



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 02 अप्रैल मंगलवार को कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी छ्न्दा भट्टाचार्य ने प्रखंड के सभी बीएलओ के साथ बैठक कर चुनाव कार्य से संबंधित दिये आवश्यक निर्देश। बैठक मे बीडीओ ने लोकसभा आम चुनाव 2024 में अनुपस्थित, वरिष्ठ 85 प्लस, दिव्यांग 40 प्रतिश से उपर, कोविड संदिग्ध मतदाता प्रारूप 12 (घ) हस्तगत कराने की प्राप्ति सुचि पर सभी बूथों मे कार्य पुर्ण शीघ्र कार्यालय को जमा करने का सभी बीएलओ को आवश्यक निर्देश बीडीओ के द्वारा बैठक मे दी गई। बैठक मे बीडीओ ने कहा कि वैसे मतदाता जो वोट डालना चाहते हैं,पर शारिरीक रुप से मतदान केंद्र आने मे असमर्थ हैं, उन्हे वाहन एवं व्हील चेयर से मतदान केंद्र तक लाकर उन्हे मतदान कार्य मे सहभागी बनाने को लेकर आप सभी बीएलओ अपने अपने बूथो मे चिन्हित कर मतदाता प्रारूप की सुचि शीघ्र जमा करें। उक्त बैठक मे चुनाव कार्य से संबंधित बीडीओ ने बीएलओ को और भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर बैठक मे दिनेश कुमार, बीएलओ पंचम एतवा पहान, रामप्रसाद पाल, नसीमा खातून, सुचित्रा लकडा, सुनीता देवी, मंसुर आलम, परवेज अख्तर इत्यादि बीएलओ बैठक मे उपस्थित थे।

## गांधी क्लब सिमडेगा में 6 दिवसीय ताइक्वांडो प्रशिक्षण कैंप का किया गया समापन

# 27 से 29 अप्रैल को राष्ट्रीय स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता दिल्ली के इंदिरा गांधी इनडोर स्टेडियम में सिमडेगा से 28 प्रतिभागी लेने वाले हैं भाग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा ताइक्वांडो संघ के द्वारा गांधी क्लब, सिमडेगा में 6 दिवसीय ताइक्वांडो प्रशिक्षण कैंप का आयोजन किया गया एवं एक दिन का बेल्ट परीक्षा आयोजित की गई। कार्यक्रम का समापन मंगलवार को किया गया जंहा सुबह 6ः00 बजे से 10ः00 बजे तक बेल्ट परीक्षा लिया गया। इस समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी अगुस्टीना सोरेंग एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य सह सिमडेगा ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष कृष्णा बड़ाईक उपस्थित थे। 6 दिवसीय इस प्रशिक्षण में 29 बच्चों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षक के रूप में पप्पू कुमार, गोविंद प्रधान, दयाराम मेहर, रितु रानी डुंगडुंग, भरत सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रशिक्षण में व्हाइट टू येलो में 18 बच्चे, येलो टू ग्रीन में 7 बच्चे, ग्रीन टू ब्लू में 2 बच्चे, ब्लू टू रेड में 1 बच्चे, रेड टू रेड वन में 1 बच्चे ने प्रशिक्षण प्राप्त की। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा नुसरत खातून को सिल्वर मेडल बंगाल में आयोजित स्टेट चैंपियनशिप में प्राप्त करने हेतु सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया एवं खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धि हेतु वन स्टॉप सेंटर, सिमडेगा (जिला समाज कल्याण विभाग) द्वारा रुचि कुमारी और पूजा कुमारी को भी सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि समाजसेवी अगुस्टीना सोरेंग ने कहा कि आपलोग जिस तरह से ताइक्वांडो प्रशिक्षण लेकर आगे बढ़ रहे हैं वह बहुत है बड़ी बात है। वर्तमान में आत्मा सुरक्षा के लिए सभी को ताइक्वांडो का प्रशिक्षण निश्चित रूप से लेनी चाहिए। वर्तमान में बहुत लोग यूँही अपने समय बर्बाद कर देतें हैं ऐसे समय में आपलोग पढ़ाई के साथ साथ ताइक्वांडो का प्रशिक्षण लेकर आत्म सुरक्षा के लिए सिख रहें यह भविष्य में आपलोगों का बहुत काम आने वाली है। उन्होंने जोर देते हुवे कहा कि जितने लोग बड़े बड़े खिलाड़ी बनते हैं सभी कोई शुरुवाती समय में छोटे स्तर से ही शुरुआत करतें हैं और कठोर संघर्ष करते हैं तभी जाकर बड़े खिलाड़ी बन पातें हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे शानदार कार्यक्रम जिसमें आत्म सुरक्षा को लेकर ताइक्वांडो संघ द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है ऐसे शानदार पहल को जिला प्रशासन द्वारा भी आर्थिक सहयोग एवं अन्य प्रकार की सहायता करनी चाहिए ताकि सिमडेगा की ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले खिलाड़ियों का उज्ज्वल भविष्य बन सकें। उन्होंने यह भी कहा कि खेल के साथ साथ पढ़ाई भी बहुत जरूरी है क्योंकि पढ़ाई और खेल एक साथ समन्वय बना कर आगे बढ़ेंगे तो जल्द ही आपलोगों का भविष्य उज्ज्वल होगी। विशिष्ट अतिथि एवं ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष कृष्णा बड़ाईक ने कहा कि आपलोग जो सिख रहें हैं इसमें आत्म सुरक्षा के साथ साथ इसमें उज्ज्वल भविष्य भी है। उन्होंने यह भी कहा की आपको प्रशिक्षण देने वालें सभी शिक्षकों की बात अच्छे से समझना है। खेल से शारिरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास भी होता है। उन्होंने यह भी कहा कि हमें अनुशासन के साथ आगे बढ़ना है साथ ही साथ उन्होंने कहा कि जो भी प्रशिक्षण मिल रहा है उससे अच्छे से प्रैक्टिस करना है बिना प्रैक्टिस से सफलता नहीं मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान में आत्म सुरक्षा बहुत जरूरी है इससे आत्म सुरक्षा तो मिलती है साथ ही आत्मा विश्वास भी जगता है. ताइक्वांडो संघ के सचिव सह प्रशिक्षक दयाराम मेहर ने जानकारी दी कि 6 दिवसीय का यह प्रशिक्षण राष्ट्रीय स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता जो 27-29 अप्रैल 2024 को दिल्ली के इंदिरा गांधी इनडोर स्टेडियम में होनी वाली है। उसी को लेकर प्रशिक्षण दिया गया ताकि सिमडेगा जिला के खिलाड़ियों द्वारा अधिक से अधिक मेडल प्राप्त कर जिला एवं राज्य का नाम रौशन कर सकें।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कैरो में हवन पूजन के साथ हुआ सत्र आरंभ



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कैरो में नवीन सत्र 2024-25 का शुभारंभ दिन मंगलवार को प्रातः 9:00 बजे आचार्य कौशल त्रिपाठी द्वारा हनुमान चालीसा, गीता का पाठ, वैदिक मंत्रों के साथ हवन यज्ञ से हुआ। इसका शुभारंभ विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष महोदय शरत कुमार विद्यार्थी,उपाध्यक्ष महोदय डॉ भोला प्रसाद सचिव महोदय संजय साहू एवं प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार ने संयुक्त रूप से सरस्वती,ओम व भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन व पुष्प अर्पित कर किया। मौके पर प्रधानाचार्य ने उपस्थित समस्त अभिभावक, आचार्य, बंधु-भगिनी एवं भैया-बहनों का हार्दिक स्वागत किया और कहा कि विद्या भारती के निर्देशानुसार नए सत्र का आरंभ हवन यज्ञ से किया जाता है। इसी के निमित्त आज हवन यज्ञ बड़ी श्रद्धा व भक्ति के साथ हो रहा है। उन्होंने हवन यज्ञ के महत्व को विस्तार से बताया और कहा कि हवन यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है। देवी-देवता प्रसन्न होते हैं। उन्होंने घोषणा कि की कल दिनांक 3 अप्रैल दिन बुधवार को नए सत्र का आरंभ प्रातः 9:00 बजे से 3:00 बजे तक होगा। इस बीच भैया-बहनों की कक्षाएं संचालित होंगी। ज्ञात हो कि 29 मार्च से 01 अप्रैल 2024 तक विद्या भारती के निर्देशानुसार आचार्य कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें शिक्षा नीति, पाठ्यक्रम-निर्माण, समय-पालन,पाठ योजना-निर्माण आदि विषयों पर घहनता से विचार-विमर्श किया गया। अंत में उपस्थित अभिभावक,आचार्य, बंधु-भगिनी व भैया-बहनों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। हवन यज्ञ में भारी संख्या में अभिभावक, आचार्य, बंधु भगिनी एवं भैया-बहन उपस्थित थे।

# 5 अप्रैल को जारी होगा कांग्रेस का घोषणापत्र



कांग्रेस के अनुसार, उसका घोषणापत्र पार्टी के पांच न्याय 'हिस्सेदारी न्याय, 'किसान न्याय, 'नारी न्याय, 'श्रमिक न्याय और 'युवा न्याय- पर आधारित होगा.

एजेंसी

**नई दिल्ली :** कांग्रेस आगामी शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र जारी करेगी और इसके अगले दिन जयपुर एवं हैदराबाद में जनसभाएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें पार्टी के शीर्ष नेता शामिल होंगे. पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने सोमवार को यह जानकारी दी. जयपुर में आयोजित घोषणापत्र संबंधी रैली को कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा संबोधित करेंगी. हैदराबाद में घोषणापत्र संबंधी जनसभा को राहुल गांधी संबोधित करेंगे. वेणुगोपाल ने 'एक्स पर पोस्ट किया,देश भर के लोगों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद कांग्रेस 5 अप्रैल को एआईसीसी मुख्यालय में अपना दृष्टिपत्र, घोषणापत्र जारी करेगी. इसके बाद, हम छह अप्रैल को जयपुर और हैदराबाद में दो विशाल रैलियां आयोजित करेंगे. उन्होंने कहा,हमारा ध्यान हमेशा देश को एक कल्याणोन्मुख, विकास समर्थक दृष्टिकोण देने पर रहा है और इस चुनाव में भी इसे लोगों के सामने पेश किया जाएगा. कांग्रेस के अनुसार, उसका घोषणापत्र पार्टी के पांच न्याय 'हिस्सेदारी न्याय, 'किसान न्याय, 'नारी न्याय, 'श्रमिक न्याय और 'युवा न्याय- पर आधारित होगा. पार्टी ने 'युवा न्याय के तहत जिन पांच गारंटी की बात की है, उनमें 30 लाख सरकारी नौकरियां देने और युवाओं को एक साल के लिए प्रशिक्षुता कार्यक्रम के तहत एक लाख रुपये देने का वादा शामिल है.

पार्टी ने 'हिस्सेदारी न्याय के तहत जाति जनगणना कराने और आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा खत्म करने की 'गारंटी दी है. उसने 'किसान न्याय के तहत न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी दर्जा, कर्ज माफी आयोग के गठन तथा जीएसटी मुक्त खेती का वादा किया है. कांग्रेस ने 'श्रमिक न्याय के तहत मजदूरों को स्वास्थ्य का अधिकार देने, न्यूनतम मजदूरी 400 रुपये प्रतिदिन सुनिश्चित करने और शहरी रोजगार गारंटी का वादा किया है. उसने 'नारी न्याय के अंतर्गत 'महालक्ष्मी गारंटी के तहत गरीब परिवारों की महिलाओं को एक-एक लाख रुपये प्रति वर्ष देने समेत कई वादे किए हैं.

# देश में अब तक 10 बार बनी बहुमत की सरकार कोई नहीं कर सका 50 प्रतिशत वोट पार

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** लोकसभा चुनाव 2024 कांग्रेस के लिए करो या मरो जैसा है. जबकि बीजेपी इस बार इतिहास रचने के मूड मे है. नरेंद्र मोदी के अगुवाई में बीजेपी सत्ता की हैट्रिक और 400 पार सीटें ही जीतने का टारगेट ही नहीं रखा बल्कि अपने वोट को बढ़ाकर 50 फीसदी से अधिक करने का है. देश में 400 पार सीटें कांग्रेस जीतने में कामयाब रही है, लेकिन 50 फीसदी वोट हासिल नहीं कर सकी. ऐसे में देखना है कि बीजेपी यह यह करिश्मा 2024 में चुनाव में करके दिखा पाएगी? आजादी के बाद अब तक देश में 17 बार लोकसभा चुनाव हो चुके हैं और 2024 में 18वां लोकसभा चुनाव है. 17 लोकसभा चुनाव में 10 बार ही पूर्ण बहुमत के साथ राजनीतिक दलों ने सत्ता हासिल हुई हैं. कांग्रेस सात बार, बीजेपी दो बार, एक बार जनता पार्टी को बहुमत मिला है. इसके अलावा 7 लोकसभा चुनाव में किसी भी दल को पूर्ण बहुमत नहीं मिला. देश में अब तक सबसे ज्यादा सीटें व वोट 1984 में मिले हैं. आजादी के बाद देश में पहली बार 1951-52 में हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस 45 फीसदी वोटों के साथ 364 सीटें जीतने में कामयाब रही. साल 1957 में हुए



लोकसभा चुनाव में कांग्रेस 47.8 फीसदी वोटों के साथ 371 सीट जीती थी. 1962 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस 44.7 फीसदी वोटों के 361 सीट जीती थी. 1971 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस 43.7 फीसदी वोटों के साथ 352 सीटें जीतने में सफल रही थी. साल 1977 के लोकसभा चुनाव में जनता पार्टी ने 41.3 फीसदी वोटों के साथ 295 सीटें जीतने में सफल रही थी. इसके बाद 1980 में हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस 42.7 फीसदी वोटों के साथ 353 सीटें जीती थी. इंदिरा गांधी की हत्या के बाद 1984 में हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने 48.1 फीसदी वोटों के साथ 415 सीटें जीतने में कामयाब रही. कांग्रेस 1984 के बाद जितने चुनाव हुए है, उसे न ही बहुमत मिली है और न ही 40 फीसदी के पार वोट मिले.पीएम मोदी के अगुवाई में बीजेपी का ग्राफ तेजी से बढ़ा है. 2014 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने 31.4 फीसदी वोटों के साथ 282 सीटें जीतने में कामयाब रही. 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने 37.76 फीसदी वोटों के साथ 303 सीट जीतने में सफल रही. बीजेपी का यह अब तक सबसे ज्यादा वोट है और सीटें है.

## 1984 में सबसे ज्यादा वोट मिले

इंदिरा गांधी की हत्या के बाद देश में लोकसभा चुनाव हुए तो कांग्रेस 48.1 फीसदी वोटों के साथ 415 सीटें जीतने में कामयाब रही है, जो अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड है. कांग्रेस भले ही सात बार पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाई हो, लेकिन एक बार भी उसे 50 फीसदी वोट नहीं मिल सका. अब बीजेपी ने 2024 के चुनाव में एक बड़ा टारगेट सेट किया है, जिसमें 400 पार सीटें जीतने के साथ 50 प्रतिशत वोट भी हासिल करने का है.

## क्या बीजेपी रच पाएगी इतिहास?

बीजेपी ने 2024 के चुनाव में अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए हर संभव कोशिश में जुटी है. बीजेपी को 50 प्रतिशत पार वोट हासिल करने के लिए 2019 की तुलना में 12 फीसदी वोट अधिक हासिल करने है. इसके लिए बीजेपी ने तमाम नार्थ से साउथ तक छोटे दलों के साथ हाथ मिलाया है. इसके अलावा बीजेपी 'मोदी की गारंटी' को सियासी हथियार बनी रही है. बीजेपी मोदी की गारंटी को लोकसभा चुनाव में प्रमुखता से लोगों के बीच पहुंचाने की कवायद कर रही ताकि जनता के विश्वास को अधिक से अधिक हासिल कर सके.

## मोदी की गारंटी पर बीजेपी का पूरा फोकस

बीजेपी के चुनावी वादों और भारत के प्रति उसके दृष्टिकोण को 'मोदी की गारंटी' के नारे के तहत ही फोकस कर रही. पीएम मोदी यह कहते रहे हैं कि 'जब सभी से उम्मीद खत्म हो जाती है, तब 'मोदी की गारंटी' शुरू होती है. पीएम मोदी की सलाह पर पार्टी का जोर गरीबों, युवाओं, किसान और महिलाओं पर है. इस तरह बीजेपी सभी वर्ग के वोट को हासिल करने की है, जिसके जरिए जातीय कार्ड को मात देने की स्ट्रैटेजी है. पीएम मोदी यह बात कहते रहे हैं कि उनके लिए देश में गरीब, युवा, किसान और महिलाएं ही चार जातियां हैं. देखना है कि इन सारी कवायद से बीजेपी क्या 50 फीसदी वोटों के लक्ष्य को हासिल कर पाएगी?

# भाजपा का गढ़ रहा है लखनऊ



एजेंसी


**लखनऊः** यूपी की राजधानी लखनऊ को नवाबों का शहर कहा जाता है। गोमती नदी के किनारे पर बसा लखनऊ शहर अपनी तहजीब और नजाकत के लिए मशहूर है। यहां के दशहरी आम पूरे देश भर में फेमस हैं। लखनऊ संसदीय क्षेत्र यूपी की हॉट सीट में शुमार हैं। देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह यहां से वर्तमान में सांसद हैं। इस सीट से पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपाई आठ बार चुनाव लड़ चुके हैं। लखनऊ जिले में 9 विधानसभा सीटें हैं जिनमें से सात पर बीजेपी और दो पर समाजवादी पार्टी (सपा) का कब्जा है। जिले में दो लोकसभा सीटें हैं। लखनऊ और मोहनलाल गंज संसदीय क्षेत्र। दोनों सीटों पर बीजेपी का कब्जा है। साल 2019 में लखनऊ संसदीय क्षेत्र में कुल 2040367 मतदाता थे। इनमें से पुरुष 1096455 और 943815 महिला मतदाता थे। इस इलाके में ठाकुर, ब्राह्मण, यादव और मुस्लिम आबादी ज्यादातर संख्या में है। अन्य जातियों के लोग भी निर्णायक भूमिका में हैं। लखनऊ संसदीय क्षेत्र बीजेपी का गढ़ रहा है। यहां पर सबसे ज्यादा बार बीजेपी चुनाव जीती है। पिछले लोकसभा चुनाव 2019 में बीजेपी ने राजनाथ सिंह को टिकट दिया था। राजनाथ सिंह ने सपा की पूनम शत्रुघ्न सिन्हा को 347302 वोटों से हराया था। राजनाथ को करीब 55 प्रतिशत वोट मिले थे। तीसरे नंबर पर कांग्रेस के आचार्य प्रमोद कृष्णम थे। जिन्हें 180011 वोट मिले थे। 2014 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी के राजनाथ सिंह चुनाव जीतने में सफल हुए थे। उन्हें कुल 561106 वोट मिले थे। दूसरे नंबर पर कांग्रेस की रीता बहुगुणा जोशी थीं। वह इस समय बीजेपी में हैं। रीता को राजनाथ सिंह ने 272749 मतों से पराजित किया था। राजनाथ सिंह को करीब 53 प्रतिशत वोट मिले थे।

### सुनीता केजरीवाल से मिले आप के 55 विधायक, बोले

# इस्तीफा न दें सीएम केजरीवाल जेल से चलाएं सरकार

एजेंसी

**नई दिल्ली :** आम आदमी पार्टी के विधयाकों ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल से मुलाकात की है. सूत्रों के मुताबिक विधायकों ने सुनीता केजरीवाल से कहा कि दिल्ली की 2 करोड़ जनता केजरीवाल जी के साथ खड़ी है. किसी भी कीमत पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अपने पद से इस्तीफा नहीं देना चाहिए. वो जेल से ही दिल्ली की सरकार चलाएं. जानकारी के अनुसार कल पार्टी के 55 विधायकों ने सुनीता केजरीवाल से मुलाकात की थी. जबकि 4 विधायक दिल्ली से बाहर हैं.आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता आतिशी ने प्रेस कांफ्रेंस करते हुए बीजेपी पर काफी गंभीर आरोप लगाए हैं. आतिशी ने कहा मेरे करीबियों के



द्वारा बीजेपी की तरफ से मुझे अप्रोच किया गया और कहा गया बीजेपी ज्वाइन कर लो वरना आनेवाले 1 महीने के अंदर प्रवर्तन निदेशालय मेरे घर पर रेड करेगी और मुझे गिरफ्तार कर लिया जाएगा. बीजेपी का इरादा है कि आनेवाले 2 महीने के अंदर मुझे, सौरभ भारद्वाज, राघव चड्ढा और दुर्गेश पाठक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा. भारतीय जनता पार्टी की नेता बांसुरी स्वराज ने सोमवार को आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए सवाल किया कि क्या दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल अब आधिकारिक तौर पर उनका पद संभाल रही हैं. प्रदेश भाजपा सचिव और नयी दिल्ली लोकसभा सीट से पार्टी उम्मीदवार स्वराज ने विपक्षी 'इंडिया गठबंधन पर भी निशाना साधते हुए कहा कि रविवार को रामलीला मैदान में आयोजित गठबंधन की रैली भ्रष्टाचार के मुद्दों पर लोगों को गुमराह करने का फ्लॉप शो रहा. आप की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने स्वराज के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि केजरीवाल को रैली में मिले भारी जनसमर्थन से भाजपा पूरी तरह से हिल गई है.

संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए स्वराज ने आप से यह स्पष्ट करने को कहा कि क्या सुनीता केजरीवाल अब आधिकारिक तौर पर मुख्यमंत्री हैं क्योंकि वह मीडिया संदेश देने के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री की कुर्सी का उपयोग कर रही हैं.

# बिहार में एनडीए उम्मीदवारों का समर्थन करेगी पशुपति पारस के नेतृत्व वाली आरएलजैपी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (रालोजपा) आगामी लोकसभा चुनाव में बिहार की सभी 40 सीट पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवारों का समर्थन करेगी. पारस ने मंगलवार को यहां भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा से मुलाकात की. मुलाकात के बाद नड्डा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट के जरिए उपरोक्त जानकारी साझा की. हालांकि न तो नड्डा और न ही रालोजपा की ओर से यह स्पष्ट किया गया कि टिकट बंटवारे में नजरअंदाज किए जाने के पारस के आरोपों का मुद्दा किस प्रकार हल किया गया. बिहार में टिकट बंटवारे में भाजपा की ओर से चिराग पासवान के नेतृत्व वाले धड़े लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) को तरजीह देने और उन्हें हाजीपुर सहित पांच सीट दिए जाने के बाद पारस ने केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था. उन्होंने भाजपा नेतृत्व पर अपनी पार्टी के साथ नाइंसाफी का भी आरोप लगाया था.मुलाकात की तस्वीरें साझा



करते हुए नड्डा ने एक्स पर कहा, राजग में हमारे सहयोगी एवं रालोजपा के प्रमुख पशुपति पारस से नई दिल्ली में आवास पर मुलाकात की. राजग सदस्य के नाते पशुपति पारस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार अच्छे कार्य किए.उन्होंने कहा,आने वाले चुनाव में भी हमारा गठबंधन मजबूती से बना रहेगा. उनकी पार्टी बिहार में राजग के सभी 40 उम्मीदवारों का पूर्ण समर्थन करेगी, साथ ही उनकी जीत सुनिश्चित करने में हरसंभव सहयोग देगी.पारस ने भी इसकी पुष्टि करते हुए दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार राजग की सरकार बनने जा रही है. उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में उनपर और उनकी पार्टी पर पुनः विश्वास व्यक्त करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और नड्डा का आभार जताया.

# दो दलों के समीकरण का खेल बिगाड़ सकती हैं बसपा और गोंगपा




एजेंसी

**अनूपपुरः** अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित शहडोल संसदीय क्षेत्र में दस प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जिसमें आठ एक ही जिले अनूपपुर से हैं। भाजपा- कांग्रेस का समीकरण बिगाड़ने के लिए बसपा और गोंगपा ने प्रत्याशी उतारे हैं। इनके अलावा पीपुल्स पार्टी आफ इंडिया, विकास गंगा राष्ट्रीय पार्टी, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, कम्युनिष्ट पार्टी आफ इंडिया के प्रत्याशी भी मैदान में हैं। दो निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। परंतु मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच ही है। वहीं माना जा रहा हैं बसपा-गोंगपा सबसे अधिक कांग्रेस को नुकसान हो सकता हैं। समूचे संसदीय क्षेत्र में चुनावी बिगुल बज चुका हैं कांग्रेस- भाजपा मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए घर-घर सम्पर्क कर रहें हैं। भाजपा का चुनाव प्रचार जोर पकड़ रहा है, जबकि कांग्रेस नेता स्टार प्रचारक की प्रतीक्षा कर रहे हैं। भाजपा किसी भी हाल में शहडोल सीट हाथ से नहीं जाने देना चाहेगी। वहीं कांग्रेस वापसी करने की कोशिश में है। एक ही क्षेत्र से आठ प्रत्याशी होने से चुनाव रोचक हो गया है। खासकर भाजपा-कांग्रेस को अपने वोट बैंक को सुरक्षित करने की चुनौती होगी। आठ उम्मीदवार पार्टी सिंबल से हैं, जिसमें बसपा व गोंगपा भी है जो दोनों के वोट बैंक पर सेंध लगाती रही है। हालांकि मोदी मैजिक के सामने भाजपा पर इनका प्रभाव कम हुआ है, लेकिन कांग्रेस पर अभी भी खतरा है। शहडोल लोकसभा सीट में मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच ही है। भाजपा ने यहां से मौजूदा सांसद हिमाद्री सिंह को दूसरी बार मौका देते हुए चुनावी मैदान में उतारा तो कांग्रेस ने पुष्पराजगढ़ विधानसभा से तीसरी बार के विधायक फुंदेलाल सिंह को दिल्ली भेजने की तैयारी की है। बसपा ने अनूपपुर जिले के मेडियारास निवासी धनीराम कोल को टिकट दिया है तो गोंगपा ने अनूपपुर जिले के बेनीबारी निवासी अनिल सिंह धुर्वे को उम्मीदवार बनाया है। सबसे ज्यादा उम्मीदवार अनूपपुर जिले के हैं, जबकि एक-एक प्रत्याशी शहडोल और उमरिया जिले के हैं। शहडोल लोकसभा का चुनाव पहले चरण में होगा। इस कारण उम्मीदवारों के पास चुनाव प्रचार के लिए समय कम ही बचा है।

**नहीं दिख रही चुनाव प्रचार में तेजी:** शहडोल लोकसभा की आठ विधानसभा सीटो में अभी तक कहीं भी बहुत अधिकशोरगुल, बैनर, पोस्टर का प्रचार नहीं दिख रहा है। भाजपा के स्टार प्रचारकों का दौरा होने लगा है। उमरिया में मुख्यमंत्री का दौरा हो चुका है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत कई अन्य दिग्गजों का यहां आना जारी है । जबकि कांग्रेस अभी तय नहीं कर पाई कि किसकी सभा कराई जायें। अन्य दलों के उम्मीदवार भी अपने नेताओं के साथ मतदाताओं के पास जा रहे हैं।

# बदायूं में मंच पर छलक पड़े संघमित्रा मौर्य के आंसू, रोती हुई आई नजर



एजेंसी

**लखनऊ :** यूपी की बदायूं लोकसभा सीट से बीजेपी ने इस बार दुर्विजय शाक्य को अपना उम्मीदवार बनाया है. बीजेपी ने इस सीट से मौजूदा सांसद संघमित्रा मौर्य का टिकट काट दिया है. इस बीच 2 अप्रैल को सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करने पहुंचे. लेकिन सीएम योगी के मंच पर आने से पहले संघमित्रा मौर्य का एक वीडियो चर्चा का विषय बन गया. इस वीडियो में मंच पर बैठीं संघमित्रा मौर्य रोती हुई नजर आ रही थी.दरअसल, बदायूं में सीएम योगी आदित्यनाथ के आगमन से पहले मंच पर संघमित्रा मौर्य बेहद भावुक नजर आई. उनके बगल में मंच पर माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाबो देवी बैठी दिख रही हैं. संघमित्रा हाथों से अपने आंसू पोंछते दिखाई दे रही हैं. उनके आसपास और भी कई नेता मौजूद हैं. माइक से अनाउंसमेंट भी हो रहा है. हालांकि, इस बारे में पूछने पर संघमित्रा मौर्य ने कहा कि मंत्री गुलाबो देवी उन्हें राजा दशरथ की कहानी सुना रही थी, वो कहानी काफी भावुक कर देने वाली थी. इसलिए महिला होने के नाते मेरी आंखों में आंसू आ गए. संघमित्रा मौर्य ने टिकट कटने से नाराजगी की बात को सिरे से खारिज कर दिया. उन्होंने कहा कि मैं पूरी ताकत से दुर्विजय शाक्य का चुनाव प्रचार कर रही हूं. कहीं कोई खटपट नहीं है. संघमित्रा मौर्य ने यह भी कहा कि वह कोई कमजोर महिला नहीं है, बल्कि बहादुर महिला है. आधी आबादी को रिप्रेजेंट करने वाली महिला है. मंत्री जी ने मार्मिक वृतांत सुना दिया था इसलिए आंखें नम हो गई थीं.बता दें कि संघमित्रा यूपी के कद्दावर नेता स्वामी प्रसाद मौर्य की बेटी हैं. बीजेपी छोड़ने के बाद स्वामी प्रसाद पार्टी पर काफी हमलावर रहे हैं. उन्होंने हिन्दू धर्म और ब्राह्मणों को लेकर कई टिप्पणियां की हैं जिनसे काफी विवाद हुआ. इन सबके बीच अटकलें लगाई जा रही थीं कि इस बार संघमित्रा का बदायूं से टिकट कट सकता है. आखिर में हुआ भी यही. बीजेपी ने बदायूं से संघमित्रा का टिकट काटकर दुर्विजय शाक्य को मैदान में उतार दिया है.मंच पर भाषण देने से पहले वह रोती हुई नजर आई. हालांकि, बाद में उन्होंने दुर्विजय शाक्य के समर्थन में भाषण दिया और उन्हें जिताने की अपील की. माना जा रहा है कि संघमित्रा टिकट कटने से आहत हैं।

# मुस्लिम बहुल सीटों पर लगातार कैंडिडेट बदल रही सपा

एजेंसी

**लखनऊ :** समाजवादी पार्टी ने मुरादाबाद लोकसभा सीट से नामांकन के बाद सांसद एसटी हसन का टिकट काट दिया. मुस्लिम बाहुल्य मुरादाबाद लोकसभा सीट से रुचि वीरा को उम्मीदवार बना दिया है. अब पार्टी ने मेरठ सीट से गुर्जर कार्ड चल दिया है. सपा ने भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ रहे रामानंद सागर के टीवी सीरियल रामायण के राम अरुण गोविल के सामने अतुल प्रधान को उतार दिया है. मेरठ में मुस्लिम समाज की आबादी प्रभावशाली है. पहले मुरादाबाद और अब मेरठ, सवाल उठ रहे हैं कि मुस्लिम समाज की बहुलता वाली सीटों पर अखिलेश यादव मुस्लिम उम्मीदवार उतारने में क्यों हिचक रहे हैं? सपा की इस हिचक के पीछे सबसे बड़ी वजह मायावती की अगुवाई वाली बहुजन समाज पार्टी की आक्रामक मुस्लिम पॉलिटिक्स को बताया जा रहा है. मायावती की पार्टी यूपी में हुए निकाय चुनाव के समय से ही दलित के साथ मुस्लिम का



समीकरण सेट कर वोटों का नया गणित गढ़ने की रणनीति पर काम कर रही है. इसकी छाप लोकसभा चुनाव के लिए बसपा उम्मीदवारों की लिस्ट पर भी नजर आई. बसपा की पहली लिस्ट में 16 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान हुआ था और इसमें सात मुस्लिम उम्मीदवार थे. बसपा ने मुरादाबाद सीट से इरफान सैफी को मैदान में उतारा है. इसे इस तरह से भी समझ सकते हैं कि सैफी अगर कुछ मुस्लिम वोट बसपा के पाले में ला पाते हैं तो उस नुकसान की भरपाई के लिए सपा को अपने कोर वोटर्स से हटकर एक बफर वोट बैंक की जरूरत होगी. मुरादाबाद में रुचि वीरा की उम्मीदवारी उसी बफर वोट की तलाश से जुड़ी बताई जा रही है.सपा के लिए एक चिंता वोटों का ध्रुवीकरण भी है. बीजेपी ने मेरठ सीट से टीवी के राम अरुण गोविल को टिकट दे दिया.

मेरठ ऐसी सीट है जहां करीब 23 फीसदी मुस्लिम वोटर हैं. इस सीट से 2019 में बीजेपी के राजेंद्र अग्रवाल के सामने सपा-बसपा गठबंधन ने हाजी मोहम्मद याकूब को उम्मीदवार बनाया था. बीजेपी के राजेंद्र पांच हजार से भी कम वोट के अंतर से जीत सके थे.